लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 329, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौष्टिक गुणों से भरपूर अमरूद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 26.0° अधिकतम तापमान, 14.0° न्यूनतम तापमान — आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी। सूर्योदय 05 : 44, सूर्यास्त 18 : 02

मुरादाबाद, रविवार, 18 फरवरी 2024

घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश.....15

गुलजार और रामभद्राचार्य को मिलेगा ज्ञानपीठ पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- चयन समिति ने किया 58वें पुरस्कार की घोषणा

रामभद्राचार्य

गुलजार

प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। ज्ञानपीठ चयन समिति ने शनिवार को यह घोषणा की। गुलजार हिंदी सिनेमा में अपने कार्य के लिए पहचाने जाते हैं और वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में शुमार हैं। उन्हें उर्दू में कार्य के लिए 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। 2023 के लिए दो भाषाओं के प्रतिष्ठित लेखकों को देने का निर्णय लिया गया है

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 : कल 14 हजार परियोजनाएं उतरेंगी जमीन पर

34 लाख रोजगार की नींव होगी पक्की

10 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे दुनियाभर के तीन हजार प्रतिभागी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी लखनऊ देश-दुनिया के दिग्गज निवेशकों, नामी-गिरामी हस्तियों का स्वागत करने को पलक-पांवड़े बिछा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देशी-विदेशी आगंतुकों की मेहमाननवाजी का एक और भव्य उदाहरण इतिहास में दर्ज होने को है। 19-21 फरवरी के बीच इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) के विविध आयोजन होने हैं। इसमें दुनिया भर के तीन हजार से अधिक प्रतिभागी 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे। अकेले बरेली से 99 निवेशकों को न्योता दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगुवाई में तमाम वीआईपी यहां मौजूद होंगे। इनमें जाने-माने उद्योगपति, देशी-विदेशी 500 कंपनियों के प्रतिनिधि, विदेशी निवेशक भागीदार ही नहीं राजदूत, उच्चायुक्त और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल रहेंगे। इस आयोजन से 34 लाख रोजगार के अवसरों के लिए नींव मजबूत की जाएगी। साथ ही 14,000 से अधिक परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इनमें अयोध्या समेत पूर्वांचल, पश्चिमांचल और बुंदेलखंड की तमाम परियोजनाएं होंगी। दरअसल, पिछले साल 10 से 12 फरवरी के बीच यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का भव्य आयोजन हुआ था। इसके मात्र एक साल के अंदर राज्य सरकार 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारने जा रही है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री।

- प्रधानमंत्री के साथ शामिल होंगे जाने-माने उद्योगपति, 500 कंपनियां, बरेली से 99 निवेशक

मुख्यमंत्री योगी ने परखीं कार्यक्रम की तैयारियां

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जीबीसी-4 को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिर गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से आयोजन को लेकर हो रही तैयारियों के बाबत जानकारी ली और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य विशिष्ट मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण भी किया।

उप्र. इंटरनेशनल फिल्म सिटी की पहली झलक दिखेगी

लखनऊ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के आयोजन में प्रदेशवासी पहली बार जेवर में बनने जा रही उप्र. की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी की झलक देख सकेंगे। भविष्य में फिल्ममेकर्स को एक ही छत के नीचे फिल्म निर्माण का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाना है। यहां एकसाथ 30 से अधिक फिल्मों की शूटिंग संभव हो सकेगी। फिल्म सिटी की बिड प्राप्त करने वाली बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और भूटानी ग्रुप ही इस स्टॉल पर फिल्म सिटी की रेप्लिका को डिजाइन कर रही है। पहली झलक में अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर से लेकर केदारनाथ और लंदन से लेकर कनाडा की प्राइम लोकेशंस तक के सेट को प्रदर्शित किया जाएगा।

एक नजर

गर्भवती से गैंगरेप के बाद आग के हवाले किया

मुरैना (मप्र)। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में 34 वर्षीय एक गर्भवती महिला से तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया और फिर उसे आग लगा दी। पीड़िता अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 80 फीसदी झुलसी पीड़िता का ग्वालियर में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार को अंबाह कस्बे से करीब तीन किलोमीटर दूर चांद का पुरा गांव में हुई। पीड़िता एक महिला के साथ समझौता करने के लिए गांव गई थी।

गोलीबारी में बीएसएफ का जवान घायल

इंफाल। मणिपुर के काकचिंग जिले में शनिवार को हुई गोलीबारी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि घायल हेड कांस्टेबल सोम दत्त (45) हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि सुगनू गांव में गोली लगने से दत्त घायल हो गए और उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कबाड़ माफिया रवि काना की पत्नी को जेल भेजा

नोएडा। सामूहिक दुष्कर्म और गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे कुख्यात कबाड़ माफिया रवि नागर ऊर्फ रवि काना की पत्नी मधु नागर को शनिवार को गौतम बुद्ध नगर की अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मधु नागर को शुक्रवार को दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उसे जनपद गौतम बुद्ध नगर न्यायालय में पेश किया वहां से अदालत ने उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

बीएसएफ ने बरामद की 440 ग्राम हेरोइन

जालंधर। बीएसएफ ने पंजाब के अमृतसर जिले के गांव भरोपल से 440 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में एक संदिग्ध पैकेट की मौजूदगी के संबंध में एक विशेष सूचना पर, बीएसएफ के जवानों ने तुरंत एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान, सुबह लगभग 08 :50 बजे, बीएसएफ के सतर्क जवानों ने संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया, जिसका कुल वजन 440 ग्राम था।

पुलिस भर्ती में 25 जिलों से सेंधमारी 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

गुरुवार से शनिवार तक कार्रवाई में मुखबिर और बायोमैट्रिक फिंगर प्रिंट से मिली मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा, पुलिस भर्ती को बेदाग संपन्न कराने में एसटीएफ और पुलिस महकमा कई दिनों से सक्रिय है। वहीं दूसरी और सॉल्वर गैंग और फर्जी प्रश्न-पत्र बेचने वाले जालसाज भी अपने स्तर से सेंधमारी में लगे हैं। शनिवार और रविवार को होने वाली इस परीक्षा में 15 से 17 फरवरी को शाम साढ़े चार बजे तक 24 जिलों में कुल 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार किए गए हैं। तकरीबन डेढ़ सौ से अधिक एडमिट कार्ड भी बरामद होने की खबर है।

एसटीएफ और जिला पुलिस की तीन दिन की इस कार्रवाई में एक तरफ जहां मुखबिरों ने मदद की, वहीं दूसरी ओर शनिवार को परीक्षा केंद्र के भीतर जाने के दौरान फेस रिकग्निशन और बायोमैट्रिक फ्रिंगर प्रिंट ने सॉल्वरों को बेनकाब किया। गोरखपुर में प्रथम पाली की परीक्षा में इस्लामिया कालेज ऑफ कामर्स बख्शीपुर केंद्र पर दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे अंजनी कुमार को पकड़ा गया। नेवादा बिहार का रहने वाला यह सॉल्वर रेलवे में स्टेशन मास्टर है। वह चिलुआताल निवासी दुर्गेश यादव की जगह पर परीक्षा दे रहा था।

प्रयागराज में शनिवार को सॉल्वर गिरोह के पांच सदस्यों समेत नौ पकड़े गए, जबकि कैंट से छह को गिरफ्तार किया गया। कौशांबी जिले में तीन पकड़े गए हैं। उनके पास से नौ लाख रुपये, लैपटाप, आईकार्ड और फर्जी प्रवेश पत्र बरामद किया गया है। कानपुर में चार लोगों अजय अतिरेक कटियार, वीरपाल सिंह, अनिल कुमार कटियार और नीरज कुमार को पकड़ा गया। लखनऊ के इंदिरानगर से कुलदीप वर्मा को धरा गया है। सिद्धार्थनगर से भी 9 सॉल्वर पकड़े गए हैं। मुरादाबाद के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज से बिहार के सीतामढ़ी निवासी अवनीश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वह ठाकुरद्वारा के अभिषेक कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया था। उसका साथी भी डिलारी के इगरा निवासी मनीष कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया था। इस आधार पर दिल्ली रोड स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल से मनीष को गिरफ्तार किया गया। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी की जा रही है। पुलिस ने अविनाश, अभिषेक और मनीष को गिरफ्तार किया है।

बिजनौर के नूरपुर रोड स्थित रूट्स इंटरनेशन कॉलेज परीक्षा केंद्र में शनिवार सुबह प्रथम पाली में परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया सॉल्वर अभिनव उर्फ आलोक को पकड़ा गया। आरोपी बिहार का रहने वाला है। वह शिवाला कलां क्षेत्र के रहने वाले आशीष के स्थान पर परीक्षा देने आया था।

गाजियाबाद में परीक्षा में ब्लूटूथ का प्रयोग कर नकल कराने वाले गिरोह के चार लोगों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया।

- मुरादाबाद में एक सॉल्वर समेत दो अभ्यर्थी गिरफ्तार, बिजनौर से भी पकड़ा गया एक सॉल्वर

10 लाख रुपये में लिया परीक्षा पास कराने का ठेका, बरेली से चार गिरफ्तार

10 लाख रुपये में पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने का ठेका लेने वाले साल्वर गिरोह के सरगना समेत चार लोगों को एसटीएफ ने बरेली के भमोरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आगरा में पुलिस ने 11 सॉल्वर पकड़े। इनमें दो पुलिसकर्मी हैं। हाथरस में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पेपर लीक कर परीक्षार्थियों को पढ़वाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। तीनों के पास से पुलिस भर्ती के 46 और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के 36 प्रवेश पत्र बरामद किए गए।

कार सवार नाबालिगों ने दवा कारोबारी को कुचला, गई जान

कानपुर। नवाबगंज थानाक्षेत्र में शनिवार सुबह बिठूर मार्ग पर दोस्त के साथ स्टंट कर रहे नाबालिग कार सवार ने साइकिलिंग कर रहे दवा कारोबारी को कुचल दिया जिससे कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गई। बेकाबू कार गंगा बैराज मार्ग के किनारे बनी दीवार से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। भाग रहे नाबालिग और उसके दोस्त को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सिविल लाइंस में ग्रीन पार्क के पीछे गुजरात अपार्टमेंट में रहने वाले निकेश तलाटी (63) का बिरहाना रोड दवा मार्केट में तलाटी ब्रदर्स के नाम से दवाओं का होलसेल कारोबार है। छोटे भाई आशीष तलाटी ने बताया कि निकेश रोज की तरह शनिवार सुबह सात बजे दो दोस्तों अमरदीप और रवि शास्त्री के साथ स्पोर्ट्स साइकिल से साइकिलिंग करते हुए गंगा बैराज मार्ग होते हुए बिठूर स्थित साईं मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उन्हें रौंद दिया।

कमलनाथ के भाजपा में जाने की अटकलें

नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी

- बोले-अगर ऐसी कोई बात होगी तो पहले मीडिया को बताएंगे
- उनके पुत्र सांसद नकुलनाथ ने एक्स पर परिचय से हटाया कांग्रेस

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को शनिवार को उस वक्त बल मिला जब उन्होंने कहा कि अगर ऐसी कोई बात होगी, तो वह इसकी जानकारी पहले मीडिया को देंगे। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश से संबंधित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कमलनाथ के भाजपा के साथ जाने की अटकलों को खारिज कर दिया और कहा कि उनका पार्टी एवं गांधी-नेहरू परिवार से कई दशक पुराना रिश्ता है। कमलनाथ के भाजपा के साथ जाने की अटकलों के बीच उनके पुत्र एवं सांसद नकुलनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने परिचय से कांग्रेस हटा दिया। 'एक्स' पर नकुलनाथ के परिचय में अब सिर्फ इतना लिखा है कि वह छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश) के सांसद हैं। राजनीति कयासों के बीच कमलनाथ शनिवार को दिल्ली पहुंचे।

दिल्ली पहुंचने के बाद कमलनाथ ने भाजपा में शामिल होने की अटकलों से जुड़े सवालों पर संवाददाताओं से कहा कि आप लोग बहुत उत्साहित हो रहे हैं। यह मैं नहीं कह रहा हूं, आप लोग कह रहे हैं।

दिग्विजय ने अटकलों को बताया मीडिया की उपज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इन अटकलों को खारिज किया और इन बातों को मीडिया की उपज करार दिया। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर दिग्विजय सिंह ने जबलपुर में संवाददाताओं से कहा कि एक व्यक्ति जिसने अपनी राजनीतिक यात्रा कांग्रेस से शुरू की और जब इंदिरा गांधी को जनता पार्टी द्वारा जेल भेजा गया तो वह नेहरू-गांधी परिवार के साथ खड़े थे, क्या आपको लगता है कि ऐसा व्यक्ति कभी कांग्रेस और गांधी परिवार को छोड़ेगा?

इनसैट-3डीएस कक्षा में स्थापित

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक महत्वपूर्ण मिशन के तहत श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से मौसम उपग्रह इनसैट- 3डीएस का शनिवार को प्रक्षेपण किया। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो ने बताया कि 27.5 घंटे की उलटी गिनती के बाद, 420 टन वजनी और 51.7 मीटर लंबे जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी)-एफ14 रॉकेट ने इनसैट-3डीएस को लेकर शाम 5:35 बजे दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरी। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह अपनी वांछित कक्षा में स्थापित हो गया।

इनसेट-3डीएस भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किए जाने वाले तीसरी पीढ़ी के मौसम उपग्रह का मिशन है। इसे मौसम का अवलोकन करने, भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए भूमि और महासागर सतहों की निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस उपग्रह से वर्तमान में संचालित इनसैट-3डी और इनसैट-3डीआर उपग्रहों के साथ मौसम संबंधी सेवाओं में वृद्धि होगी। इसरो के मुताबिक, जीएसएलवी रॉकेट से यह 16वां मिशन है। इससे पहले 15 मिशनों को अंजाम दिया जा चुका है, जिनमें से सिर्फ चार मिशन ही असफल हुए हैं।

- मौसम और प्राकृतिक आपदा की चेतावनी देने में सक्षम

19 मिनट की उड़ान के बाद कक्षा में पहुंचा

27.5 घंटे की उलटी गिनती के बाद प्रक्षेपण

51.7 मी. लंबे जीएसएलवी का 16वां मिशन

'दंगल' की बाल कलाकार सुहानी भटनागर का निधन

फरीदाबाद/नई दिल्ली। अभिनेता आमिर खान अभिनीत प्रख्यात हिंदी फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर का 19 साल की उम्र में निधन हो गया। सुहानी के एक संबंधी ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए शनिवार को बताया कि उन्होंने शुक्रवार शाम को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली। परिवार के करीबियों ने उनकी मौत को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी।

विकास केंद्रित होगा भाजपा का चुनाव अभियान

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रचार अभियान विकास, गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों और दुनियाभर में बढ़े देश के कद के इर्दगिर्द केंद्रित करने का आह्वान किया और कहा कि 370 सीट पर कमल खिलाकर पार्टी इस जीत को अपने विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समर्पित करेगी। यहां भारत मंडपम में राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पहले हुई भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष इस चुनाव में अनावश्यक और भावनात्मक मुद्दों को उठाएगा, लेकिन पार्टी को अपने मुद्दों पर ही अडिग रहना है और तैयारियों में जी-जान से जुट जाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता को अगले 100 दिनों तक मतदान केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और 2019 की तुलना में प्रत्येक मतदान केंद्र पर पार्टी के लिए कम से कम 370 अधिक वोट सुनिश्चित करने चाहिए।

बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में 370 सीट जीतनी हैं। मोदी ने कहा कि पार्टी के लिए 370 एक आंकड़ा नहीं बल्कि एक भावना है।

- राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पूर्व पदाधिकारियों को किया संबोधित
- प्रधानमंत्री बोले-370 सीट पर जीत श्यामा प्रसाद को समर्पित करेंगे

राजग के उम्मीदवारों का चुनाव चिह्न कमल होगा

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बैठक में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों को लेकर कहा कि सभी 543 सीट पर भाजपा का चुनाव चिह्न 'कमल' का फूल होगा। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री ने आगामी चुनाव में हर बूथ पर पिछले चुनाव के मुकाबले 370 अधिक वोट हासिल करने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं के लिए निर्धारित किया है।

देवर ने भाभी का गला रेतकर उतारा मौत के घाट, खुद पहुंच गया थाने

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला की उसके देवर ने शनिवार सुबह चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। महिला की तीन महीने पहले दूसरी शादी हुई थी। उसने अपने पहले पति को छोड़कर उसके दोस्त से शादी की थी। हत्यारोपी देवर का कहना है कि भाभी ने काफी बेइज्जती करा दी थी, इसलिए उसे मौत के घाट उतार दिया।

थाना कटघर क्षेत्र में करुला गली नंबर-7 शफीनगर में रहने वाली फरहीन (28) की शनिवार सुबह लगभग छह बजे उसके देवर गुलफाम ने गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के समय महिला और उसके दो छोटे बच्चे घर पर थे।

जबकि पति काम पर गया था। इसी बीच देवर गुलफाम घर में घुसा और फरहीन के गले और पेट पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करने के बाद गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद गुलफाम मौके से भाग गया और चाकू लेकर कटघर थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

- आरोपी बोला बेइज्जती का लिया बदला कटघर थाना क्षेत्र में हुई वारदात
- महिला ने पहले पति को छोड़कर उसके दोस्त से किया था विवाह

> हत्यारोपी गुलफाम मृतका फहरीन का सगा देवर था। एक दिन पहले फरहीन का अपनी सास से विवाद हुआ था। इसी गुस्से में गुलफाम ने चाकू से भाभी फरहीन पर वार किए। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। गुलफाम को गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।
>
> -अखिलेश भदौरिया, एसपी सिटी

किसान बोले एमएसपी पर अध्यादेश लाए केंद्र सरकार

चंडीगढ़, एजेंसी

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने केन्द्र सरकार से शनिवार को मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के लिए अध्यादेश लाए। किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू तथा खनौरी में डटे हुए हैं और एमएसपी की कानूनी गारंटी दिया जाना उनकी मुख्य मांग है। किसान नेता पंधेर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब किसान नेता और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच कल रविवार को चौथे दौर की वार्ता होनी है। पंधेर ने कहा कि केन्द्र के पास राजनीतिक निर्णय लेने का अधिकार है। उन्होंने सीमा पर संवाददाताओं से कहा कि अगर केन्द्र सरकार चाहे तो वह रातोंरात अध्यादेश ला सकती है। अगर सरकार किसानों के आंदोलन का कोई समाधान चाहती है तो उसे यह अध्यादेश लाना चाहिए कि वह एमएसपी पर कानून लागू करेगी, तब बातचीत आगे बढ़ सकती है। दूसरी ओर अपनी मांगों को लेकर किसानों ने पंजाब के कई जिलों में धरना-प्रदर्शन किया और टोल नहीं दिया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के सदस्यों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आवास पर धरना दिया। हरियाणा में किसानों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए जींद सहित कई जिलों में ट्रैक्टर मार्च निकाला और केंद्र सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई।

पंधेर ने कहा कि जहां तक स्वामीनाथन आयोग की अनुशंसा के अनुरूप सी2 प्लस 50 प्रतिशत की मांग है सरकार ए2 प्लस एफएल फॉर्मूले के अनुसार कीमत दे रही है और उसी फॉर्मूले के तहत अध्यादेश लाया जा सकता है। कृषि ऋण माफी के मुद्दे पर पंधेर ने कहा कि सरकार कह रही है कि ऋण राशि का आकलन करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में बैंकों से आंकड़े एकत्र कर सकती है। यह इच्छाशक्ति की बात है। पंधेर ने कहा कि वे (केन्द्र) कह रहे हैं कि इस पर राज्यों से चर्चा करनी होगी। आप राज्यों को छोड़िए। आप केवल केन्द्र और राष्ट्रीकृत बैंकों की बात करिए और इस पर निर्णय कीजिए कि किसानों के कर्ज कैसे माफ करने हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने भी कहा कि सरकार को देश के लोगों को कुछ देने के लिए एक अध्यादेश लाना चाहिए।

पंजाब-हरियाणा शंभू सीमा पर दिल्ली कूच के लिए डटे किसान।

- दिल्ली कूच को शंभू सीमा पर डटे हरियाणा में निकाला ट्रैक्टर मार्च
- पंजाब में भाजपा नेताओं के घर पर धरना, टोल वसूली का किया विरोध

दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से निपटी पुलिस भर्ती परीक्षा

पहली पाली में 139 और दूसरी पाली में 109 परीक्षार्थियों ने किया परीक्षा से किनारा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले में शनिवार को 11 केंद्रों पर हुई पुलिस भर्ती परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से निपट गई। पहली पाली में 139 और दूसरी पाली में 109 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। जिलाधिकारी और एसपी समेत तमाम अधिकारी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से निपटने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

शनिवार को पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे तक हुई। इसमें 139 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। दूसरी पाली में 109 ने परीक्षा छोड़ दी। अधिकारी पूरे दिन जानकारी लेते रहे। शाम को परीक्षा हो जाने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। जिले में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। 250 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई। रविवार को भी परीक्षा होनी है। आसपास के जिलों से युवक-युवतियां परीक्षा देने आए।

चेकिंग के लिए लाइन में लगीं छात्राएं। ● अमृत विचार

जिस तरह के पेपर की उम्मीद थी, वैसा पेपर आया। अब रिजल्ट का इंतजार है। इसके बाद ही आगे की तैयारी की जाएगी। **- अभिषेक**

परीक्षा को लेकर कई वर्ष से तैयारी कर रहा था। सिलेबस के अनुसार परीक्षा की तैयारी की जा रही थी। पेपर काफी अच्छा हुआ है। **- दामिनी**

फार्म आने के बाद से ही तैयारी शुरू कर दी थी। रात-दिन एक करके जी तोड़ मेहनत की थी। पेपर काफी अच्छा हो गया है। **- नैना**

छह सेक्टर और 11 स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहे तैनात

पुलिस भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण तरह से निपटाने के लिए छह सेक्टर और 11 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। परीक्षा के दौरान स्कूलों में छापेमारी की गई। पल-पल की जानकारी से उच्चाधिकारियों को अवगत कराते रहे। सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की गई।

पुलिस भर्ती की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से निपट गई है। अब रविवार को होने वाली परीक्षा में भी कड़ी सुरक्षा रखी जाएगी। **-मुन्ने अली**, जिला विद्यालय निरीक्षक

कई साल से तैयारी चल रही थी। सिलेबस के हिसाब से कई-कई घंटे पढ़ाई की। पेपर काफी अच्छा हो गया है। पढ़े हुए सवाल आए। **- विकास कश्यप**

प्रवेश से पहले हुई सघन चेकिंग

परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की चेकिंग की गई। ताकि कोई भी परीक्षा केंद्र में मोबाइल या चिप वाली चीज न ले जा सके। एसडीएम सदर मोनिका सिंह भी निरीक्षण करती रहीं। इसके अलावा आसपास के साइबर कैफों को बंद रखा गया।

निरीक्षण करते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

स्कूल के गेट पर चेकिंग करतीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

- लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की निरीक्षण भवन में बैठक अपराह्न 3 :30 बजे।
- भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12 :30 बजे।

एक नजर

परीक्षा केंद्र पर रहे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

टांडा, अमृत विचार : यूपी पुलिस भर्ती की दोनों पालियों की परीक्षा शनिवार को सकुशल संपन्न हो गई। क्षेत्र के महाराजा पृथ्वी राज चौहान डिग्री कॉलेज में आयोजित परीक्षा केंद्र पर किसी गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। शनिवार की सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक पहली पाली की परीक्षा हुई। दूसरी पाली की परीक्षा तीन से पांच बजे तक हुई। गहन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश दिया गया। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ रही। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता प्रबंध रहा। मजिस्ट्रेट ने केंद्र का दौरा किया।

तीतर वाली पाखड़ की दो घंटे गुल रही बिजली

रामपुर, अमृत विचार : मोहल्ला तीतर वाली पाखड़ की दो घंटे बिजली गुल रही। इस पर उपभोक्ताओं ने विद्युत निगम के अधिकारियों से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि 33केवीए की लाइन में खराबी आ गई है। दोपहर तीन बजे के बाद आपूर्ति सुचारू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

जीआईसी पर परीक्षा के दौरान तैनात एसडीएम व सीओ। ● अमृत विचार

कड़ी सुरक्षा के बीच हुई आरक्षी भर्ती परीक्षा

शाहबाद, अमृत विचार : आरक्षी भर्ती परीक्षा शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। राजकीय इंटर कॉलेज में बने परीक्षा केंद्र में दो पालियों में परीक्षा हुई। बायोमेट्रिक से पहचान के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। रविवार को होने वाली परीक्षा की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। एसडीएम सुनील कुमार प्रथम, क्षेत्राधिकारी अतुल पांडेय और इंस्पेक्टर ओमकार सिंह पुलिस फोर्स के साथ केंद्र पर तैनात रहे। एसडीएम ने बताया कि दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई। दोनों पाली में 432-432 परीक्षार्थी थे। पहली पाली में 415 और दूसरी में 409 परीक्षार्थी शामिल हुए। 40 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। 500 मीटर दूर पार्किंग बनाई गई।

पूरी तरह बंद रहीं परीक्षा केंद्रों के आसपास की दुकान

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती के प्रथम दिन तीन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांति पूर्ण सम्पन्न हुई। पुलिस परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए सुबह से ही जुट गई। रूट डायवर्जन के चलते मार्ग पर सन्नाटा छाने के साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास की दुकान पूरी तरह बंद रहीं।

प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर होने वाली सीधी भर्ती के लिए 17-18 फरवरी को परीक्षा कराई जा रही है। इसके लिए तहसील क्षेत्र के तीन कालेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसमें 1616 युवा परीक्षा देंगे। नगर के राजकीय कन्या इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर गांव रुस्तमनगर छपर्रा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शनिवार को परीक्षा के प्रथम दिन युवाओं एवं युवतियों ने सुबह 10 से 12 और अपराह्न तीन से शाम पांच बजे तक परीक्षा दी। श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में सुबह की पाली में आठ एवं दूसरी पाली में 10, स्वार इंटर कॉलेज में सुबह की पाली में छह एवं दूसरी पाली में 12 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। परीक्षा के दौरान जनसेवा केंद्र, साइबर कैफे, फोटो स्टेट और मोबाइल की दुकान बंद रहीं। युवाओं के साथ आये परिजनों की भारी भीड़ रही। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम अवनीश कुमार, सीओ अरुण कुमार व कोतवाल संदीप त्यागी ने तीनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। तीनों जगह भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रथम दिन परीक्षा शांति ढंग से निपटने पर पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली।

केंद्र से परीक्षा देकर निकलते परिक्षार्थी। ● अमृत विचार

▸▸ आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा शांति पूर्ण संपन्न

पुलिस भर्ती परीक्षा देने पहुंची नई नवेली दुल्हन

स्वार, अमृत विचार : नई नवेली दुल्हन भी आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती की परीक्षा देने पहुंची। दुल्हन का पुलिस भर्ती परीक्षा देना चर्चा का विषय बना रहा। मुरादाबाद निवासी युवती की 14 फरवरी को शादी हुई थी। शनिवार को राजकीय इंटर कालेज में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती में मुरादाबाद निवासी नई नवेली दुल्हन अपने पति के साथ परीक्षा शुरू होने से कुछ मिनट पहले ही पहुंची। मौके पर मौजूद सीओ अरुण कुमार ने जरूरी कार्रवाई के बाद महीला को परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र में भेज दिया। परीक्षा देने पहुंची नई नवेली दुल्हन दिनभर चर्चा का विषय बनी रही।

शत्रु संपत्ति का सर्वे करने आई लखनऊ की टीम वापस लौटी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पूर्व मंत्री आजम खां के ड्रीम प्रोजेक्ट मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी में 13 एकड़ शत्रु संपत्ति का निरीक्षण कर लखनऊ से आई टीम शनिवार को वापस लौट गई। इससे पहले भी कई बार लखनऊ और दिल्ली से टीमें जौहर यूनिवर्सिटी पहुंचकर शत्रु संपत्ति का मुआयना कर चुकी हैं।

शत्रु संपत्ति की जांच करने के लिए शुक्रवार को लखनऊ से टीम आई थी। टीम ने शत्रु संपत्ति का सर्वे किया। सपा नेता आजम खां की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। आए दिन कभी सजा तो कभी ईडी या फिर शत्रु की जानकारी हासिल करने के लिए टीम लगातार आती रहती हैं। इसी के चलते शुक्रवार को भी शत्रु संपत्ति की जांच के लिए शत्रु संपत्ति अभिरक्षा कार्यालय लखनऊ के अधिकारियों की टीम रामपुर पहुंची। इसमें शत्रु संपत्ति अभिरक्षा कार्यालय लखनऊ की टीम में डिप्टी सेक्रेटरी राजेंद्र कुमार, मुख्य पर्यवेक्षक ब्रिगेडियर यशपाल सिंह, पर्यवेक्षक प्रशांत सैनी शामिल रहे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य, एसडीएम सदर मोनिका सिंह व पुलिस अधिकारियों को साथ लेकर जौहर यूनिवर्सिटी पहुंचे। उन्होंने यूनिवर्सिटी में स्थित शत्रु संपत्ति की जांच की। इसके बाद टीम कोठी खासबाग भी पहुंची। पर्यवेक्षक प्रशांत सैनी ने बताया कि रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी।

शुक्रवार को लखनऊ से एक टीम जौहर विवि पहुंची थी। टीम ने शत्रु संपत्ति का जायजा लिया। इसके बाद शनिवार को टीम लखनऊ चली गई। **-लालता प्रसाद शाक्य,** एडीएम प्रशासन

अभियान के तीसरे दिन चार दर्जन बंदर पकड़े

बिलासपुर, अमृत विचार: केमरी नगर पंचायत प्रशासन ने कस्बे में बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। अभियान के तीसरे दिन शनिवार को कार्यालय परिसर व प्राइमरी स्कूल में टीम ने पिंजरा लगाया।

इसके बाद उत्पात मचा रहे चार दर्जन बंदरों को पकड़कर पंचायत प्रशासन के सचल वाहन से सुरक्षित स्वार के पीपली वन में छुड़वाया गया। कार्यालय के वरिष्ठ लेखाकार विनीत सक्सेना ने बताया कि कस्बे में बंदरों के आंतक से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। गुरुवार को मथुरा से फुरकान अल्वी ठेकेदार की टीम को बुलाया गया। इसके बाद पंचायत टीम उनके साथ उत्पाती बंदरों को पकड़ रही है। उन्होंने बताया कि बंदरों को पकड़ने का अभियान लगातार जारी रहेगा। ताकि लोगों को इनके आतंक से निजात मिल सके।

जिले में 13 केंद्रों पर सोमवार से होगी सीबीएसई परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ 6300 छात्र-छात्राओं ने कराया है पंजीकरण

▸▸ कैमरों की आंख व आब्जर्वर के सघन निरीक्षण के बीच होंगी परीक्षाएं

अमृत विचार : सीबीएसई की परीक्षाओं की तैयारियां पूरी हो गई हैं। परीक्षाएं जनपद के 13 केंद्रों पर 19 फरवरी सोमवार से प्रारंभ होंगी। 10वीं कक्षा में लगभग 3500 जबकि 12वीं में 2800 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

सीबीएसई के सिटी कोआर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा कराने के प्रबंध कर लिए गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र सीसीटीवी कैमरों से लैस हैं। यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पुलिस ने पर्याप्त प्रबंध किए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्रों को स्वच्छता व पेयजल को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गये हैं।

उन्होंने बताया कि फ्लाइंग स्कवॉयड का गठन किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त सीबीएसई के आब्जर्वर भी केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। पेपर के बंडल बैंक लॉकर से टीम की निगरानी में लाए जाएंगे। इसके बाद कैमरों के समक्ष आब्जर्वर व केंद्र अधीक्षक आदि के सामने पेपरों का वितरण होगा। पेपरों के बंडल वितरण का सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय में कैमरों के माध्यम से निरीक्षण किया जाएगा। परीक्षा कक्ष में भी पेपर का सीलबंद लिफाफा को खोलने से पूर्व साक्ष्य के तौर पर दो परीक्षार्थियों के हस्ताक्षर भी कराए जाते हैं।

मेले में 137 अभ्यर्थियों को मिली नौकरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : चमरौआ ब्लॉक के सभागार में शनिवार को लगे रोजगार मेले में 137 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। नौकरी पाकर बेरोजगारों के चेहरे खिल गए। मुख्य अतिथि जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन डा. मोहम्मद आसिफ एवं जिला रोजगार सहायता अधिकारी अभिषेक पंत ने 137 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया। इस दौरान उन्हें प्रशस्ति पत्र भी बांटे गए।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत द्वितीय चरण में रोजगार मेले के आयोजन विकास खंड चमरौआ के प्रशिक्षण केंद्र में हुआ। मेले का आरंभ नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किला रामपुर, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन डा. मोहम्मद आसिफ एवं जिला रोजगार सहायता अधिकारी अभिषेक पंत ने किया। नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन एवं जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने चयनित प्रशिक्षार्थियों को नियुक्त-पत्र वितरित किए। मेले में लगभग 248 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

रोजगार मेले में प्रशस्ति पत्र के साथ मौजूद युवक-युवतियां। ● अमृत विचार

▸▸ चमरौआ ब्लाक के सभागार में हुआ रोजगार मेले का आयोजन

रैली से किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के सात दिवसीय वार्षिक शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने जागरुकता रैली निकाली। स्वयंसेवक व सेविकाओं ने ग्राम पैगा, पाखड़वाला, जगतपुर व सींगनखेड़ा में सर्वेक्षण भी किया। ग्रामीणों से उनसे विभिन्न विषयों पर संवाद किया।

रजा डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों का सात दिवसीय शिविर ग्राम पैगा में चल रहा है। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं की जा रही हैं। शनिवार को स्वयंसेवकों को ग्रामीणों ने अपने जीवन एवं कृषि में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान ग्रामीणों से सरकार द्वारा प्रेषित सर्वेक्षण फॉर्म भरवाए गए। ग्रामवासियों ने सर्वे के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, बेरोजगारी, सड़क, नाली, पेयजल, शौचालय, बिजली आदि की समस्याओं पर बात की। इसके बाद गोष्ठी में स्वयंसेवक व सेविकाओं ने सरस्वती वंदना की। दानिश, भूरा अब्दुल, संजय आदि ने स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, शेरों-शायरी, गजल से समां बांध दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में डॉ. आकांक्षा, डॉ. प्रशान्त द्विवेदी, डॉ. कैश मियां, डॉ. राजकुमार, डॉ. घनश्याम सरोज, डॉ. इरम नईम व डॉ. नरेश कुमार तथा स्वयंसेवकों व सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। शिविर में उमंग, समीर, शिवकुमार, अनस, हमदान, रिंकेश आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

स्वच्छता जागरुकता रैली निकालते स्वयं सेवक। ● अमृत विचार

▸▸ राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रासेयो इकाइयों का पैगा गांव में लगा है सात दिवसीय शिविर

ट्यूबवेल ऑपरेटर की पत्नी को मिलेगी नौकरी

मिलक, अमृत विचार : शनिवार को भाजपा नेता नरेंद्र सिंह गंगवार की अध्यक्षता में आरएसएस के स्वयंसेवक एवं नगर पालिका परिषद के नलकूप ट्यूबवेल ऑपरेटर प्रेम बाबू गोस्वामी के निधन पर मोक्ष धाम में शोक सभा का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि मृतक की जगह उनकी पत्नी को नगर पालिका में नौकरी दी जाएगी। मोक्ष धाम का खर्च भी वह खुद वहन करेंगे। रेलवे स्टेशन के पास निर्मित प्याऊ प्रेम बाबू गोस्वामी के नाम पर समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर मनोज पांडेय, सुरेश चंद्र गंगवार, ऋषि पांडेय, नन्हें राम पांडेय, दयालु शरण शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, योगेश कुमार बंसल, वसंत कुमार, चंद्रभान मित्तल, प्रशांत पटेल, शिवहरी गुप्ता, सुभाष चंद्र गुप्ता, अमन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

निरीक्षण सीडीओ ने पनवड़िया स्थित सद्भावना केन्द्र का किया निरीक्षण, 31 मार्च तक पूरा करना है निर्माण

तय समय सीमा में बनाया जाए सांस्कृतिक सद्भावना केंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल ने शहर में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा बनवाए जा रहे सांस्कृतिक सद्भावना केन्द्र का निरीक्षण किया। यह कार्य अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, निर्माण शाखा भवन, मुरादाबाद के माध्यम से कराया जा रहा है। कार्य की स्वीकृत लागत 9039.94 लाख रुपए है। निर्माण कार्य 29 नवम्बर 2021 को शुरू किया गया था। अनुबन्ध के अनुसार इसे अगस्त 2023 तक पूरा करना था। मगर यह अभी तक पूरा नहीं हो सका है। माईक्रोप्लान के अनुसार कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 मार्च 2024 निर्धारित की गई है।

पनवड़िया में नुमाइश ग्राउंड के निकट सांस्कृतिक सद्भावना केंद्र का निर्माण अल्पसंख्यक विभाग द्वारा कराया जा रहा है। शनिवार की दोपहर मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि ने बताया कि 50 प्रतिशत धनराशि प्राप्त हो गई है। इसके सापेक्ष 95 प्रतिशत धनराशि व्यय की जा चुकी है। 72 प्रतिशत भौतिक प्रगति की गई है। मुख्य विकास अधिकारी के पूर्व में निरीक्षण के दौरान 12 जनवरी को आर्ट गैलरी भवन का निर्माण कार्य 31 जनवरी तक और वैंक्वेट हाल का निमार्ण 15 फरवरी तक पूरा करने का आश्वासन दिया था। मगर यह अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। मौके पर आर्ट गैलरी, शॉपिंग काम्पलेक्स, कैफेटेरिया के बाहरी दीवार पर कराए गए ग्रिट वॉश की फिनिशिंग ठीक नहीं मिली।

मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि, कान्ट्रेक्टर, सहायक अभियन्ता, लोनिवि एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि वह एक साथ उपस्थित रहकर फिनिशिंग और अन्य काम तथा कमियों का तकनीकी, गुणवत्तापरक निराकरण निर्धारित समय में कराते हुए फरवरी के अंत तक हर हाल में पूर्ण करें। ताकि निर्धारित समय पर सद्भावना केंद्र का लोकापर्ण कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंकित कुमार, सहायक अभियन्ता लोनिवि, कार्य के कॉन्ट्रेक्टर आदि मौजूद रहे।

सांस्कृतिक सद्भावना केंद्र की जानकारी लेते मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल।

एक नजर

अतिक्रमण हटाने के लिए टीमों का किया गठन

रामपुर,अमृत विचार : शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका की ओर टीमों का गठन किया गया। यह सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएंगी। शहर के प्रमुख चौराहों पर दुकानदारों ने सड़क पर कई कई फिट तक बाहर सामान रखा है। इससे आए दिन जाम की समस्या से लोगों को घंटों तक जूझना पड़ता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका ने टीमों का गठन किया है। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शहर में अभियान चलाया जा रहा है। दुकानदारों से अपील है कि कोई भी सड़क के बाहर सामान कतई न रखें। अभियान के दौरान सड़क पर अतिक्रमण मिलाने पर जुर्माने के संग कार्रवाई की जाएगी।

कच्ची शराब के साथ पकड़ा

बिलासपुर, अमृत विचार : रात के अंधेरे में कच्ची शराब बेचने जा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी खजुरिया कलां गांव निवासी फकरे आलम है। उसे रात्रि गश्त के दौरान धावनी बुजुर्ग को जाने वाले रास्ते पर खजुरिया खुर्द गांव में शिव मंदिर के पास से पकड़ा था। उसके पास से प्लास्टिक की जरीकेन में भरी 20 लीटर कच्ची शराब मिली। उप निरीक्षक जाकिर अली ने फकरे आलम के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका चालान कर दिया गया है।

हादसे में महिला घायल

शाहबाद, अमृत विचार : मोहल्ला फर्राशान निवासी सरफराज अपनी पत्नी चमन के साथ दो वर्षीय बेटे शाहजेन को दवा दिलाने बेल वाली जारत के निकट निजी चिकित्सक के यहां गया था। वहां से वापस आते समय अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में चमन गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इलाज के लिए उसे सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के जरिए वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 19 को

रामपुर, अमृत विचार : डिप्टी कमिश्नर उद्योग मुकेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 के आयोजन के बाद ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन जनपद स्तर पर आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी को पूर्वाहन 11 बजे रेडियन्स पार्क होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसमें जनपद के उद्यमी एवं जनपद स्तरीय अधिकारी प्रतिभाग करेंगे।

किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म में दोषी को 20 साल की सजा

एडीजे आठ की कोर्ट ने सुनाया फैसला, शाहबाद थाना क्षेत्र का मामला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : किशोरी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में शनिवार को एडीजे आठ की कोर्ट ने दोषी को 20 साल की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर दो लाख सात हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने जुर्माने की पूरी धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

मामला शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाला एक ग्रामीण 24 फरवरी 2018 को किसी काम से कहीं गया था। जब वह घर वापस आया तो उसकी पत्नी ने बताया कि उसकी बेटी बिना बताए कहीं चली गई है। यह सुनकर ग्रामीण के होश उड़ गए थे। उसके बाद बेटी को काफी तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। पीड़िता के बयानों के आधार पर दानिश को नामजद किया गया था। इसमें दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। विवचेना के बाद पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी। इसकी सुनवाई एडीजे आठ की कोर्ट में चल रही थी। शनिवार को पीठासीन अधिकारी ने दानिश को दोषी करार देते हुए 20 साल के कारावास की सजा सुनाई है। एसपीओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि अदालत ने दानिश पर दो लाख सात हजार का जुर्माना भी लगाया है। पूरी धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

अमानत में खयानत में तीन साल का कारावास

रामपुर, अमृत विचार : मालिक के साथ अमानत में खयानत करने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शोभित बंसल ने दोषी को तीन साल कैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। कोतवाली क्षेत्र के मिस्टनगंज में सतीश भाटिया कनिका ब्रांड के मालिक हैं। उनका कहना है कि वह दुकानों पर आटे की आपूर्ति करते हैं। पैसा सेल्समैन लेकर आते हैं। पैसे वसूलने के लिए सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आवास विकास निवासी दिनेश कुमार को रख लिया था। काफी समय से वह लोगों से कम पैसे लाकर दे रहा था। जब मुनीम ने दिनेश से पूछताछ की तो वह टाल-मटोल करने लगा। जानकारी करने पर पता चला कि दिनेश कुछ लोगों से करीब 61,657 रुपये लेकर चला गया है। आरोपी ने पैसे वापस नहीं किए तो उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने विवचेना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी। इसकी सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई। शुक्रवार को पीठासीन अधिकारी शोभित बंसल ने दोषी को तीन साल की सजा सुनाई। एपीओ नीरज कुमार ने बताया कि अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

पुलिस ने 525 ग्राम चरस के साथ किया गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : टांडा पुलिस ने एक युवक को 525 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते टांडा पुलिस ने चेकिंग के दौरान अफरोज अली निवासी ग्राम हमीरपुर को 525 ग्राम चरस के साथ बजरिया चौराहा के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार: पुलिस ने शनिवार सुबह राजपुर जाने वाले मार्ग पर पुलिया के पास से संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसकी पैंट की जेब से चाकू मिला। मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया करीब 25 वर्षीय गौरव नगर की डाम कॉलोनी का रहने वाला है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक संजय कुमार की ओर से आरोपी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

जमीनों का नक्शा देखते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

आरडीए की सीमा में नियम विरुद्ध न हो निर्माण : जोगिन्दर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रामपुर विकास प्राधिकरण के अंर्तगत रामपुर महायोजना 2031 स्वीकृति के अंतिम चरण में है। इसके लिए शासन स्तर पर शासकीय समिति की बैठक फरवरी के अंतिम सप्ताह में संभावित है। डीएम ने कहा कि आरडीए की सीमा में नियम विरुद्ध कोई निर्माण नहीं होना चाहिए।

महायोजना के मास्टर प्लान में जिन क्षेत्र के लिए भू उपयोग का परिवर्तन प्रस्तावित है, उन सभी भूखंडों का जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह एवं रामपुर विकास प्राधिकरण के अभियंताओं के साथ निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वार मार्ग, केमरी मार्ग, बिलासपुर मार्ग, मुरादाबाद मार्ग और बरेली मार्ग पर मास्टर प्लान के अनुसार भूखण्ड देखे और अभियंताओं से जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी को शहर के बाहरी इलाके में अवैध निर्माण मिला। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। आरडीए के अभियंताओं को निर्देश दिए कि मानकों के विपरीत जो निर्माण किए जा रहे हैं उन्हें अभियान चलाकर ध्वस्त कराएं।

अनदेखी से होम फीडरों पर काम रहे कर्मचारी

रामपुर, अमृत विचार : शहरी क्षेत्र के नवाबगेट डिवीजन के अधिकारियों की अनदेखी के चलते कई कर्मचारियों की होम फीडरों पर तैनाती है। इन्हें हटाने के लिए अधिकारियों की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

शासन ने विद्युत निगम के अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं कि किसी भी एसएसओ, पेट्रोलमैन और लाइनमैन की होम फीडरों पर तैनाती नहीं की जाएगी। लेकिन इन आदेशों को जिम्मेदार अनदेखा कर रहे हैं। हाल ही में मैहर इंटरप्राइजेज कंपनी ने 60 कर्मचारियों को इधर-उधर करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए बकायदा प्रत्येक बिजलीघर की सूची भी जारी की गई है। कई ऐसे कर्मचारी है जो कंपनी, उच्च अधिकारियों के आदेशों को दरकिनार कर ड्यूटी को अंजाम दे रहे हैं। एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि शहर में 13 बिजलीघरों पर 60 कर्मचारियों को कार्यक्षेत्र बदलने का आदेश मिल चुके हैं। उनकी तैनाती नवीन बिजलीघर पर कराने के लिए संबंधित एसडीओ, जेई को नोटिस जारी किए गए हैं। इसमें साफ तौर पर कहा गया है कि जल्द ही कर्मचारियों की तैनाती कराएं। अन्यथा फरवरी का वेतन रोक दिया जाएगा।

मंगलवार को होगा संपूर्ण समाधान दिवस

बिलासपुर, अमृत विचार : बिलासपुर तहसील में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल की अध्यक्षता में आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस स्थगित रहा। यह अब मंगलवार को होगा।

प्रशासनिक जानकारी के अनुसार पुलिस कांस्टेबिल भर्ती परीक्षा तथा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चलते आज का समाधान दिवस स्थगित किया गया है। इसे स्थगित करने के आदेश अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग ने जारी किए थे। समाधान दिवस स्थगित होने की बात से अनभिज्ञ कई फरियादी तहसील में दिखाई दिए। उन्हें कर्मचारियों ने मंगलवार को आने की बात कहकर वापस भेज दिया। दूसरी तरफ एसडीएम समेत प्रशासन व पुलिस के अधिकारी दिन भर पुलिस परीक्षा कराने में व्यस्त रहे।

नशीला सीरप बेचने वालों पर कसेगा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ द्वारा कोडीनयुक्त कफ सीरप, लिंक्टस का दुरुपयोग रोकने एवं अवैध बिक्री भंडारण पर नियंत्रण करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। शासन ने नशीले सीरप बेचने वालों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए हैं।

औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि प्रदेश के बाहर से खरीदे जा रहे कोडीनयुक्त कफ सिरप, लिंक्टस की सूचना संबंधित फर्म, औषधि विक्रेता, स्टॉकिस्ट, सी एंड एफ एजेंट, हॉस्पिटल आदि द्वारा संबंधित औषधि निरीक्षक को प्रत्येक सोमवार को उपलब्ध करायी जाएगी। विक्रेता फर्म द्वारा कोडीनयुक्त कफ सिरप, लिंक्टस का विक्रय जनपद या राज्य के बाहर करने की दशा में क्रेता से औषधि का विक्रय विवरण प्राप्त करके संबंधित औषधि निरीक्षक को उपलब्ध कराया जाएगा। यदि क्रेता फर्म द्वारा विक्रय विवरण उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उस क्रेता को तब तक औषधियों का विक्रय नहीं किया जायेगा। जब तक कि वह पूर्व में क्रय किए गए कोडीनयुक्त कफ सिरपलिंक्टस का विक्रय विवरण उपलब्ध नहीं करा देता। कोडीनयुक्त सीरप पीकर युवा नशे के आदि होते जा रहे हैं। मेडिकल संचालक युवाओं को दोगुनी, तीगुनी कीमतों पर सीरप उपलब्ध कराते हैं। परिजनों की तबियत खराब होने का बहाना करके भी युवा कफ सीरप और लिंक्टस खरीदते हैं।

प्रतिबंधित दवा बेचने पर होगा लाइसेंस निरस्त

विक्रेता द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि जिस फर्म को वह कोडीनयुक्त कफ सिरप, लिंक्टस का विक्रय कर रहा है वह भौतिक रूप से अस्तित्व में है या नहीं। यदि जांच में यह पाया जाता है कि किसी विक्रेता द्वारा ऐसी फर्म को कोडीनयुक्त कफ सिरप, लिंक्टस की बिक्री की गई है जो भौतिक रूप से अस्तित्व में नहीं है अथवा नियमित रूप से संचालित नहीं की जा रही है तो विक्रेता फर्म के लाइसेंस को निरस्त करने की कार्रवाई के साथ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम-1940 की धाराओं के अन्तर्गत अभियोजन की कार्यवाही भी की जायेगी। औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने सभी औषधि विक्रेता, केमिस्ट एसोसिएशन, फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन एवं बिलासपुर केमिस्ट एसोसिएशन को निर्देशित किया है कि निर्देशों का अनुपालन करना तय करें। निर्धारित प्रारूप पर सूचना तथा संबंधित अन्य सूचना प्रत्येक सोमवार को उपलब्ध कराएं।

- औषधि एवं प्रसाधान सामग्री के तहत होगी कार्रवाई
- शासन से जारी किए गए आदेश

दो बदमाशों ने कार से सोने के जेवर चुराए, रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : कार में रखे जेवर चुराने के मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला राजद्वारा निवासी राकेश कुमार रस्तोगी की शहजादनगर में आभूषणों की दुकान है। 14 फरवरी को वह कार से भाई मुकेश रस्तोगी व बेटे नितिन रस्तोगी के साथ जा रहे थे। मालगादोम के पास एक युवक आ गया। उसने बताया कि कार से मोबिल ऑयल टपक रहा है। कुछ आगे बढ़ने पर दूसरे युवक ने भी यही बात कही। इस पर उन्होंने कार को रोक कर बोनट खोलकर देखा। इस बीच कार में रखा सोने के जेवर का बैग चोरी कर लिया गया। यह देखकर कार सवारों के होश उड़ गए। सूचना के बाद पुलिस आ गई। बाद में तहरीर के आधार पर अज्ञात दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मुतवल्ली की हत्या में पुलिस पड़ोसियों से कर रही पूछताछ

संवाददाता, सैदनगर

- परचई के इमामबाड़े में दिनदहाड़े हुई थी बुजुर्ग की हत्या

अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में हत्या की गुत्थी सुलझाने को पुलिस पड़ोसियों एवं रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को हत्या के कुछ महत्वपूर्ण सुराग भी हाथ लगे हैं। इसके चलते पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा कर सकती है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव परचई निवासी तस्वीर मियां (60) इमामबाड़े के मुतवल्ली थे। वह वहीं रहकर झाड़ फूंक करते थे। शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने इमामबाड़े के अंदर जाकर उनकी धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। कुछ देर बाद इलाज को आई पड़ोसी गांव की महिला ने तांत्रिक को जमीन पर गिरा देखा तो उसकी चीख निकल गई थी। चीख-पुकार सुन आसपास के ग्रामीण एवं परिजन मौके पर आ गए थे। प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए थे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया था।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। शनिवार को पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने को पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने पड़ोसियों एवं रिश्तेदारों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

हादसे के बाद मौके पर खड़ी स्कूल बस। ● अमृत विचार

स्कूल बस को ट्रक ने मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : बच्चों को ले जाने के लिए खड़ी स्कूल बस को पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। इसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में बस में पहले से बैठे किसी बच्चे या स्कूल स्टाफ को चोट नहीं आईं। लेकिन, वह काफी भयभीत हो गए। हालांकि इस मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

बिलासपुर में नैनीताल हाईवे स्थित सर्व संस्कृति स्कूल की बस शनिवार की सुबह माठखेड़ा रोड पर गुरुद्वारा मार्केट के सामने बच्चों के इंतजार में खड़ी थी। तभी पीछे से आए घरेलू गैस सिलेंडर लदे ट्रक ने उसे साइड मार दी। इससे बस क्षतिग्रस्त हो गई। अंदर बैठे बच्चों व स्टाफ को तेज झटका लगा। चालक व स्टाफ उतरकर नीचे आ गए। मगर तब तक आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो चुका था। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी होने से इनकार किया है।

अस्पताल संचालक समेत तीन पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

बिलासपुर, अमृत विचार: नगर निवासी महिला ने निजी अस्पताल के संचालक व उसके दो कर्मचारियों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बंधक बनाने, मारपीट करने और धर्म परिवर्तन कराने की धमकी देने की भी शिकायत की है।

क्षेत्राधिकारी को दी तहरीर में पीड़िता का कहना है कि उसने नवंबर में निजी अस्पताल में कैंटीन का ठेका लिया था। अस्पताल संचालक तथा उसके दो कर्मचारियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध पर उसे अस्पताल में ही बंधक बना लिया था और मारपीट की। कहा कि वह धर्म परिवर्तन कराकर उसे अपने साथ रखेंगे। वह किसी तरह से अस्पताल से भाग गई। सीओ ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

करंट लगाकर किया महिला की जान लेने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

अमृत विचार : घरेलू कलह के चलते ससुरालियों ने महिला को करंट लगाकर मारने का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जबकि महिला ने देवर पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है।

टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का विवाह छह साल पहले पास के एक गांव के रहने वाले दिनेश से हुआ था। महिला की दो बेटियां हैं। महिला के पति ने बिना बताए दूसरी शादी कर ली। इसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करता था। आरोप है कि 14 फरवरी को वह घर पर अकेली थी। इस दौरान उसका देवर गणेश कमरे में आ गया और छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। महिला ने किसी तरह भागकर पड़ोसी के घर में घुसकर अपनी जान बचाई। जब महिला ने ससुरालियों को आपबीती बताई तो उन्होंने भी मारपीट की। इसके बाद भी ससुरालियों ने कई बार पीड़िता को बिजली का करंट लगाकर मारने का प्रयास किया। 15 फरवरी को वह चाय बनाने जा रही थी। तब सास ने गर्म पानी उसके ऊपर डालकर जला दिया। पीड़िता थाने पहुंची और सारा मामला पुलिस को बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति दिनेश, गणेश, रूपवती व छोटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ओटीएस योजना में जमा हुए 12.75 करोड़

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जनपद में 8 नंवबर 2023 से संचालित हुई एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत शहर में 66 करोड़ के सापेक्ष सिर्फ 12.75 करोड़ का राजस्व जमा हुआ है। विद्युत निगम के अधिकारियों ने योजना का काफी प्रचार-प्रसार किया। इसके बाद भी शहरी क्षेत्र में 54 करोड़ रुपये का राजस्व जमा होने से रह गया।

एक मुश्त समाधान योजना के लिए नवाबगेट डिवीजन के अधिकारियों को 66 करोड़ रुपये वसूली का लक्ष्य दिया गया था। इसके लिए 8800 ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित किया था, जिन पर बिजली चोरी के मामले दर्ज हैं। इन पर विद्युत निगम का 35 करोड़ रुपये बकाया थे। शेष बकाया जमा करने में अन्य उपभोक्ता भी शामिल थे। बिजली चोरी करने वालों से चार करोड़ 75 लाख और सामान्य तौर पर 30,000 से अधिक उपभोक्ताओं ने 8 करोड़ रुपये का राजस्व जमा कराया। पहले यह योजना सिर्फ 31 दिसंबर तक के लिए लागू की गई थी। मगर बाद में इसे 16 जनवरी 2024 तक बढ़ा दिया गया था। इस दौरान विद्युत निगम के अधिकारियों ने बकाया वसूलने के लिए तमाम प्रयास किया। मगर इसके बावजूद विद्युत निगम के अधिकारी 12.75 करोड़ रुपये ही जमा करा पाए। लक्ष्य के अनुसार 54 करोड़ रुपये जमा कराने से रह गए। अब बकाया जमा नहीं करने वालों के कनेक्शन और आरसी काटने की तैयारी की जा रही है।

- शहरी क्षेत्र में 66 करोड़ रुपये का निर्धारित किया गया था लक्ष्य

> शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल नहीं हो सका। फिर भी योजना का लाभ तमाम लोगों को मिला है। शेष राजस्व के लिए अभियान चलाए जा रहे है। इसमें उपभोक्ताओं के घर जाकर बकाया जमा कराया जा रहा है।
>
> -इमरान खान, एक्सईएन प्रथम।

बकाया जमा नहीं करने वालों की होगी रिपोर्ट

बकाया जमा नहीं करने वालों के खिलाफ जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। बकाया जमा करने के लिए एक सप्ताह का समय भी दिया जाएगा। समयावधि खत्म होने के बाद आरसी काटकर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। अधीक्षण अभियंता वीके आर्य ने बताया कि अब ओटीएस योजना के बाद निगम की ओर से बिजली चोरी और बकाएदारों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इसमें बिजली चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराकर बकाया भी वसूला जाएगा। टीम उनके घरों पर जाकर वसूली करेंगी। इसके बाद बड़े और पुराने बकाएदारों के खिलाफ आरसी जारी की जाएगी।

लोस चुनाव में जमीनी नेता को प्रत्याशी बनाए पार्टी

रामपुर, अमृत विचार: अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के युवा जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह यादव मोनू ने कहा लोकसभा चुनाव में सर्वे कर समाजवादी पार्टी को जमीनी नेता को अपना प्रत्याशी बनाना चाहिए। क्योंकि यहां संघर्षरत नेता ही लोकसभा चुनाव में सफल होगा।

गर्भवती महिलाओं को पुलिस ने कार से पहुंचाया परीक्षा केंद्र

रामपुर, अमृत विचार : जीआईसी शाहबाद में परीक्षा देने पहुंची गर्भवती महिलाएं और कुछ युवतियां निर्धारित समय के बाद पहुंची। इसके चलते वह पेपर में शामिल होने की आस छोड़ चुके थे। लेकिन उनका पुलिसकर्मियों ने साथ दिया और समय से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचा दिया। शाहबाद के कमला ईडेन गार्डन और चंदौसी तिराहा पर खड़ी एसडीएम और सीओ की गाड़ियों ने गर्भवती महिलाओं और युवतियों को सही समय पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाया।

यूपी बोर्ड परीक्षा में केंद्रों पर तैनात रहेगा पुलिस बल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके अलावा सफाई व्यवस्था के भी बेहतर बंदोबस्त रहेंगे। इसके अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती भी कर दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन को पत्र भेजकर परीक्षा केंद्रों पर सफाई व्यवस्था रखने को कहा गया है।

बताते चलें कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा 22 फरवरी से शुरू होकर नौ मार्च तक 71 परीक्षा केंद्रों पर होनी है। बोर्ड परीक्षा का काउंट-डाउन शुरू हो चुका है। जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। परीक्षा केंद्रों पर सकुशल व नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराए जाने के लिए शांति व्यवस्था के दृष्टिगत 71 परीक्षा केंद्रों को नौ सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।परीक्षा केंद्रों पर साफ-सफाई का काम भी चल रहा है। सीसीटीवी कैमरों को चेक किया जा रहा है। परीक्षा केंद्र पर पहुंचने वाले परीक्षार्थियों की गेट पर सर्च होगी। इसके बाद उड़ाका दल परीक्षा केंद्रों पर छापामारी करेंगे।

> यूपी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल के 26282 जबकि, इंटरमीडिएट के 21829 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया है। बोर्ड द्वारा जिले में 71 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए परीक्षा केंद्रों सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहेंगे।
>
> -मुन्ने अली, जिला विद्यालय निरीक्षक

बाइक नहीं मिलने पर महिला को निकाला

बिलासपुर, अमृत विचार : दहेज में बाइक की मांग पूरी न करने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

बिलासपुर के गांव धनौरा निवासी हरजीत सिंह की पत्नी दीपाली ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि उसने अपनी पुत्री मोनिका का विवाह 15 दिसंबर 2023 को मानपुर ओझा की अशोकनगर कॉलोनी निवासी कृष्णा के पुत्र गौरंग के साथ किया था। विवाह के बाद से ही उसका पति व अन्य ससुराली दहेज में बाइक की मांग करते हुए उसकी पुत्री को प्रताड़ित कर रहे थे। 14 फरवरी की रात आरोपियों ने उसकी पुत्री को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पता चलने पर जब वह ससुरालियों को समझाने गई तो उसके साथ भी अभद्रता की गई। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

उपलब्धि जिले के खिलाड़ियों ने दो गोल्ड मेडल जीता, महानिदेशक ने विजेताओं को पहनाए मेडल

राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में चमके रामपुर के खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं में अंतिम दिन जिले के खिलाड़ियों ने दो गोल्ड मेडल जीता। मुख्य अतिथि महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता 2023-24 स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के उपकेंद्र लखनऊ में सम्मान समारोह हुआ। इसमें जनपद ने तीन गोल्ड ओर एक सिल्वर जीता। सामूहिक प्रतिस्पर्धाओ में दो टीमें क्रिकेट ओर फुटबॉल की उपविजेता रहीं। मुख्य अतिथि महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

मेडल के साथ मौजूद रामपुर के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

बाधा दौड़ में 17 फरवरी को कम्पोजिट विद्यालय सनैया जट ब्लॉक चमरौआ के अजय ने कड़े संघर्ष में बाधा दौड़ का गोल्ड मेडल जीत कर राज्य स्तरीय खिताब अपने नाम किया। 400 मीटर रिले रेस में भी जनपद के परिषदीय विद्यालय सनैया जट के अजय, कंपोजिट विद्यालय नानकार मिलक के सोयल एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय परम के हिमांशु तथा कमल ने गोल्ड मेडल जीतकर जनपद एवं मंडल का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जनपद रामपुर द्वादश मंडल मुरादाबाद ने शानदार प्रदर्शन किया। जिला बेसिक अधिकारी संजीव कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

यह लोग रहे शामिल

लखनऊ में टीमों के साथ जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां, व्यायाम शिक्षिका अनीसा लतीफ, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सुख लाल सिंह, आनंद सिंह भंडारी, मनोज गुज्जर, गोविंद नारायण, निर्मल चंद रॉय, चंद्र शेखर, तहसीन व आलम खां, राकेश विश्वकर्मा, नितिन राजपूत, पंकज कुमार, इंद्र कुमार मिश्रा, शैलेन्द्र राठौर आदि मौजूद रहे।

एक नजर

शांतिभंग में पुलिस ने किया छह का चालान

सैफनी, अमृत विचार : पुलिस ने शनिवार को अलग-अलग मामलों में छह लोगों का शांति भंग करने की आशंका में चालान किया है। थाना क्षेत्र के देवीपुरा गांव निवासी विजयपाल, रूप किशोर, रघुवीर सिंह, पिंटू, निर्बल सिंह व रूपपुर गांव निवासी वीरेंद्र सहित छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान किया है।

पुलिस ने मारपीट का आरोपी पकड़ा

बिलासपुर, अमृत विचार : घरेलू झगड़े के दौरान छोटी बहनों से मारपीट करने के आरोपी को केमरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसका चालान कर दिया गया। कस्बे के मोहल्ला माजुल्लानगर निवासी लईक अहमद का किसी बात को लेकर अपनी बहनों यास्मीन व नफीस से विवाद हो गया था। आरोप है कि उसने दोनों बहनों के साथ मारपीट की। उप निरीक्षक विपिन कुमार ने उसका शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों बहनों ने तहरीर दी थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

राजकीय महिला महाविद्यालय में शिविर 19 से

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर 19 से 25 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रीति लता व मोहम्मद कासिम ने बताया कि तहसील सदर के ग्राम घाटमपुर में बाल्मीकि मंदिर परिसर में आयोजित होगा। शिविर में कौशल विकास हेतु युवा विषय पर परिचर्चा भी होगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि चिकित्साधिकारी डॉ. दशरथ सिंह व विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष बाल्मीकि मंदिर समिति भीम अनार्य व जावेद प्रधान बेनजीर उर्फ घाटमपुर आदि भी उपस्थित रहेंगे।

मंडलायुक्त का कार्यकाल बढ़ने पर बांटी मिठाई

रामपुर, अमृत विचार : मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह का चौथी बार सेवा विस्तार बढ़ने पर युवा भाजपा नेता फसाहत अली खान शानू ने अपने आवास पर समर्थकों के साथ खुशियां मनाई और मिठाई बांटकर मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि मंडलायुक्त का चौथी बार सेवा विस्तार होना गर्व की बात है। इस खुशी के अवसर पर पिछले साल की तरह इस साल भी तीन दिन तक पूरे शहर में मिठाई बांटकर खुशियां मनाई जाएंगी।

वसूली के नाम पर उत्पीड़न से किसानों के तेवर तल्ख

राजस्व वसूली बंद कराने को सड़क पर उतरे किसान, दस सूत्रीय ज्ञापन अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि किसान परेशान हैं। उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। कहा कि राजस्व विभाग के कर्मचारी किसानों से कर्ज की वसूली कर रहे हैं और किसान डर से घर छोड़कर भाग रहे हैं। गेहूं की फसल कटने तक प्रशासन किसानों को मोहलत दे। पंचायत के बाद किसान सड़क पर उतर आए और नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाधिकारी को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन एडीएम राजस्व एवं वित्त हेम सिंह को सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक से जुड़े किसान शनिवार की दोपहर आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए। इसके बाद पंचायत हुई और किसानों के मुद्दों पर नेताओं ने आवाज बुलंद की। पंचायत के बाद किसान जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में राहे रजा पर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और एडीएम राजस्व एवं वित्त को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें मुख्य रूप से बैंकों और तहसील प्रशासन द्वारा की जा रही लोन की वसूली पर रोक लगनी चाहिए। यह गेहूं की फसल कटने के बाद शुरू किया जाना चाहिए। क्योंकि तब किसानों की स्थिति बेहतर होगी।

ज्ञापन में बिलाल राइस मिल की नीलामी करके जल्द से जल्द रुपये दिलाने की बात की गई। मिलक में रौरा कलां और कई स्कूलों के ऊपर से गुजरने वाली 33 केवीए की बिजली लाइन से कभी भी जनहानि हो सकती है। इसलिए इसे घनी बस्ती से दूर किया जाना चाहिए। रामपुर डिस्टिलरी के अंदर एक नाला बहता है। इसमें गंदा पानी छोड़ा जाता है। उसमें से बहुत बदबू आती है। आसपास रहने वाले लोगों के घरों में हैंडपंप के पानी में भी दिक्कत है। इससे फसलें भी खराब हो रही हैं। इसलिए इस नाले को बंद किया जाना चाहिए। नहर का पानी टेल तक पहुंचना चाहिए। ताकि किसान फसलों की सिंचाई कर सकें। छुट्टा पशुओं के लिए ग्राम समाज की जगह चिन्हित कर गोशाला बनवाई जानी चाहिए।

जिला उपाध्यक्ष लखविंद्र गंगवार ने कहा कि तहसील बिलासपुर में केमरी से मुंडिया कलां होते हुए खंडिया तक की सड़क को गड्ढा मुक्त किया जाए। राशन वितरण प्रणाली में धांधली बंद हो। जिला उपाध्यक्ष नासिर घोसी ने कहा कि शाहबाद में ग्राम घोसीपुरा आदि गांव में कोसी नदी कटान करती है। इस पर पत्थर लगने चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना में दलाली पूरी तरह बंद होनी चाहिए।

एडीएम राजस्व एवं वित्त को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

प्रदर्शन करने वालों में यह लोग रहे मौजूद

सुरेंद्र खन्ना, प्रेमपाल सिंह, लक्ष्मी,अजीत सिंह, अमित गंगवार, विक्की धालीवाल, मधुबाला, दानिश खान, किरण, हरिशंकर यादव, भरत यादव, राजकुमार रस्तोगी, नासिर घोसी, दानिश खान, इमरान खान, विशाल, जसविंदर सिंह, रिपिका, सोनू वासी, दीप धालीवाल, हरपाल सिंह, नरेंद्र गंगवार, रोहित यादव, ज्ञान पाल, ब्रजेश लोधी, सनी खान, राहुल, जुबैर खान, अबरार अंसारी, शबाना, पप्पू गंगवार, राजू गंगवार, आरिफ खान, जगतार सिंह, राकेश गंगवार, नरेश बाबू, देबू गंगवार आदि रहे।

टांडा थाने में खाने की गुणवत्ता जांचते पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक ने किया टांडा थाने का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ विवेचना रजिस्टर, डयूटी रजिस्टर, फ्लाईसीट की बारीकी से की जांच

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने टांडा थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने त्योहार रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, ड्यूटी रजिस्टर व फ्लाईसीट की बारीकी से जांच की।

पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को थाना टांडा का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, ड्यूटी रजिस्टर, फ्लाईसीट आदि की जांच की और उनके रख रखाव, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को बारीकी से देखा। थाना परिसर में बने बैरक, मालखाना, हवालात, कम्प्यूटर रूम, आगन्तुक कक्ष, भोजनालय आदि की साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया। भोजनालय में भोजन कर खाने की गुणवत्ता जांची और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गोवंश को नोंचते कुत्ते। ● अमृत विचार

बेनजीर गांव में कुत्तों ने गोवंश को किया जख्मी

संवाददाता, सैदनगर

अमृत विचार : कुत्तों के झुंड ने गोवंश को जख्मी कर दिया। ग्रामीणों ने लाठी-डंडे मारकर किसी तरह कुत्तों को भगाया। इस दौरान काफी देर तक लोगों की भीड़ मौके पर जुटी रही।

मामला कोतवाली क्षेत्र के बेनजीर गांव के पास का है। शनिवार की दोपहर कुत्तों के एक झुंड ने गोवंश पशु को घेर लिया। इसके बाद कुत्ते गोवंश को नोंचने लगे। यह देख ग्रामीणों ने कुत्तों को भागना चाहा तो कुत्तों ने उन्हें ही दौड़ा लिया। कुछ देर के बाद तमाम ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्तों को मौके से भगाया। ग्रामीणों ने वन विभाग से कुत्तों को पकड़ने की अपील की है।

सैजनी नानकार में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष उस्मान बब्लू ने कहा कि सैजनी नानकार ग्राम पंचायत में गंदगी को लेकर जिलाधिकारी को जानकारी दी है। ग्राम पंचायत में विकास कार्य प्रभावित हैं।

ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान सफाई कर्मचारी रोजगार सेवक की लापरवाही से गंदगी के अंबार लगे हैं। ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, सफाई कर्मचारी और सेक्रेट्री लापरवाही कर रहे हैं। इससे सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। जहां विकास कार्य होने चाहिए थे वहां नहीं हो रहे हैं। जहां नहीं होने चाहिए वहां सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसे गंभीरता से लेकर कमेटी बनाकर जांच कराई जाए। इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

बागों की वैज्ञानिक पद्धति से करें देखभाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : बागवान आम, केला और पपीते के बागों की वैज्ञानिक पद्धति से देखभाल करें। आम के वह बाग जो फलन की अवस्था में नहीं हैं, उनके आसपास से घास-फूस और पॉलीथिन की मल्चिंग को हटाएं। सरदार वल्लभ भाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी के फल विज्ञान विषय पर शोध कर रहे विशाल गंगवार बताते हैं कि बाग में हल्की जुताई करते हुए पेड़ की उम्र के अनुसार उर्वरक डालें।

तहसील मिलक के ग्राम इमरतपुर निवासी विशाल गंगवार बताते हैं कि किसान फरवरी के अंत तक आम, पपीता व केले के बागों पर विशेष ध्यान देने के आलावा बागों का वैज्ञानिक प्रबंधन कर बेहतर फलन व लाभ हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आम के नए बागों के आलावा वह बाग जो अभी फलन की अवस्था में नहीं आने वाले हैं उनसे घास-फूस व पॉलीथिन की मल्चिंग को हटाते हुए हल्की जुताई कर दें। आम का पेड़ अगर एक वर्ष का है तो उसमें 50 से 55 ग्राम डीएपी, 85 ग्राम यूरिया एवं 75 ग्राम मुइरेट ऑफ पोटाश के आलावा पांच किलोग्राम सड़ी हुई गोबर की खाद को पौधे के चारों तरफ मुख्य तने से एक फीट की दूरी पर रिंग बना कर डालते हुए मिट्टी से ढक दें।

> आम, केला और पपीता के बागवान वैज्ञानिक पद्धति से बाग की देखभाल करें। इससे पौधे स्वस्थ रहेंगे और आने वाले समय में बागवानों को अच्छा उत्पादन मिलेगा।
>
> -विशाल गंगवार, शोधार्थी हॉर्टीकल्चर

केले के सूखे पत्तों को चाकू से काटते रहें

केला का ऊतक संवर्धन से लगाया गया पौधा लगभग सात से आठ महीने का हो गया होगा। इसमें हल्की जुताई-गुड़ाई करने के बाद किसान प्रति पेड़ 200 ग्राम यूरिया, 200 ग्राम म्यूरेट आफ पोटाश एवं 100 ग्राम सिंगल सुपर फास्फेट को मिलाकर पौधे में डालते हुए मिट्टी चढ़ा दें। क्योंकि अब इसमें फूल आने ही वाले है। इसके अलावा किसान केले के सूखे एवं रोगग्रस्त पत्तियों को तेज चाकू से समय-समय पर काटते रहें। अक्टूबर एवं जुलाई में लगाएं गए पपीता में सर्दी की वजह से विकास काफी कम हुआ है। इसलिए यह किसान पपीते के पौधे में निराई-गुड़ाई करने के बाद प्रति पौधा 100 ग्राम यूरिया, 50 ग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश एवं 100 ग्राम सिंगल सुपर फास्फेट डालते हुए मिट्टी चढ़ा दें। उर्वरक के इस्तेमाल के बाद पपीते के बाग में हल्की सिचाईं जरूरी है।

छेड़खानी के आरोपी पिता पुत्र को तलाश रही पुलिस

सैफनी, अमृत विचार : युवती के साथ अश्लील हरकत व छेड़खानी के मामले में युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस आरोपी को तलाश रही है।

मामला थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। युवती के भाई द्वारा दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया था कि पड़ोस का रहने वाला खलील पुत्र सफीक अपने पिता के कहने पर उसकी बहन के साथ आए दिन छेड़खानी व अश्लील हरकतें करता रहता है। कुछ दिन पहले वह किसी काम से अपने पिताजी के साथ शाहबाद गया था। इस दौरान खलील उसके घर आ गया और उसकी बहन से अश्लील हरकतें करते हुए हाथ पड़कर घर ले जाने लगा था। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने खलील व उसके पिता शफीक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

आत्म विश्वास से लबरेज रहें छात्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए आत्म विश्वास से लबरेज रहें और समझ में नहीं आने वाले पाठ प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में दोहराएं। उन्हें उच्चारित करते रहें। ऐसा लगातार करने से विषय याद होना शुरू हो जाएंगे। परीक्षा भवन में बैठकर प्रश्न पत्र हल करने के लिए रणनीति बनाएं। प्रश्नों को हल करने में समय का उचित प्रबंधन करें।

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. अरुण कुमार परीक्षार्थियों को सलाह देते हैं कि वह परीक्षा भवन में बैठकर प्रश्न पत्र को पूर्णतः हल कर लेने की भी रणनीति बनानी चाहिए। परीक्षा में सफलता का मूल मंत्र समय का उचित प्रबंधन भी सीखना चाहिए। किसी भी परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए आत्मविश्वास से लबरेज होना चाहिए। तभी आप खुद के यकीन के साथ आगे बढ़ पाएंगें। अपने जीवन की पहली बोर्ड परीक्षा को भी आत्मविश्वास के साथ देने के लिए जाएं। वर्ष भर की गई तैयारी ही पर्याप्त है। परीक्षा के दिनों में अक्सर सारी जिम्मेदारी विद्यार्थी के कंधों पर सौंप दी जाती है। ऐसा करना असंगत है। परिजन, रिश्तेदार, सामाजिक लोग बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थी को सर्वथा जीत के लिए ही दबाव बनाते हैं। वह मानते हैं उसकी जीत से हमारी जीत होगी। विद्यार्थी तब नहीं हारता जब वह किसी परीक्षा में असफल हो भी जाए। असल में वह तब हारता है जब उसके अपने दूसरे के बच्चों से तुलना करते हुए उसे अपमानित करते हैं।

▸▸ प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में दोहराएं समझ में नहीं आने वाले पाठ

▸▸ परीक्षा भवन में बैठकर प्रश्न पत्र हल करने की बनाएं रणनीति

बहु विकल्पीय प्रश्नों के उत्तर पहले लिख दें

डा. अरुण कुमार बताते हैं कि परीक्षा के दौरान महत्वपूर्ण प्रश्नों पर फोकस करें। सुबह करीब दो घंटे पढ़ाई अवश्य करें। ब्रह्म मुहूर्त में की गई तैयारी परीक्षा कक्ष तक याद रहती है। रिवीजन के बाद प्रत्येक विषय के महत्वपूर्ण प्रश्नों को एक जगह लिख लें और उन्हें तैयार करते रहें। जो प्रश्न तैयार हो जाए उसे लिखकर भी देख लें। राइटिंग साफ रखें और तेजी से प्रश्नों को निपटाएं। परीक्षा में समय प्रबंधन अवश्य कर लें। बहुविकल्पीय प्रश्नों को पहले हल कर लें।

अपना व्यवहार सुधारें विद्युत निगम के अधिकारी : शफीक

संवाददाता, स्वार

▸▸ विधायक ने कैंप कार्यालय में जनता दरबार में सुनीं समस्याएं

अमृत विचार : विधायक शफीक अहमद अंसारी ने जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनकर निस्तारण का आश्वासन दिया। कहा कि विद्युत निगम के अधिकारी अपने व्यवहार में सुधार लाएं। अधिकारी लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें।

शनिवार को विधायक ने बिलासपुर तिराहा के निकट कैंप कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनीं। विधायक ने कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। कहा कि अधिकारी मनमानी कर रहे हैं, उसमें सुधार लाएं।

अगर जनता को परेशान किया गया तो मुख्यमंत्री से मिलकर उनके खिलाफ कार्रवाई कराऊंगा। मेरा क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ है। मैंने विधानसभा में अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाया है। जल्द ही क्षेत्र में चारों तरफ विकास की गंगा बहेगी। विधानसभा के अधिकतर प्रस्ताव पास करा दिए हैं। 144 करोड़ की लागत से रामपुर-बाजपुर मार्ग का कार्य शुरू हो जाएगा। रोडवेज अड्डे एवं मंडी समिति का कार्य भी बहुत जल्द शुरू हो जाएगा।

इस मौके पर मंडी समिति के पूर्व सभापति दीपक नागर, दीप गोयल, इस्लाम अंसारी, नाहिद खां, इदरीस खां, नबी अहमद, राहत जान, राकेश कुमार, इंतजार अली, सरला देवी, फातिमा आदि मौजूद रहे।

स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

वार्षिकोत्सव में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : दयावती मोदी एकेडमी की शाखा डीएमए स्मार्ट स्कूल बिलासपुर में शनिवार को छठे वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलवंत सिंह औलख एवं स्मार्ट विश्वास सोसाइटी की प्रधानाचार्य डॉ. सुमन तोमर ने दीप प्रज्वलित करके किया।

छात्रों ने वंदना ए गिरी नंदिनी से अद्भुत प्रस्तुति देकर समां बांधते हुए कार्यक्रम शुरू किया। इसके बाद कक्षा प्री नर्सरी, नर्सरी एवं केजी के बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रों ने खोल दे पर पर नृत्य के जरिए संदेश दिया कि जो भी जीवन में करना चाहते हैं, माता-पिता उनका सहयोग करें। तभी वह जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे।

इससे बाद कक्षा 1, 2 और 3 के छात्रों ने नृत्य के माध्यम से माता-पिता को बच्चों का साथ देने और उन्हें आगे बढ़ाने में मदद करने का संदेश दिया। बच्चों ने एक साथ मिलकर ग्रैंड फिनाले की सुंदर प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। अंत में हेड मिस्ट्रेस अंजलि माथुर ने आभार जताया।

अनदेखी किसी समय बच्चों के लिए बनी थी खेलकूद की जगह, कांवड़ के दिनों में कर दी जाती है साफ-सफाई

देखते ही देखते केमरी के शीशमहल पार्क का मिट गया नामों निशां

कमल शर्मा, केमरी

अमृत विचार : अनदेखी के चलते केमरी में पीलाखार डैम के पास बने शीशमहल नाम से कई वर्षों पुराने पार्क का अस्तित्व मिट गया है। बस सिंचाई विभाग की जमीन बची है। इसमें लोग सुबह को घूमने आते हैं। कावंड़ के दिनों में इस जगह की साफ-सफाई कर दी जाती है।

केमरी में डैम के पास किसी जमाने में शीश महल के नाम से पार्क हुआ करता था। पार्क में जिले के अलावा दूर-दराज से भारी संख्या में सैलानी आते थे। लोग यहां आकर फोटोग्राफी करते थे। यह शीशमहल पार्क शीशे का बना था। पार्क में रात को चौकीदार रहते थे। यहां रात में लाइटिंग होती थी। बराबर में बने बांध के कारण जल भरा रहता था तो लाइटिंग के कारण रात में पानी में छटा बिखर जाती थी, जो बहुत मनमोहक होती थी। सुबह के समय क्षेत्र के लोग सैर-सपाटा करने आते थे। कई वर्ष से शीशमहल खत्म हो चुका है और जगह खाली पड़ी है। हर साल कांवड़ के समय शिव भक्त जब कांवड़ लेकर आते हैं तो कांवड़ियों का ठहराव इसी शीश महल में कराया जाता है। नगर पंचायत जेसीबी मंगाकर सफाई करा दी जाती है। बाकी समय उसमें गंदगी रहती है। जहां-तहां बैंच बनी हुई थीं। उन पर सीमेंट की टाइल्स लगी थीं। यदि शीश महल पार्क का पुनर्निर्माण करा दिया जाए तो काफी अच्छा हो सकता है।

कल चमन था आज वीराना हुआ...। केमरी में शीशमहल पार्क की बदहाल पड़ी जगह।

ओपन जिम खुलने से लोगों को मिलेगी राहत

नगर में दो प्राइवेट जिम चल रहे हैं। इसमें नौजवान पैसा देकर कसरत करते हैं। यदि ओपन जिम होगा तो उनका खर्चा भी बचेगा। कस्बे के साथ गांव के लोगों को विशेष कर नौजवानों को अत्यंत फायदा होगा। अभी कुछ दिन पूर्व पीलाखार डैम के बराबर से नए ब्रिज का निर्माण सेतु निगम की तरफ से कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख द्वारा कराया जा रहा है। रामपुर ब्रिज के शिलान्यास का उद्घाटन करते समय उन्होंने शीश महल में पार्क और ओपन जिम बनवाने की व्यवस्था करने का आश्वासन भी दिया था। लोगों को बहुत आशा है कि अगर यह ऐतिहासिक कार्य होता है तो क्षेत्र में और रौनक बढ़ जाएगी। बीमारियां घटेंगी पर्यावरण भी सुचारू होगा।

> बिलासपुर की तर्ज पर यहां अगर ओपन जिम और पार्क बन जाए तो लोगों को राहत मिलेगी। लोगों को सुबह के समय घूमने का स्थान मिल जाएगा। इससे रौनक भी बढ़ेगी।
>
> - अंसार अहमद, चेयरमैन पति

> सिंचाई विभाग की जमीन पर बहुत पहले से पार्क बना हुआ था। उम्मीद है कि किसी तरह से बिलासपुर की तर्ज पर यहां भी पार्क बन जाए। ताकि लोगों को राहत मिल सके।
>
> - इंद्रजीत यदुवंशी

> कुछ साल पहले यहां पार्क हुआ करता था। लोग दूर-दूर से यहां आया करते थे। दोबारा से अगर पार्क बन जाए तो लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। बैठने का एक स्थान भी मिल जाएगा।
>
> - हरदीप सिंह

> शीशमहल के नाम से किसी जमाने में पार्क था अब सिर्फ जगह रह गई है। कांवड़ के समय यहां सफाई करा दी जाती है। बाकी समय गंदगी के ढेर लगे रहते हैं।
>
> - वेदपाल शर्मा

वृद्ध किसानों को केंद्र सरकार दे पेंशन

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अंबावता की महापंचायत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने कहा कि देश में कहीं भी चुनाव करा लें, जब तक ईवीएम से चुनाव कराये जायेंगे तब तक निष्पक्ष होना असंभव हैं।

केन्द्र सरकार ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव करा लें तो नतीजा देख ले कि उनकी सरकार बनती हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार वृद्ध किसानों को पेंशन दे रही है। केन्द्र सरकार से मांग की है कि वृद्ध किसानों को पेंशन दी जाए।

इस पर सरकार चुप्पी साधे बैठी है। इस मौके पर अनीस गाजी, सरदार मणि सिंह, कामरान शाह खां, फरीद खां, शाह आलम खां, हारुन खां, सरदार सुच्चा सिंह, अनिल, जरीफ, शादाब खां, बाबर खां, अबु जर गाजी आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सभी को करनी चाहिए गोमाता की रक्षा : गोयल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : विधि प्रकोष्ठ की सह संयोजिका रजना शर्मा ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद के सदस्यों पर हुई कार्रवाई की निःशुल्क कानूनी सहायता देने एवं धर्म की रक्षा करने आदि उदेश्यों पर विचार विमर्श हुआ।

विश्व हिन्दू परिषद की विधि प्रकोष्ठ की बैठक जिला सहकारी बैंक सभागार में हुई। सह संयोजिका का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। मेरठ प्रांत के संयोजक प्रभात गोयल ने कहा कि सभी को गो माता की रक्षा करनी चाहिए।

नदियों को साफ सुथरा रखना चाहिए। इस मौके पर जिला संयोजक लालता प्रसाद, विनय शर्मा, विपिन कश्यप, चंद्र किशोर लोधी, जमुना प्रसाद लोधी, अखिलेश, धर्मपाल सिंह, कुंवरपाल, मनोज गंगवार, विपिन आदि मौजूद रहे।

एक नजर

बिजारखाता में मकान और दुकानों पर नोटिस चस्पा

मसवासी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव बिजारखाता में लोक निर्माण विभाग ने शनिवार को अतिक्रमणकारियों के मकान एवं दुकानों पर नोटिस चस्पा किए गए। इससे अतिक्रमणकारियों में खलबली मची रही। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता द्वारा चस्पा किए गए नोटिस में कहा गया है कि अतिक्रमणकारियों ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान अथवा दुकानों का निर्माण करा लिया है। चेतावनी दी कि एक सप्ताह के भीतर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कर दें। अन्यथा विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जायेगी। नोटिस चस्पा होने से अतिक्रमणकारियों में खलबली मची है।

राशन कार्ड बनवाने के लिए सीएम को भेजा पत्र

रामपुर, अमृत विचार : इंडियन नेशनल लीग पार्टी के जिलाध्यक्ष मुजम्मिल ने लोगों के राशन कार्ड बनाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। इसमें उनका कहना है कि कार्ड बनाने के लिए कई बार जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन दे चुके हैं। लेकिन कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। कहा कि राना, अफसाना और नूर बी के कार्ड बनने हैं। मांग की है जल्द ही कार्ड बनाए जाएं।

बिजली चोरी में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

रामपुर, अमृत विचार : बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए की गई चेकिंग में टीम ने चार घरों में बिजली चोरी पकड़ी। टीम में शामिल अवर अभियंता बीपी सिंह ने बताया कि बाबा दीप सिंह नगर के चार घरों में अतिरिक्त केबिल के सहारे चोरी हो रही थी। चारों उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली अधिनियम की धारा के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। चोरी पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

अस्पताल में 885 रोगियों की हुई ओपीडी

रामपुर, अमृत विचार : बदलते मौसम के चलते जुकाम, खांसी, बुखार के साथ सांस रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सकों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। शनिवार को जिला अस्पताल में 885 मरीज ओपीडी में पहुंचे। इनमें ज्यादातर खांसी, जुकाम और बुखार से पीड़ित थे। जनरल फिजिशियन डा. शशांक झा, सजय अग्रवाल ने मरीजों को सलाह दी कि अभी ऊनी व गर्म कपड़ों का प्रयोग करें। खानपान पर विशेष ध्यान दें।

भागवत कथा में मौजूद भक्त। ● अमृत विचार

मां भगवती की उपासना से जीवन में रहता है सुख : राजेंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ज्वालानगर स्थित गणेश वैंक्वेट हाल में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा के आठवें दिन कथा वाचक आचार्य राजेंद्र तिवारी ने भक्तों को मां दुर्गा की कथा सुनाई।

आचार्य राजेंद्र ने कहा कि दुर्गम नाम के असुर का उद्धार करने से माता दुर्गा का प्राकट्य हुआ। जो भी भक्त माता दुर्गा की उपासना करता है, उसके जीवन में सुख-समृद्धि व यश की प्राप्ति होती है। जो भी भक्त श्रद्धा के साथ माता जगदंबा की उपासना करता है, उसका सारा कष्ट माता भगवती दूर करती है। माता भगवती हमें धन, विद्या और संतान देती है। इसलिए जो भी भक्त मां भगवती की उपासना करता है, उसके जीवन में सुख-समृद्धि व यश का वास होने लग जाता है। कथा में दिल्ली से आए प्रकाश जोशी, पूरन कांडपाल और मुख्य यजमान हेमंत कुमार पांडेय समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

तमंचा और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

भोट, अमृत विचार : पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी का चालान कर दिया है।

शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि खूंटाखेड़ा चौराहे पर सतराखेड़ा पुलिया के पास से एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख वहां खड़ा व्यक्ति जंगल की ओर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 12 बोर का तमंचा व कारतूस मिला। इस पर पुलिस युवक को गिरफ्तार करके थाने ले गई। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि थाना क्षेत्र के ही मिलक बादुल्ला गांव निवासी नाहिद से तमंचा व कारतूस बरामद होने पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

मौसम वैज्ञानिकों ने जताई संभावना, शनिवार को लोगों ने लिया गुनगुनी धूप का लुत्फ

19 और 20 को गरज-चमक के साथ वर्षा के आसार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 19 और 20 फरवरी को गरज-चमक के साथ मध्यम वर्षा हो सकती है। हालांकि शनिवार को सुबह से खिली गुनगुनी धूप का लोगों ने लुत्फ लिया। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार कभी सर्दी और कभी गर्मी रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है। शनिवार को अधिकतम पारा 27 डिग्री तक पहुंच गया। लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। हालांकि, सर्द हवा चलने से सर्दी का अहसास भी होता रहा।

फरवरी में तापमान एक जैसा नहीं रहने से फसलों को नुकसान हो सकता है। बसंत पंचमी के बाद से मौसम में बदलाव आ रहा है। शनिवार को पूरे दिन धूप खिली होने से गर्मी का अहसास भी हुआ। लेकिन सर्द हवा चलने के कारण लोगों को सर्दी से राहत नहीं मिली। जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने बताया कि मौसम का यह बदलाव रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने बताया कि कोहरे से गेहूं की फसल को लाभ पहुंचता है।



खेत में खिले सरसों के फूल।

हाल-ए-मौसम

- आद्रता 29 प्रतिशत
- वायु वेग 13 किमी. प्रतिघंटा

रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है कभी सर्दी, कभी गर्मी

> 19 और 20 फरवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है।
> –डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

सरसों के पौधे का रस चूसता है माहू कीट

कृषि वैज्ञानिक लक्ष्मीकांत बताते हैं कि सरसों में दाने भरने की अवस्था में दूसरी सिंचाई करें। माहू कीट पत्ती, तना, फली सहित संपूर्ण पौधे के रस को चूसता है। इसके नियंत्रण के लिए प्रति हेक्टयर थायामेथोग्जाम 25 डब्ल्यू डीजी 125 ग्राम को 800 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। बीमारियों या माहू का प्रकोप एक साथ होने पर किसी एक फफूंदीनाशक या कीटनाशकों को मिलाकर प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि मटर में पाउडरी मिल्डिव (जिसमें तने, फलियों पर सफेद पाउडर फैल जाता है) की रोकथाम के लिए प्रति हेक्टेअर घुलनशील गंधक तीन किलोग्राम या टीयाडिमेफोल 25 डब्ल्यू पी 400 ग्राम 800 लीटर पानी में घोलकर 10 से 20 दिन के अंतराल पर छिड़काव करें। आलू की फसल में झूलसा रोग का प्रकोप वातावरण में नमी और बादल के बढ़ने और तापमान में गिरावट के कारण तेजी से फैलता है। इसकी रोकथाम के लिए मैनकोजेब या रिडोमिल 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी या कॉपर आक्सीक्लोराइड 3 ग्राम प्रति लीटर पानी का प्रयोग करें। घोल बनाकर 15 दिन के अंतराल पर आसमान साफ होने पर छिड़काव करें।

जनपद में 4.5 करोड़ रुपये से तैयार होंगी 13 सड़कें, फर्राटा भरेंगे वाहन

सड़कों के निर्माण को मिली स्वीकृति, राहगीरों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जनपद में 13 सड़कों को शासन से स्वीकृति मिल गई है। इन सड़कों के निर्माण पर साढ़े चार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए विभागीय स्तर पर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक माह में यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को बुरा हाल है। सड़कों में गहरे गड्ढे हो गए हैं। ऊबड़-खाबड़ सड़कें होने की वजह से लोगों को अवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काफी समय से ग्रामीण सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे। इस पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिए थे। शासन स्तर से सड़कों के निर्माण की मंजूरी मिलनी शुरू हो गई है। शासन ने लोक निर्माण विभाग की 13 सड़कों के निर्माण की मंजूरी दे दी है। इनकी कुल लम्बाई 15 किलोमीटर है। इन सड़कों के निर्माण पर करीब साढ़े चार करोड़ रुपये खर्च होंगे। सड़कों के निर्माण के लिए विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़कों का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा।

पनवड़िया की ओर जाने वाली बदहाल सड़क। ● अमृत विचार

> सड़कों के निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक माह में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।
> –केवी सिंह, एक्सईएन लोनिवि, निर्माण खंड

इन सड़कों का होगा निर्माण कार्य

मालगोदाम तिराहे से जौहर अस्पताल मार्ग, एनएच24 लालपुर पट्टी, कुंदनपुर मार्ग से पट्टी कादर खां मार्ग, पंजाबनगर से जौलपुर मार्ग की छह किलोमीटर से मझरा मंडौली मार्ग, एनएच-24 लालपुर पट्टी कुंदनपुर मार्ग से मझरा हाजीनगर मार्ग, ग्राम पनवड़िया से अलीनगर की ओर जाने वाला मार्ग, पंजाबनगर जौलपुर से गोहनपुर तक। नईमगंज से बकैनिया मार्ग का निर्माण, सीआरपीएफ हाउसिंग कालोनी से रेलवे फाटक मार्ग का निर्माण, रामपुर-शाहबाद, रहटगंज, हरदासपुर मार्ग, ककरौआ से अब्बास नगर मार्ग का निर्माण, गांधी समाधि से राष्ट्रीय राजमार्ग-24 बाईपास तक मार्ग का मरम्मत कार्य होना है।

युवती से अश्लीलता करने वाले आरोपी को तलाश रही पुलिस

मसवासी, अमृत विचार : किशोरी की ओर देखकर अश्लील हरकतें और इशारे करने के मामले में पीड़िता की मां की ओर से आरोपी के खिलाफ स्वार कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपी को तलाश रही है।

नगर के एक मोहल्ले में रहने वाला युवक किशोरी को रास्ते में आते-जाते अश्लील हरकतें व इशारे करता है। गुरुवार को भी छत पर बैठी किशोरी की ओर युवक अश्लील इशारे कर रहा था। कई बार समझाने की कोशिश की गई लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। युवक की इन हरकतों की वजह से किशोरी का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था।

किशोरी ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। चौकी इंचार्ज अमित चौधरी ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर नगर के मोहल्ला धीमरखेड़ा, वार्ड संख्या-9 निवासी सूरज पुत्र राधे के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

निशान यात्रा में शामिल भक्त। ● अमृत विचार

संकीर्तन से पूर्व निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : रविवार को नगर में होने वाले संकीर्तन की पूर्व संध्या पर शनिवार को निशानी यात्रा निकाली गई। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम फागुन महोत्सव के उपलक्ष्य में निशान यात्रा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई।

यात्रा विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान श्याम प्रेमियों ने फूलों की होली खेली। श्याम बाबा के जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। यात्रा का आरंभ होली चौराहा स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर से किया गया। यात्रा का श्याम कीर्तन स्थल पर समापन किया गया। निशान यात्रा में बाबा की सुंदर छवि को रथ पर सवार कर श्याम प्रेमी बाबा के निशान लेकर डीजे की धुन पर नाचते व जयकारे लगाते चल रहे थे।

संकीर्तन स्थल पर पहुंचकर श्याम प्रेमियों ने बाबा की आरती कर निशान यात्रा का समापन किया। रविवार की सायं रामलीला मैदान में श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

संकीर्तन में प्रसिद्ध गायक कलाकार सुंदर भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस दौरान अभिषेक अग्रवाल, सुरेंद्र गिरी, वीरेंद्र कश्यप, मनोज गुप्ता, सुरेन्द्र शर्मा, प्रभात गुप्ता, अंकुर शुक्ला, वैभव अग्रवाल, जलज गुप्ता, प्रखर, प्रवीन शर्मा आदि सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

भाजपा ने हर वर्ग के उत्थान को किया काम

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : भाजपा के एमएलसी के प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नेता महेश कुमार गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के उत्थान का काम किया है। बुजुर्गों के लिए वृद्धा पेंशन लागू की तो युवाओं के लिए रोजगार के तमाम अवसर, गृहणियों के लिए उज्ज्वला योजना और किसानों के लिए सम्मान निधि योजना चलाई। कोई भी वर्ग विकास की बयार से अछूता नहीं रहा।

शनिवार को नगर पंचायत के मंगोली स्थित बूथ संख्या 189 पर प्रवास के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारियों में शिद्दत से जुट गई है। इसी के तहत गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसमें भाजपा कार्यकर्ता बुधवार को बूथों पर जुटे रहे। उन्होंने वहां प्रवास के दौरान पार्टी की उपलब्धियां गिनाईं और पार्टी द्वारा कराए गए कार्यों की प्रकाशित सामग्री भी वितरित की। मंगोली स्थित बूथ पर एमएलसी के प्रतिनिधि के नेतृत्व में बूथ अध्यक्ष ओम प्रकाश, रामधुन, रामचंद्र, रंबल, सुरेश, रामफूल सरवन, रामौतार आदि रहे। किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रामजी मौनी पांडेय के नेतृत्व में गो पूजन किया। इस अवसर पर रमेश कठेरिया, रामगोपाल, राकेश कश्यप, सुभाष पांडेय, रामानंद पांडेय, भगवानदास पाल आदि रहे।

बूथ पर लोगों को पार्टी की प्रकाशित सामग्री बांटते महेश गुप्ता। ● अमृत विचार

छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने का तीसरा आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : घर में घुसकर दुष्कर्म के प्रयास से आहत महिला भाजपा नेता की कक्षा आठ में पढ़ने वाली बेटी के आत्महत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया है। जबकि तीसरा आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है।

मामला सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की एक कालोनी का है। महिला भाजपा नेता की करीब 13 साल की बेटी कक्षा आठ की छात्रा थी। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे उसने घर के कमरे में गले में दुपट्टा डालकर पंखे से लटक कर जान दे दी थी। घटना की जानकारी मिलते ही महिला भाजपा नेता अन्य भाजपाइयों के साथ अपने घर पहुंची थी। जहां उन्होंने बेटी को पंखे पर लटका हुआ पाया था। पुलिस ने देर रात महिला भाजपा नेता की तहरीर के आधार पर कुनाल गुप्ता, अभिषेक चंद्रा और ओम वशिष्ठ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी पहाड़ी गेट स्थित काशीराम कॉलोनी निवासी कुनाल गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया था। जबकि तीसरे आरोपी की गिरफ्तार को पुलिस दबिश दे रही है। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष अजय मिश्रा ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े जाएंगे दिव्यांग

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की पहल की गई है। प्राथमिक विद्यालय हिम्मतपुर में शनिवार को शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। अभिभावकों को भी बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया।

समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह शिक्षित बनाने पर जोर है। दिव्यांग बच्चों को शिक्षण देना परिषदीय स्कूलों में चुनौती था, लेकिन अब परिषदीय विद्यालय भी इसके लिए तैयार हो रहे हैं। प्रत्येक स्कूल के प्रधानाध्यापक को इसका नोडल बनाया गया है। उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। हिम्मतपुर गांव के संविलियन विद्यालय में 100 शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार को संपन्न हुआ। टीओटी सुशील कुमार ने बताया कि 150 शिक्षकों का दूसरा बैच सोमवार से शुरू किया जाएगा। टीओटी भूरे सिंह, जोगराज सिंह प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस मौके पर शिवरतन, आरिफ रजा खां, जाहिद हुसैन, जरका निसार, नीलम रावत, अम्बरीन खानम, निधांशु रस्तोगी, महेशपाल सिंह, सुभाष पाण्डेय, आसिद अहमद, इकरार हुसैन, सत्यप्रकाश, इंदल सिंह, मोहम्मद शुएब, आदिल रऊफ आदि रहे।

संविलियन विद्यालय में प्रशिक्षण लेते शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

लापरवाही जिला अस्पताल रोजाना आ रहे 30-35 मामले, लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी शहरवासियों को नहीं मिल रही निजात

कुत्तों ने 42 दिन में 1314 लोगों को काटकर किया घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर की जनता को कुत्तों से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका की ओर से लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके बाद भी कुत्तों का खौफ कम नहीं हो रहा है। हर रोज गली-मोहल्ले में कुत्तों के झुंड आते-जाते लोगों पर हमला कर रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी के अनुसार पांच जनवरी से 16 फरवरी तक 1314 लोगों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगी हैं। इस प्रकार रोजाना ओपीडी में 30-35 मामले आ रहे हैं। इनमें ज्यादातर शहरी क्षेत्र के हैं।

नगर पालिका का कुत्तों को पकड़ने का अभियान भी बेअसर साबित हो रहा है। ऐसा तब है जब 44 लाख रुपये का एनिमल बर्थ कंट्रोल टीम का ठेका पालिका की ओर से हो चुका है। कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई खास इंतजाम नहीं है। कुत्तों की संख्या रोकने के लिए नसबंदी का काम भी धरातल पर नहीं उतर रहा है। एनिमल बर्थ कंट्रोल टीम का काम कुत्तों की नसबंदी कराना है। ताकि उनकी संख्या पर नियंत्रण किया जा सके। शनिवार को मोहल्ला थाना टीन निवासी नदीम की बेटी हूर को कुत्ते ने काट लिया। परिनों ने उसे जिला अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई। इसके अलावा मिलकखानम, पटवाई, किरा और आसपास के कई क्षेत्रों के लोग एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने जिला अस्पताल पहुंचे। सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने वालों की काफी भीड़ रही।

जिला अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाते वृद्ध। ● अमृत विचार

साल दर साल एंटी रेबीज वैक्सीन के आंकड़े

साल	मामले
2021	7353
2022	7311
2023	8547

इन मोहल्लों में अभी भी दहशत

शहर के मोहल्ला राजद्वारा, कलकत्ता, पीला तालाब, लाल कबर, चौकी पाखड़, घेर सलामत खां, शाहबाद गेट, घेर मर्दान खां, बजरिया खानसामा, पीर की पैंठ, नालापार, जेल रोड, पक्का बाग, पक्का पुल, अस्तबल वाली गली, घेर कलंदर खां, बिलासपुर गेट, चपटा, अखाड़ा सोहराब खां में काफी दहशत है। कुत्तों को पकड़वाने के लिए पालिका की ओर से 44 लाख रुपये का ठेका हो चुका है। अभियान को सफल बनाने के लिए एनिमल बर्थ कंट्रोल रूम और पालिका के जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी वजह से दहशत बढ़ती जा रही है।

नहीं हो पा रही नसबंदी

नगर पालिका की टीम ने कुछ दिन पहले चंद कुत्तों को पकड़ा था। इसके बाद कुत्तों का बंध्याकरण नहीं हो सका। इसके बाद से कोई कुत्ता नहीं पकड़ा गया। इसकी वजह से टीम को ईओ ने चेतावनी भी दी थी। लेकिन, इसके बावजूद टीम कुत्तों को पकड़ने और नसबंदी कराने में लापरवाही बरत रही है।

> कुत्तों को पकड़वाने का काम टीम द्वारा किया जा रहा है। पनवड़िया स्थित एनिमल बर्थ सेंटर में रखकर उनका बंध्याकरण किया जा रहा है। यदि इसमें टीम द्वारा सुस्ती बरती जा रही है तो उन्हें चेताया जाएगा।
> –दुर्गेश्वर त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद

तमंचे-कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : सिविल लाइन पुलिस ने तमंचे के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन पुलिस ने समीर निवासी जुठिया थाना शहजादनगर को 12 बोर के तमंचे और दो कारतूस के साथ टिकट गंज तिराहे से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

760 ग्राम चरस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : शहजादनगर पुलिस ने चरस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फैमान निवासी ग्राम बवनपुरा थाना खजुरिया को 400 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा सरताज निवासी मोहल्ला सुकारा नूरी मस्जिद थाना बिलासपुर को 360 ग्राम चरस के साथ ग्राम झुनैया पुल के पास अताईनगर व नानकार जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ शहजादनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कार्यक्रम में मंच पर मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

उद्योग स्थापना के लिए किया छात्र-छात्राओं को जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल ने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर उद्योग स्थापना के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरणा दी।

शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों, सेवारत शिक्षाविदों का एक दिवसीय उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम दीक्षित कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में हुआ। कार्यक्रम के लिए शासन द्वारा पूर्व कुलपति, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वेटनरी विश्वविद्यालय मथुरा के डा. केएमएल पाठक एवं अपर आयुक्त लखनऊ मंडल रणविजय यादव को नामित किया गया। कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने छात्र-छात्राओं को उद्यम स्थापित करने प्रेरित किया। जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में लाभ लेकर उद्योग स्थापित करने लिए छात्र-छात्राओ को प्रेरित किया। इस अवसर पर दीक्षित कॉलेज के संस्थापक जागेश्वर दयाल दीक्षित के साथ अधिकारी एवं कॉलेज के कर्मचारी और लगभग 500 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

पेपर काफी अच्छा था। जैसी तैयारी की थी, लगभग उसी के अनुसार आया था। इसके अलावा परीक्षा केंद्र पर बेहतर व्यवस्था की गई थी।
-कोमल सिंह, अभ्यर्थी

पेपर तो ठीक था, लेकिन समय की कमी रही। जितना हो सका, उतना अच्छा पेपर किया है। गणित के प्रश्न काफी कठिन थे। थोड़ा समय और मिलता तो और अच्छा करते।
-आदिल, अभ्यर्थी

परीक्षा के हिसाब से हमने तैयारी ठीक की थी और पेपर भी अच्छा दिया है। बाकी परिणाम आने पर पता चलेगा। उम्मीद है कि चयन हो जाएगा।
-सनी कुमार, अभ्यर्थी

मैंने ऑनलाइन तैयारी की थी। उसके हिसाब के पेपर अच्छा था। मैंने अपना 100 प्रतिशत किया है। उम्मीद है कि रिजल्ट भी अच्छा आएगा।
-हिमांशी शर्मा, अभ्यर्थी

गणित और रीजनिंग के प्रश्नों ने उलझाया

मुरादाबाद, अमृत विचार : शनिवार को महानगर के 54 केंद्रों पर दो पाली में कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस सिपाही भर्ती के पहले दिन की परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 50, 352 अभ्यर्थियों में से 48,476 अभ्यर्थी पहले दिन परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के देकर निकले अभ्यर्थियों ने पेपर को संतोषजनक बताया। जबकि कुछ अभ्यर्थियों ने कहा कि गणित और रीजनिंग के प्रश्नों ने थोड़ा परेशान किया। उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों पर भर्ती के लिए शनिवार और रविवार को दो दिन परीक्षा होनी है। शनिवार को दो पालियों में परीक्षा संपन्न कराई गई। सुबह सात बजे से ही अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे। वहीं एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, एसपी देहात संदीप कुमार मीणा, एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंवार समेत सभी सीओ और दस थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में परीक्षा केंद्र का जायजा लेते रहे। पुलिस भर्ती परीक्षा के सहायक नोडल अधिकारी एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि दोनों पालियों में कुल 48,476 अभ्यर्थियों ने पहले दिन परीक्षा दी है।

शनिवार को सुबह की पाली की परीक्षा छूटने के बाद रेलवे स्टेशन रोड पर लगा लंबा जाम। ● अमृत विचार

सड़क चौड़ीकरण कार्य से हुई परेशानी

मुरादाबाद, अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान व्यवस्था संभालने में जुटे पुलिस कर्मियों को सबसे ज्यादा परेशानी कांठ रोड पर हुई। क्योंकि कांठ रोड पर सीवर लाइन और सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। जिसके चलते जगह-जगह बड़े गड्ढे खोद दिए गए हैं। इसलिए पुलिस भर्ती की परीक्षा छूटते ही कांठ रोड पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ा तो व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। सबसे ज्यादा खराब हालात नवीन नगर से अकबर किला और हरथला तक नजर आए। यहां परीक्षा छूटने के बाद काफी लंबा जाम लगा, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 पर स्पेशल ट्रेन में चढ़ने के लिए लगी भीड़। ● अमृत विचार

1,876 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

पहली पाली में 898 और दूसरी में नहीं पहुंचे 978 अभ्यर्थी, सभी केंद्रों पर रही कड़ी सुरक्षा, जैमर लगाए गए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2024 के तहत प्रदेश में सिपाही के 60,244 पदों की भर्ती के लिए शनिवार को जनपद में दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। कड़ी सुरक्षा के बीच हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में 1876 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी।

शनिवार सुबह 10 से 12 बजे और दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक दो अलग-अलग पालियों में भर्ती परीक्षा हुई। जिसमें पहली पाली में 25,176 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, लेकिन 898 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी। इसी तरह दूसरी पाली में कुल 24198 अभ्यर्थी शामिल होने थे, लेकिन दूसरी पाली में 978 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी। इस परीक्षा के लिए जिले में 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्र शहरी क्षेत्र में पड़ने वाले 10 थाना क्षेत्रों में बने हैं। सभी केंद्रों पर परीक्षा के दौरान जैमर गए थे। जिससे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से नकल न हो सके। प्रत्येक केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। जबकि केंद्रों को 18 सेक्टर में बांट कर प्रत्येक पर एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट भी लगाए गए।

डीएम व एसएसपी ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: शनिवार को महानगर के परीक्षा केंद्रों पर पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को कोई ढिलाई न बरतने का निर्देश दिया। केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षा के बारे में और वहां तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेटों से सुरक्षा व परीक्षा की शुचिता की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज, पारकर इंटर कॉलेज, हिन्दू मॉडल इंटर कॉलेज, एमएम डिग्री कालेज, हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज और डीपीजीएस स्कूल में प्रथम पाली के दौरान निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी ली। केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से होने की जानकारी मिली। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को कहा कि पूरी तरह सतर्क रहें। केंद्र की निगरानी में शिथिलता नहीं होनी चाहिए। परीक्षा की शुचिता से कोई समझौता नहीं करेंगे।

पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, साथ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना। ● अमृत विचार

परीक्षा छूटते ही लगा जाम लोग हुए परेशान

मुरादाबाद, अमृत विचार : शनिवार को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की गई व्यवस्था पूरी तरह धड़ाम हो गई। परीक्षा छूटने के बाद देखते ही देखते महानगर में हर तरफ जाम लग गया। रेलवे स्टेशन के सामने वाली सड़क पर तो सबसे लंबा जाम लगा। पुलिस कर्मी चौकस होकर यातायात व्यवस्था सुचारु कराने में जी-जान से जुटे हुए थे। इसी प्रकार बुध बाजार में भी भीषण जाम का नजारा देखने को मिला। इससे दूर-दराज इलाकों से खरीदारी करने पहुंचे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा फव्वारा तिराहे पर भी हालात बेकाबू रहे। यहां भी वाहन कुछ देर के लिए पूरी तरह से थम गए। लगभग डेढ़ घंटे बाद ही यातायात व्यवस्था पटरी पर आई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

हल्दी लगी होने पर भी परीक्षा देने पहुंचा अभ्यर्थी

मुरादाबाद, अमृत विचार : कांठ रोड पर राजकीय पॉलिटेक्निक पर बने परीक्षा केंद्र पर पुलिस भर्ती परीक्षा देने पहुंचे कोमल सिंह की 20 फरवरी को शादी होनी है। जिसके चलते उन्हें शनिवार को हल्दी लगाई है, लेकिन उन्होंने पुलिस भर्ती के लिए आवेदन कर रखा था। कोमल सिंह की परीक्षा दूसरी पाली में थी। इसलिए कोमल सिंह को परीक्षा देने के लिए हल्दी लगी हालत में ही आना पड़ा।

परीक्षा के दौरान बिगड़ी अभ्यर्थी की हालत

मुरादाबाद, अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान डिप्टी गंज स्थित बलदेव आर्य गर्ल्स इंटर कॉलेज में परीक्षा दे रहे एक अभ्यर्थी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसने अचानक पेट में तेज दर्द उठने की शिकायत की। केंद्र से सूचना मिलने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने तत्परता के साथ एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मेडिकल टीम वहां भेजी। टीम ने अभ्यर्थी को दवा दी। डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी को अस्पताल पहुंचाने के लिए केंद्र से बाहर नहीं लाया जा सकता था इसलिए तत्काल केंद्र पर टीम भेजकर उसका उपचार कराया।

वहीं पुलिस कंट्रोल रूम में बैठकर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। । परीक्षा केंद्र के गेट पर शिक्षा विभाग और पुलिसकर्मियों ने अभ्यर्थियों की चेकिंग की। उसके बाद ही उन्हें केंद्र में प्रवेश दिया गया। अभ्यर्थियों को सिर्फ पेन, पहचान पत्र और प्रवेश पत्र साथ ले जाने की इजाजत दी गई। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी निरीक्षण करते रहे। शाम पांच तक दोनों पालियों की परीक्षा पूर्ण हो गई।

दो स्पेशल ट्रेनों से भेजे गए पुलिस भर्ती के परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दोपहर में सात नंबर प्लेटफार्म से पहली गाड़ी लखनऊ भेजी
- शाम को 12 कोच वाली ट्रेन हरदोई के लिए चलाई गई

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पुलिस की कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में शामिल होने आए अभ्यर्थियों को रेलवे ने दो स्पेशल गाड़ी से वापस भेजा। स्टेशन पर भीड़ न हो इसको लेकर रेल प्रबंधन ने पहले से योजना बना ली थी। दोपहर और शाम को ट्रेन सात नंबर प्लेटफार्म से रवाना की गयी। यात्रियों की सहूलियत के मद्देनजर प्रबंधन की ओर से पूरी तैयारी की गयी थी। पहली गाड़ी लखनऊ के लिए रवाना की गयी। दूसरी ट्रेन यहां से हरदोई के लिए चलाई गई दोनों गाड़ियों में परीक्षा देने आए यात्री ही सवार दिखे।

महानगर के परीक्षा केंद्रों की संख्या का अध्ययन करने के आधार पर जिला प्रशासन ने रेल प्रबंधन से मदद मांगी थी। जिसके आधार पर एक नंबर प्लेटफार्म की लूप लाइन में दिन के करीब 12 बजे नई ट्रेन रुकी। स्टेशन पर मौजूद लोग नए कोच वाली गाड़ी को कौतूहल से देखने लगे। इसके बाद गाड़ी प्लेटफार्म संख्या सात की ओर चली गई। इस दौरान स्टेशन पर भीड़ बढ़ने लगी। सिविल पुलिस के जवान, अग्निशमन विभाग की टीम, रेलवे पुलिस और आरपीएफ के जवानों ने दैनिक यात्रियों की सुविधा बहाल रखने के प्रयास में जुट गयी।

स्टेशन परिसर से वाहनों के आने जाने की निगरानी तेज कर दी गयी। दो और चारपहिया वाहनों को स्टैंड की ओर भेजने और समय से परिसर से बाहर का क्रम शुरू हो गया। इस बीच पूछताछ केंद्र से इस बात का ऐलान कर दिया गया कि पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल लोगों के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह, स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार, मुख्य टिकट निरीक्षक विजयंत शर्मा, रेलवे पुलिस अधीक्षक आशुतोष शुक्ल, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी राजन शर्मा टीम के साथ स्टेशन पर मौजूद रहे। लखनऊ की ओर जाने वाली ट्रेन के कोच नहीं खुलने से परीक्षार्थी शोर मचाने लगे। शाम को दूसरी ट्रेन इसी तरह से रवाना की गयी। भीड़ नियंत्रण के लिए रेल प्रबंधन ने स्वयंसेवकों को अलर्ट कर दिया था। मेडिकल टीम मुस्तैद रही। आरपीएफ और जीआरपी के जवान ध्वनि विस्तारक यंत्र से जरूरी संदेश प्रसारित करते रहे। प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन से वार्ता कर तैयारी की गयी थी। सिपाही भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी गयी। दोपहर में लखनऊ तक के लिए गाड़ी चलाई गई। शाम वाली ट्रेन हरदोई स्टेशन तक भेजी गयी।

एक सॉल्वर समेत दो अभ्यर्थी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग ने सेंधमारी कर दी। पुलिस ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र से बिहार के सीतामढ़ी निवासी अवनीश कुमार को गिरफ्तार किया है। अवनीश पहली पाली में ठाकुरद्वारा के शिवनगर निवासी अभिषेक कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया था।

अवनीश ने बताया कि उसका साथी भी डिलारी के इगरा निवासी मनीष कुमार की स्थान पर परीक्षा देने आया है। वहीं दूसरी पाली में पुलिस ने दिल्ली रोड स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल से मनीष को गिरफ्तार किया।

सॉल्वर के भाग जाने के कारण मनीष खुद ही परीक्षा देने पहुंचा था। पुलिस ने दूसरे सॉल्वर की तलाश में रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस अड्डे पर भी घेराबंदी की, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी बिहार के एक गैंग के जरिए यहां परीक्षा देने आए थे। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर इस गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने अवनीश, अभिषेक कुमार और मनीष को गिरफ्तार किया है। जबकि योगेश फरार है।

सिविल लाइंस पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

- अभ्यर्थियों की जगह बिहार से परीक्षा देने आए थे सॉल्वर

आरएन इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

मुकदमे की तारीख पर आई महिला से मारपीट

मुरादाबाद, अमृत विचार: मुकदमे की तारीख पर आई महिला से उसके पति व ससुराल वालों ने मारपीट की। पीड़िता ने सिविल लाइंस थाने में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना गलशहीद क्षेत्र के असालतपुरा में रहने वाली महक की शादी मुगलपुरा थाना क्षेत्र के वारसी नगर में हुई थी। महक ने अपने पति व ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा रखी है। यह मुकदमा फैमिली कोर्ट में चल रहा है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि वह 16 फरवरी को मुकदमे की तारीख पर आई थी। उसके साथ भाई काशिफ भी था। जब वह कोर्ट से बाहर निकली तो रास्ते में पति अजीम, सास यास्मीन, ननदोई शाकिर व जेठ बाबू ने उसे रोक लिया और गाली-गलौच ने लगे। विरोध पर आरोपियों ने उसे व उसके भाई को मारापीटा। इस दौरान पीड़िता के कपड़े भी फाड़ दिए।

सख्ती | ई रिक्शा शोरूम संचालकों को परिवहन विभाग की ओर से आदेश जारी, मनमानी पर होगी कार्रवाई

अब बिना लाइसेंस नहीं चल सकेंगे ई-रिक्शा, होगा चालान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर में यातायात व्यवस्था के सुचारु प्रबंधन के लिए ई रिक्शा चालकों पर सख्ती होगी। बिना लाइसेंस न तो ई-रिक्शा की खरीद हो सकेगी और न चालक बिना लाइसेंस के इसे चला पाएंगे। इसके आदेश परिवहन विभाग की ओर से ई रिक्शा शोरूम संचालकों को जारी किया गया है। इसमें मनमानी दोनों पर भारी पड़ेगी।

ई रिक्शा संचालन के लिए परिवहन विभाग नियमों को सख्ती से लागू कराएगा। अब कोई ई रिक्शा बिना लाइसेंस के न तो खरीदा जा सकेगा और न चला सकेगा। 2019 में मोटर यान नियमावली में संशोधन को अब सख्ती से लागू कराया जाएगा। जिसमें ई रिक्शा का लाइसेंस पाने के लिए न्यूनतम 10 दिन का प्रशिक्षण ई रिक्शा बनाने वाली कंपनी या ड्राईविंग स्कूल द्वारा अनिवार्य कर दिया गया है। बावजूद इसके बिना लाइसेंस के ई रिक्शा सड़कों पर दौड़ रहे हैं। अब इनकी जांच कर चालान व अन्य कार्रवाई होगी।

इसका उद्देश्य महानगर में सड़क दुर्घटना में कमी लाना अधिकारी बता रहे हैं। महानगर में ई रिक्शा की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब सख्त कदम उठाया जा रहा है। जिले में अभी तक 13,000 ई रिक्शा, ई कार्ट पंजीकृत है। जबकि लाइसेंस सिर्फ 1989 के जारी हैं। आंकड़ों के अनुसार सिर्फ 15 प्रतिशत ई रिक्शा चालकों के पास वैध ई-रिक्शा ड्राईविंग लाइसेंस हैं। परिवहन विभाग के अधिकारी खुद मानते हैं कि 5000 ई-रिक्शा फिटनेस फेल संचालित हैं। ऐसे में इनसे हादसे की संभावना अधिक रहती है।

सिविल लाइन स्थित आंबेडकर पार्क के पास से गुजरता ई रिक्शा। ● अमृत विचार

बिना फिटनेस संचालन पर लगेगा 5000 रुपये जुर्माना

सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन आन्जनेय कुमार सिंह का कहना है कि महानगर में बिना लाइसेंस के ई-रिक्शा का संचालन अधिक होने को देखते हुए अब सख्ती की जा रही है। 20 फरवरी से इसके लिए जांच अभियान चलेगा। ई-रिक्शा के संचालकों से अपील है कि वह बिना प्रशिक्षण और लाइसेंस ई-रिक्शा न चलाएं। ई-रिक्शा लाइसेंस के साथ उसका फिटनेस भी जरूरी है। इसके उल्लंघन पर बिना फिटनेस संचालन पर 5000 रुपये का जुर्माना और बिना लाइसेंस ई-रिक्शा चलाने पर भी 5000 रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा।

यह हैं प्रशिक्षण के लिए संचालित संस्थान

जिले में गुप्ता ड्राइविंग ट्रेनिंग कॉलेज द्वारा गुप्ता एसोसिएट्स गोपालपुर नत्थानगला उर्फ कोकरपुर हकीमपुर बाईपास रोड तहसील कांठ व शिनना सबिर मोटर ड्राईविंग ट्रेनिंग स्कूल ताहरपुर, संभल रोड मुरादाबाद ई रिक्शा के प्रशिक्षण के लिए संचालित हैं।

स्मार्ट फोन दिखातीं छात्राएं, साथ में प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा। ● अमृत विचार

स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के तहत गोकुल दास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में स्नातक छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। स्मार्ट फोन पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्राओं को मोबाइल फोन से तकनीकी कौशल का विकास करने में मदद मिलेगी। इस तकनीकी शक्ति के माध्यम से छात्राएं अपने शिक्षण संबंधी कार्य सुचारू रूप से कर सकेंगी, क्योंकि आज के युग में ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण में छात्र-छात्राओं के पास स्मार्टफोन का होना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को स्मार्टफोन का सदुपयोग करने तथा साइबर क्राइम जैसे अपराधों से बचने के निर्देश दिए। महाविद्यालय के उपप्राचार्य ने भी छात्राओं को आधुनिकीकरण में स्मार्टफोन का उपयोग कैसे कर सकते हैं इस बारे में बताया। इस दौरान प्रो कविता भटनागर, डॉ रेनू शर्मा, डॉ शैफाली अग्रवाल, डॉ सविता अग्रवाल और अमित कौशिक का विशेष सहयोग रहा।

एक नजर

सोशल मीडिया पर सतर्क रही पुलिस की नजर

अमरोहा, अमृत विचार : परीक्षा के दौरान पुलिस की सोशल मीडिया सेल टीम सोशल मीडिया पर सतर्क रही। पुलिस का ध्यान इस ओर भी था कि परीक्षा को लेकर कोई अफवाह न फैलाई जाए। पुलिस की तरफ से नोडल अधिकारी बनाए गए एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा को लेकर पुलिस की कई टीमें सोशल मीडिया पर भी सक्रिय है। यदि किसी भी परीक्षार्थी व कर्मचारियों द्वारा परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाई गई तो उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा की परीक्षा केंद्र पर तैनात कोई भी कर्मी मोबाइल फोन नहीं रख सकता। परीक्षा के दिनों में कानून व्यवस्था बनाए जाने के लिए यूपी 112 की गाड़ियों को परीक्षा केंद्र के आसपास तैनात किया गया है।

सेरेमनी में टीएसएम ग्रुप के चेयरमैन को किया आमंत्रित

गजरौला, अमृत विचार : 19 फरवरी को लखनऊ में आयोजित होने वाली 'ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी' में टीएसएम ग्रुप के चेयरमैन अशोक चौधरी को भी आमंत्रित किया गया है। वह भी इस सेरेमनी में निवेश की घोषणा करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार इनवेस्टरों की ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम में बेहतर कार्य कर रहे लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसी क्रम में टीएसएम ग्रुप के चेयरमैन अशोक चौधरी को भी सरकार का आमंत्रण पत्र व पास मिला है। अशोक चौधरी ने गांव दरियापुर बुजुर्ग में 100 बेड का करतार सिंह अस्पताल व गजरौला कालेज आफ फार्मेसी स्थापित किया है। जिससे की क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को गति मिल सके।

कॉलोनी में कूड़े के ढेर

अमरोहा, अमृत विचार : नगर पालिका क्षेत्र की पॉश कॉलोनी आवास विकास में मुख्य द्वार पर कूड़े का अंबार लगा है। लेकिन जिम्मेदार का कोई ध्यान नहीं है। जबकि पॉश कॉलोनी से शहर के कई अधिकारी गुजरते हैं। मुख्य द्वार के पास लगे इस गंदगी का अंबर से दुर्गंध आती है कई बार शिकारी लेकिन गंदगी के अंबर को नहीं हटाया गया।

युवकों में हुई मारपीट

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला कटरा में स्थिति जामा मस्जिद के निकट शनिवार को दो युवकों की बाइकें आपस में टकरा गईं। जिससे दोनों युवकों में जमकर मारपीट हो गई। हंगामा बढ़ता देख मौके पर लोग जमा हो गए। मारपीट कर एक बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया। उधर मारपीट की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर आ गई।

गजरौला में परीक्षा केंद्र के बाहर मौजूद परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और एसपी कुंवर अनुपम सिंह। ● अमृत विचार

कड़ी सुरक्षा के बीच हुई पुलिस भर्ती की परीक्षा

गजरौला, अमृत विचार : नगर के ज्ञान भारती इंटर कॉलेज व शिव इंटर कॉलेज में भी पुलिस भर्ती परीक्षा हुई। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय व महाराजा अग्रसेन कॉलेज में भी परीक्षा आयोजित हुई। सीओ श्वेताभ भास्कर, प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन व क्राइम निरीक्षक बालेन्द्र सिंह ने परीक्षा केन्द्रों पर जायजा लिया।। इंदिरा चौक व खादगूजर तिराहे पर पुलिस ने केन्द्र वाली साइड में बैरेकेडिंग लगाकर यातायात को वनवे रखा। दोनों परीक्षा केन्द्रों पर 1000 से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

जिले भर में शांतिपूर्ण हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

दो पालियों में 34011 परीक्षार्थी हुए शामिल, 1317 रहे गैर हाजिर, कड़ी निगरानी रही

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले में शनिवार को 34 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में दो पालियों में 34011 परीक्षार्थियों ने यूपी पुलिस में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा दी। 1317 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। प्रथम पाली में 17053 शामिल हुए, 611 ने परीक्षा छोड़ दी, जबकि दूसरी पाली में 16958 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 706 गैर हाजिर रहे। परीक्षा के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। रविवार को भी परीक्षा होगी।

शनिवार को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षार्थी सुबह से ही केंद्रों पर पहुंचने शरू हो गए थे। परीक्षार्थियों को चेकिंग के बाद केंद्र में जाने दिया। परीक्षा की पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे तक चली। परीक्षा जोन, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में सम्पन्न हुई। परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा में सरल सवाल थे। सामान्य ज्ञान के अलावा अलग अलग कई बिंदुओं पर प्रश्न पूछे गए थे। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और एसपी कुंवर अनुपम सिंह परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए रहे। उच्चाधिकारियों ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

पुलिस कार्यालय में बने मुख्य कंट्रोल रूम से जिलेभर में परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी गई। इस दौरान नौ सचल दल भ्रमण करते रहे। जैमर लगे होने के कारण परीक्षा केंद्रों के आसपास मोबाइल नेटवर्क जाम रहे। दूसरी पाली दोपहर तीन से पांच बजे तक हुई।

पुलिस ने नहीं लगने दिया जाम : पहले दिन हजारों की संख्या में युवक-युवतियां परीक्षा देने पहुंचे। ऐसे में शहर में जाम की स्थिति न बन सके, इसके लिए पुलिस ने बेहतरीन होमवर्क किया और उसका नतीजा शनिवार को प्रथम दिन की परीक्षा खत्म होने के बाद दिखाई दिया।

अभ्यर्थी की चेकिंग करती महिला कर्मी। ● अमृत विचार



परीक्षा होने के बाद प्रश्न पत्र को लेकर चर्चा करते युवक। ● अमृत विचार

कड़ी चेकिंग के बाद मिला परीक्षा केंद्र में प्रवेश

परीक्षा केंद्रों के गेट पर सुरक्षा के लिहाज से दो महिला कांस्टेबल और दो पुरुष कांस्टेबल तैनात किए गए थे। गेट के बाहर पीआरवी तैनात रही। चार लेयर में परीक्षार्थियों की जांच की गई। प्रवेश पत्र पर परीक्षार्थी का फोटो का मिलान किया गया। आधार कार्ड से प्रवेशपत्र का मैच, बायोमेट्रिक मैचिंग और आंखों की मैचिंग भी कराई गई।

केंद्र पर परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

डीएम और एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

अमरोहा, अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस भर्ती के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने 18 फरवरी को भी होने वाली परीक्षा के संबंध में भी निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा हुई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने हाशमी डिग्री कॉलेज और मैस्को पब्लिक स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी से मानीटरिंग की स्थिति देखी। उपस्थिति और अनुपस्थिति अभ्यर्थियों की जानकारी ली। केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जनपद में 34 केन्द्रों में परीक्षा सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी और सुरक्षा कर्मी भ्रमणशील रहकर अपनी ड्यूटी पर रहे।

मंडी धनौरा में परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

नौ केंद्रों पर हुई पुलिस भर्ती परीक्षा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे

मंडी धनौरा, अमृत विचार : क्षेत्र में 9 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। क्षेत्र के ब्लू वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल, श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, कृष्ण सारस्वत इंटर कॉलेज, भागीरथी देवी महाविद्यालय, एएनडीपी इंटर कॉलेज, वाई एम एस इंटर कॉलेज, वाई एमएस डिग्री व ग्लोबल पब्लिक परीक्षा केंद्र पर सुबह साढ़े सात बजे से ही परीक्षार्थियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की लंबी लाइन दिखाई दी। सुरक्षा के मद्देनजर परीक्षा केंद्र के आसपास 200 मीटर के दायरे की सभी लोगों हटा दिया व दुकानों को बंद कर दिया। उप जिलाधिकारी चंद्रकांता, सीओ परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

रूट डायवर्जन के चलते बदले मार्ग से गुजरे लोग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर रूट डायवर्जन करने से शहर में आने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चालक या तो पैदल शहर में आए या फिर रास्ता बदलकर गुजरे। सड़कों पर लोगों की आवाजाही भी कम रही।

पुलिस भर्ती परीक्षा के चलते रूट डायवर्जन किया गया था। शहर के गांधी मूर्ति, रोड, बंबूगढ़ चौराहा, कोट चौराहा जोया रोड, बिजनौर रोड, अतरासी रोड पर पुलिस बल की तैनाती रही। लोग दूर से ही रास्ता बदलकर निकले। जोया रोड, बिजनौर रोड, अतरासी रोड के साथ ही नौगावां सादात रोड, उधर बंबूगढ़ चौराहा, कैलसा बाईपास रोड और कांठ रोड पर ऑटो व ई-रिक्शा का संचालन रोके जाने से लोग सवारी की तलाश में पैदल ही गंतव्य की और बढ़ते नजर आए। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती के चलते बिजनौर रोड, गांधी मूर्ति चौराहा, आजाद रोड, रेलवे स्टेशन रोड, कैलसा बाईपास रोड पर सन्नाटे के बीच यात्री बड़ी संख्या में भारी सामान उठाकर खुद ही गंतव्य की ओर पैदल चलते दिखाई दिए। रूट डायवर्जन के चलते लोगों को परेशानी हुई।

सीएचसी में जानकारी लेती चिकित्सकों की टीम। ● अमृत विचार

टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : चिकित्सकों की टीम शनिवार को सीएचसी पहुंची। वहां उन्होंने कायाकल्प के तहत निरीक्षण किया। सीएचसी की ओपीडी, दवाओं का रखरखाव समेत 56 बिन्दुओं पर सीएचसी का निरीक्षण किया। सीएचसी मंडल में प्रथम व प्रदेश में चौथे स्थान प्राप्त कर चुकी है।

गजरौला सीएचसी में शनिवार को कायाकल्प की टीम में शामिल लखनऊ के चिकित्सक डॉ. आस मोहम्मद, मुरादाबाद से डॉ. आरिफ व सम्भल से डॉ. जया पहुंचे। उन्होंने ओपीडी में मरीजों की संख्या व चिकित्सक का ओपीडी रजिस्टर चेक किया। मेडिकल स्टोर के अलावा ओटी आदि का निरीक्षण भी किया। चिकित्साधीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2024 में कायाकल्प के तहत टीम ने सीएचसी का निरीक्षण किया है।

पुलिस ने जुआ खेलते तीन आरोपी पकड़े, ताश के पत्ते व नकदी बरामद

अमरोहा, अमृत विचार : आदमपुर पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 1050 रुपये व ताश के 52 पत्ते बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी निशांत राठी ने बताया कि शनिवार को पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि गांव आदमपुर में जुआ चल रहा है। इस दौरान पुलिस ने छापेमारी करते हुए जुआ खेल रहे तीन आरोपी राजवीर पुत्र लेखराज, बबलू उर्फ ओम प्रकाश, देवराज पुत्र शिवचरण को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 1050 रुपए व 52 ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गैर इरादतन हत्या के मामले में 3 लोगों को तीन-तीन साल कैद

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

निर्णय

- कोर्ट ने आरोपियों पर 36 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया
- हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू में हुई थी घटना

अमृत विचार : कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन लोगों को तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोषियों पर 36 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

यह मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा है। 24 अगस्त 2017 को गांव रुखालू निवासी किसान राजवीर सिंह अपने भाई मुरारी के साथ खेत में काम रहे थे। वहीं, गांव के ही कुछ लोग अपनी फसल में पानी चलाने के लिए उनके खेत में नाली बना रहे थे। राजवीर सिंह और मुरारी ने इन लोगों को खेत में नाली बनाने से रोका तो आरोपी चंद्रपाल, कंचन और शोलू ने दोनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सिर में चोट लगने से राजवीर सिंह गंभीर घायल हुए थे। मुरादाबाद के अस्पताल में इलाज के दौरान राजवीर सिंह की मौत हो गई थी।

मामले में मुरारी सिंह ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, एससी-एसटी एक्ट व गैर इरादतन हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। केस की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एससी-एसटी एक्ट कुसुम लता की कोर्ट में हो रही थी।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज सक्सेना ने मजबूत पैरवी की। साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने शनिवार को चंद्रपाल, शोलू व कंचन को दोषी करार देते हुए तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई है साथ ही 36 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया।

शब-ए-बारात पर सुविधाओं को लेकर एडीएम से मिले लोग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : शब-ए-बारात की तैयारियां के मद्देनजर मुस्लिम कमेटी पदाधिकारियों ने पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

शनिवार को कमेटी के पदाधिकारी कलक्ट्रेट पहुंचे। एडीएम सुरेंद्र सिंह से मुलाकात की। बताया कि 25 फरवरी को शब-ए-बारात मनाई जाएगी। कब्रिस्तानों और मस्जिदों में रातभर इबादत का सिलसिला चलता है वहीं शहर में शाम को अनार वाली ज्यारत पर जलसा-ए-नूर का आयोजन भी होगा। इस दौरान शहर में पथ प्रकाश, सफाई निर्बाध बिजली एवं पेयजलापूर्ति की व्यवस्था किए जाने की मांग की। संबंधित विभागीय अधिकारियों को इस बाबत निर्देशित करने पर जोर दिया। यहां के बाद पुलिस कार्यालय पहुंचे, प्रतिनिधिमंडल ने एसपी की गैर मौजूदगी में सीओ को ज्ञापन सौंपा। शब-ए-बारात के मद्देनजर शहर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त के साथ ही , गांधी मूर्ति व रेलवे स्टेशन आंबेडकर पार्क पर पुलिस बल की मौजूदगी के अलावा ट्रैफिक संचालन के लिए आयोजन स्थल पर यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती करने की मांग की। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष सरताज आलम मंसूरी, मंसूर अहमद एडवोकेट, हाजी खुर्शीद अनवर,पूर्व सभासद हाजी इकरार अंसारी, कमर नकवी आदि रहे।

खेल राजकीय पॉलीटेक्निक सुतावली में हुई दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, वॉलीबाल प्रतियोगिता

खेलकूद प्रतियोगिता में राजवर्धन रहे चैंपियन

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचारः न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक सुतावली में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजवर्धन उपाध्याय चैंपियन बने।

शनिवार को दूसरे दिन खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। 100 मीटर, 200, 400, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, वॉलीबाल प्रतियोगिता हुई। दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर राजवर्धन उपाध्याय, ऊंची कूद बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर विकास रहे। लंबी कूद बालक वर्ग में सूरज कुमार प्रथम रहे। बैडमिंटन बालिका वर्ग में सवाईश श्रीवास्तव प्रथम , बैडमिंटन (सिंगल) बालक वर्ग में नीरज कुशवाहा प्रथम, टेबिल टेनिस बालक वर्ग में अमितोष चौबे प्रथम, जेवलिन थ्रो एवं डिस्कस थ्रो बालक वर्ग में इकबाल अहमद प्रथम, शॉटपुट थ्रो बालक वर्ग में अनुराग पाल प्रथम, बॉलीबाल में रमन हाउस की टीम विजेता रही। कलाम हाउस की टीम उपविजेता रही। विजेता खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य ने ट्रॉफी, मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

इस दौरान प्रधानाचार्य लख्मीचंद ने छात्रों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलों के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान कार्यक्रम में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी प्रवीण टिंगल, अभिनव जैन, अश्वनी कुमार, मो० शोएब सिद्दीकी, कमल कुमार, अमित कुमार,राहुल कुमार, डॉ. जितेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

संभल में प्रधानमंत्री को ज्ञापन देंगे शिव सैनिक

हसनपुर, अमृत विचारः जिला कार्यालय में शनिवार को हुई शिवसेना की बैठक में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को हरिहर मंदिर के तले खुलवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

नगर के बाईपास मार्ग स्थित शिवसेना के जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक में जिला प्रमुख वेदप्रकाश यादव ने कहा कि संभल स्थित हरिहर मंदिर पर जल चढ़ाने को लेकर शिवसेना कार्यकर्ता अपनी गिरफ्तारी देते आते हैं। 19 फरवरी को प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री जनपद संभल में कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास करने आ रहे हैं। प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर शिवसेना कार्यकर्ता मुरादाबाद में एकत्र होंगे और वहां से संभल के लिए कुच करेंगे, संभल स्थित हरिहर मंदिर का ताला खुलवाने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव, विकास यादव, राजकुमार सागर, अतुल अग्रवाल आदि रहे।

बैठक में मौजूद कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

पदाधिकारियों ने पार्टी की मजबूती पर दिया जोर

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में डॉ. इरफान सैफी को कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का जिला चेयरमैन बनने पर उनका स्वागत किया गया।

नगर के बाईपास मार्ग स्थित कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें कार्यकर्ताओं ने डॉ. इरफान सैफी को कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का चेयरमैन मनोनीत करने पर हार्दिक आभार व्यक्त किया। पूर्व सचिव अफसर अली खान ने कहा कि इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस दौरान नगर अध्यक्ष छुन्नन भारती, नसीमुद्दीन सैफी,नफीस चिश्ती,नौशाद खान, सुशील मसीह,शाहनवाज,सत्तार खान, विरासत सैफी, इलियास अंसारी, इस्लामुद्दीन अंसारी, शकील अहमद,आरिफ अंसारी, पवन सैनी, राहत कुरैशी आदि मौजूद रहे।

एक नजर

सुलह समझौते से 7 दंपती का विवाद समाप्त

बहजोई,अमृत विचार : रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर 7 दंपती ने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त करते हुए एक बार फिर से साथ रहने का फैसला किया। महिला सेल उप निरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि कुल 48 पत्रावली सुनकर 14 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। 7 परिवारों को मिलाया गया। वहीं 7 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद की गई।

दो बाइक की टक्कर में दो लोग घायल

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव सिंहपुर सानी के पास दो बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में गांव सिंहपुर सानी निवासी हर्षित और अमरोहा जिले के गांव गंगवार निवासी राशिद घायल हो गए। जबकि राशिद की भतीजी दानिया बाल बाल बच गई।

प्रधानमंत्री के कल आगमन को देखते हुए छावनी में तब्दील हुआ आयोजन स्थल, हेलीकॉप्टर लैंडिंग का ट्रायल हुआ

कल्कि धाम स्थल पर हेलीपैड व सभा पंडाल बनकर तैयार

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: जनपद के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास के कार्यक्रम में कल 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए हेलीपैड से लेकर सभा पंडाल तक ज्यादातर व्यवस्थाएं पूर्ण हो गई हैं। शनिवार को हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर की टेस्ट लैंडिंग कराई गई। प्रधानमंत्री के आगमन में एक दिन बचा है तो आयोजन स्थल पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। डीआईजी मुनिराज जी ने सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेकर अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिये।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐंचोड़ा कम्बोह में सोमवार को कल्कि धाम का शिलान्यास करेंगे। शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री यहां एक बड़ी सभा को भी संबोधित करेंगे। आयोजन स्थल पर प्रधानमंत्री के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के लिए हेलीपैड बनकर तैयार हुए तो

ऐंचोड़ा कम्बोह में प्रधानमंत्री की सभा के लिए बनकर तैयार हुआ पंडाल।

▸▸ कई जनपदों की पुलिस के साथ ही अर्द्धसैनिक बल के जवान भी पहुंचे

शनिवार सुबह से लेकर दोपहर बाद तक इन हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर की कई बार टेस्ट लैंडिंग कराई गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री की सभा के लिए पंडाल भी बनकर तैयार हो गया है। शनिवार दोपहर को प्रधानमंत्री के संबोधन के लिए साउंड सिस्टम लगाने का काम भी पूरा कर लिया गया। वीआईपी से लेकर प्रेस और आम जनमानस के पंडाल में प्रवेश के लिए अलग-अलग गेट बनाये गये हैं। इन प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा की गहन जांच की व्यवस्था रहेगी। जहां प्रधानमंत्री शिलान्यास करेंगे वहां आम जनमानस की आवाजाही रोक दी गई है। शनिवार दोपहर को डीआईजी मुनिराज जी ने आयोजन स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों को जांचा। डीआईजी ने एसपी कुलदीप सिंह गुनावत को आवश्यक निर्देश भी दिये।

शास्त्रीय परम्पराओं का होगा पालन : स्वामी संपूर्णानंद



संभल, अमृत विचार : कल्कि धाम में संत सत्कार व अन्य व्यवस्थाओं का जिम्मा संभाल रहे हरियाणा के कुरुक्षेत्र से आये स्वामी संपूर्णानंद ने कहा कि देश और दुनिया के सनातन प्रेमियों व कल्कि भक्तों के लिए वह महान खुशी का पल होगा जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल्कि धाम का शिलान्यास करेंगे। आचार्य प्रमोद कृष्णम के प्रयास से यह दिन देखने को मिल रहा है। उन्होंने कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान शिलान्यास की संपूर्ण शास्त्रीय परम्पराओं को निभाते हुए आचार्य लोग विधि विधान का पालन करते हुए शिलान्यास करायेंगे। कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की ब्रह्मचारिणियां स्वस्ति गान व मंगल गान करेंगी। वह वेद के मंत्रों का गायन व मंगलाचरण करेंगी।

विदेशों से भी आ रहे कल्कि भक्त :स्वामी कल्याण देव

संभल, अमृत विचार : स्वामी कल्याण देव ने कहा कि कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में 15 से 20 हजार साधुओं के पहुंचने का अनुमान है। उनके रहने, खाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए भक्तों में भारी उत्साह है। देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग आ रहे हैं। कनाडा से मेजर राधे सिंधु और लाजपत पाराशर रवाना हो गये हैं। कई अन्य देशों से भी भक्तों ने अपने टिकट बुक करा लिए हैं। डा. इमाम उमर अहमद इलियासी भी कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे।

कल्कि धाम शिलान्यास महत्वपूर्ण सांस्कृतिक व आध्यात्मिक अवसर

कार्यालय संवाददाता,संभल

▸▸ महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने कल्कि धाम शिलान्यास से पहले भेजा संदेश

अमृत विचार: ऐंचोड़ा कम्बोह में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कल्कि धाम का शिलान्यास करने से पहले देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल्कि धाम शिलान्यास को लेकर शुभकामना संदेश जारी किया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संभल की पावन भूमि पर आगामी 19 फरवरी को श्री कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास किया जाना एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अवसर होगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दृढ़ मान्यता थी कि धर्म और सत्य पर आधारित राजनीति के द्वारा ही जनकल्याण संभव है। राम राज्य की अवधारणा को गांधी जी ने भारत के स्वराज का आदर्श माना था। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने आगे लिखा कि यह प्रसन्नता की बात है कि देश-विदेश में भारत की आध्यात्मिक और नैतिक विरासत के प्रतीक स्वरूप महान देवालयों में प्राण प्रतिष्ठा द्वारा देश की सामाजिक और राजनीतिक चेतना में नई ऊर्जा का संचार किया जा रहा है। भगवान राम के अवतरण की तरह भगवान कल्कि का अवतार भी दुष्प्रवृत्तियों के विनाश और सत्य प्रवृत्तियों के उत्कर्ष का कालखंड होगा। श्री कल्कि धाम मंदिर के निर्माण का संकल्प कालातीत सनातन मूल्यों को पुन स्थापित करने की दिशा में वंदनीय प्रस्थान है। अंत में राष्ट्रपति ने अपने संदेश में लिखा कि इस शुभ संकल्प की सिद्धि के लिए मैं हृदय से शुभकामनाएं व्यक्त करती हूं। आने वाले युगों में श्री कल्कि धाम मंदिर हमारे देश की आध्यात्मिक विरासत एवं लोक कल्याण के आदर्श के प्रतीक के रूप में श्रद्धा का केंद्र बनेगा।

कड़ी सुरक्षा में 21 केंद्रों पर हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

जनपद में परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को सुबह लगी परीक्षार्थियों की कतारें, प्रवेश पत्र दिखाकर मिला प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जनपद में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के पहले दिन कड़ी सुरक्षा और निगरानी के इंतजाम रहे। 21 केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और बाहर आने पर उनके चेहरे खिले नजर आए। परीक्षा के दौरान पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। पुलिस अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को जांचा और जरूरी निर्देश दिए।

जनपद के 21 केंद्रों पर उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में 9840 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। शुक्रवार को ही परीक्षा केंद्रों पर निगरानी और सुरक्षा इंतजामों को पूरा कर लिया गया था। परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए भी प्रबंध किए गए। शनिवार को दिन निकलते ही परीक्षार्थी केंद्रों पर जुटना शुरू हो गए। केंद्रों पर कतारें में खड़े परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र

एमजीएम कॉलेज परीक्षा केंद्र पर कतार में खड़ीं परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

▸▸ फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहीं अधिकारी जायजा लेते रहे

▸▸ दो पालियों में हुई परीक्षा,संभल में नौ केंद्र बनाए गए थे

देखकर प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों से बाहर आए परीक्षार्थियों के चेहरे खिल नजर आए।

परीक्षा के दौरान केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहीं तो पुलिस प्रशासनिक अधिकारी जायजा लेते रहे। संभल में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर नौ केंद्र बनाए गए थे। इनमें राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, आचार्य मुक्तेश हकीम रईस इंटर कॉलेज, एमजीएम कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय हयातनगर, सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बीडी इंटर कॉलेज, जेएलएम इंटर कॉलेज सिरसी रहे।

राजकीय कन्या परीक्षा केंद्र पर लाउड हेलर से मुनादी कर परीक्षार्थियों को संदेश देते दरोगा।

सुरक्षा व निगरानी के रहे इंतजाम

संभल अमृत विचार : पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को नकलविहीन और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। परीक्षा केंद्रों के आसपास नियमानुसार फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहीं। केंद्रों पर भारी पुलिस बल की तैनाती नजर आई। आईपीएस एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा और सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। अधिकारियों ने अधीनस्थों को सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए।

दिनभर जाम से जूझा शहर, लोगों ने झेली दुश्वारियां

संभल, अमृत विचार : बेशक पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर सुरक्षा एवं निगरानी के कड़े प्रबंध रहे लेकिन यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं चल सकी। वाहनों की आवाजाही बढ़ने के कारण दिनभर संभल शहर जाम से जूझता हुआ नजर आया। प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस के चंद पुलिस कर्मी परेशन रहे तो लोगों ने भी दुश्वारियां झेली।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर शनिवार को सुबह वाहनों की आवाजाही बढ़ गई। कोई परीक्षार्थी बाइक तो कोई कार से संबंधित परीक्षा केंद्र की तरफ बढ़ा। वहीं रोजाना निकलने वाले लोग भी वाहनों से ही चले।

ऐसे में प्रमुख चौराहों पर जाम के हालात बने। दोपहर और शाम के वक्त भी वाहनों की आवाजाही बढ़ने के कारण जाम लगा। शहर के चौधरी सराय चौराहा, चंदौसी चौराहा पर वाहनों की लंबी कतारें लगी नजर आईं। शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर भी वाहन रेंगते हुए दिखे। प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस की कमी भी नजर आई। चंद पुलिसकर्मी वाहनों को पास कराने में जुटे तो परेशानी हुई। वहीं जाम में फंसने के कारण लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोग जरूरी काम समय से नहीं निपटा सके।

सार-संक्षेप

5 किलोमीटर परिधि का क्षेत्र नो ड्रोन जोन घोषित

संभल, अमृत विचार : संभल जनपद के ऐंचोडा कंबोह में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से एक दिन पहले सुरक्षा इंतजाम बेहद कड़े कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को ऐंचोडा कंबोह में कल्कि धाम का शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले शनिवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आदेश जारी किया कि ऐंचोडा कंबोह में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल से पांच किलोमीटर परिधि का क्षेत्र 18 फरवरी से 19 फरवरी की शाम तक नो ड्रोन जोन रहेगा। यानी इस परिधि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति ड्रोन नहीं उड़ा सकता और यदि ऐसा करेगा तो उसे पर कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी ने आदेश का उल्लंघन करने का प्रयास किया तो कड़ी कार्रवाई होगी।

प्रधानमंत्री से रेल लाइन विस्तार समेत कई उम्मीदें

संभल, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी फिरोज खां ने कहा कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संभल आगमन होना गर्व की बात है। संभल की जनता को प्रधानमंत्री से बड़ी उम्मीदें हैं। वर्षों से संभल-गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण के अलावा हाईकोर्ट बेंच की स्थापना पश्चिमी उत्तर प्रदेश में करने की मांग लोग उठा रहे हैं। बहजोई मार्ग पर पक्का बाग स्थित निजी कार्यालय पर हुई बैठक में सपा नेता फिरोज खां ने कहा कि संभल मेंथा और आलू आदि की खेती के लिए पहचान रखता है। यहां साधनों की कमी है। अच्छी तथा उच्च शिक्षा के लिए छात्र छात्राएं दूसरे शहरों तक जाती हैं। प्रदेश में मंदिर, मस्जिद विवादित दर्शा कर अधूरे छोड़ दिए गए हैं। प्रधानमंत्री सभी के हैं इसलिए हमें उम्मीद है कि संभल को जरूर कुछ मिलेगा और वह मांगें पूरी करेंगे। बैठक में रईस प्रधान, राहुल यादव, आरिफ खां, इमरान, बाबू, मेसर खां, कय्यूम, इदरीश, महेश,आदि रहे।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों के लिए रूपरेखा बनाई

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की शनिवार की शाम नगर मंडल कार्यालय सुभाष रोड पर बैठक हुई। जिसमें 19 फरवरी को श्रीकल्कि धाम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रुपरेखा बनाई गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर जोर दिया गया। नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा कि 19 फरवरी को श्रीकल्कि धाम ऐचोड़ा कंबोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ रहे हैं। जिसके लिए नगर में बसों की व्यवस्था के लिये रूपरेखा बनाई गयी है और उन बसों पर प्रमुख एवं सहप्रमुख बनाये गए है। व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद गुप्ता ने बताया कि नगर के संजीवनी पैलेस में 21 जनवरी को व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी मौजूद रहेंगे। 20 जनवरी से 25 जनवरी तक लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम रहेगा। बैठक में पूर्व नगराध्यक्ष गिरीश रतन, मनोज दिवाकर, तरुण नीरज, अभिनव शर्मा, अमित अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, अनुभव श्रीवास्तव, राहुल शंकर, मुनीश बाबू, क्रांति कुमार, तरुण अग्रवाल, प्रेमपाल सिंह, तुषार अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

फंदे से लटका मिला महिला का शव हत्या का आरोप

संभल/कैला देवी, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में महिला का शव घर में ही फंदे से लटका मिला। मायके वालों ने हत्या करने का आरोप भी लगाया।

थाना क्षेत्र के गांव चकरपुर मेमरी निवासी प्रेमश्री (32 वर्ष) पत्नी नवाब सिंह का पति से आये दिन झगड़ा होता रहता था। प्रेमश्री कुछ ही दिन पहले मायके से आई थी। चर्चा है कि पति ने प्रेमश्री के साथ मारपीट की थी। नवाब सिंह ने अपने ही भाई का बेटा गोद लिया हुआ है। शनिवार को नवाब सिंह खेत पर चला गया। नवाब सिंह जब खेत से वापस लौटा तो प्रेमश्री का शव फंदे से लटका मिला। आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। वहीं गुन्नौर क्षेत्र के गांव करियाखेड़ा से मायके लोग आ गए। मायके वालों ने हत्या करने का आरोप भी लगाया।

हिंदी और रीजनिंग के बड़े प्रश्नों ने उलझाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा नगर के सात केंद्रों पर दो पालियों में हुई। पहले दिन समय से ही अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। अभ्यर्थियों को हिंदी व रीजनिंग के बड़े प्रश्नों ने काफी उलझाया लेकिन परीक्षार्थियों का कहना है कि बड़े प्रश्नों को पढ़ने में समय अधिक लगा। वैसे प्रश्न पत्र आसान था। दोनों पालियों के बाद जब अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र से बाहर आए, तो जाम की स्थिति बन गई। जाम से परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस को जाम खुलवाने में मशक्कत करनी पड़ी। करीब 15 से 20 मिनट बाद जाम खुलने पर अभ्यर्थियों के साथ अन्य लोगों ने राहत महसूस की।

शनिवार की दोपहर 12 बजे व शाम पांच बजे जब अभ्यर्थी परीक्षा देकर बाहर आए तो जाम के हालात उत्पन्न हो गए। अभ्यर्थी दोपहिया वाहनों से परीक्षा देने आए थे। जबकि

चन्दौसी के एसएम इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

▸▸ जाम लगने से अभ्यर्थियों को करना पड़ा परेशानी का सामना

परीक्षा केंद्र के बाहर पहले से ही काफी ट्रैफिक था। जाम लगने से अभ्यर्थियों को परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस भर्ती परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों के रोडवेज बस स्टैंड व प्राइवेट बस अड्डों पर पहुंचने पर भीड़ हो गई। जिससे अभ्यर्थियों व अन्य यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब एक से डेढ़ घंटे तक अभ्यर्थियों ने अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वाहनों का इंतजार किया।

चन्दौसी के आकाश दीप ने बताया कि हिंदी के बड़े प्रश्नों से ही ज्यादा फर्क नहीं पड़ा लेकिन रीजनिंग के अधिकांश प्रश्न काफी बड़े थे। जिन्हें पढ़ कर समझने में समय लग रहा था लेकिन सभी प्रश्नों के उत्तर लिख दिए गए। पेपर अच्छा हुआ।

-आकाश दीप

बोले अभ्यर्थी

बहजोई के गांव जयरोई हयातनगर निवासी मनीषा ने बताया कि प्रश्न पत्र आसान जरुर था। लेकिन इतना आसान भी नहीं था। हिंदी और रीजनिंग के प्रश्न काफी बड़े थे। जिन्हें पढ़ने में समय लग रहा था। फिलहाल पेपर सही हुआ। **-मनीषा**

गुन्नौर के गांव मझौला फतेहपुर निवासी राजकुमारी का कहना है कि सभी प्रश्नों को हल कर दिया। हिंदी के प्रश्न काफी बड़े थे। जिन्हें पढ़ने में समय लग गया। अन्यथा प्रश्न पत्र समय से पहले ही हल कर दिया जाता। फिलहाल पेपर अच्छा रहा। **-राजकुमारी**

महापंचायत एमएसपी गारंटी कानून की मांग को लेकर किसान कर रहे आंदोलन

वार्ता विफल हुई तो किसान दिल्ली कूच करेंगे किसान

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार :भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले हुई महापंचायत में अंडरपास बनाने के लिए यूपीडा की ओर से अप्रूवल मिलने पर किसानों ने हर्ष जताया। कहा गया कि आंदोलन के समाधान के लिए वार्ता विफल हुई तो किसान दिल्ली कूच करेंगे।

गांव भटौला में किसानों के धरनास्थल पर शनिवार को महापंचायत का आयोजन हुआ। जिसमें अंडरपास बनाने के लिए यूपीडा की ओर से स्वीकृति मिलने की प्रशासनिक सूचना से किसानों में हर्ष व्याप्त रहा। एमएसपी गारंटी कानून की मांग को लेकर देश में चल रहे किसान आंदोलन पर चर्चा हुई। कहा कि सरकार और किसान संगठनों के बीच आंदोलन के समाधान के लिए अगली वार्ता 18 फरवरी को होनी है। जिसमें शामिल होने के लिए भाकियू असली

भाकियू महापंचायत में किसानों को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

▸▸ भाकियू असली की महापंचायत में अंडरपास बनाने को अप्रूवल मिलने पर किसानों में हर्ष

के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह भी चंडीगढ़ जाएंगे। अगर वार्ता में कोई समाधान नहीं निकला तो यूपी के किसान दिल्ली कूच करेंगे। युवा प्रदेश अध्यक्ष रिषभ चौधरी ने सरकार पूंजीवाद के दबाव पर अपने वादे के मुताबिक किसानों को एमएसपी पर खरीद की गारंटी देने में हीलाहवाली कर रही है। महापंचायत में आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसान ज्ञान सिंह की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान चौधरी संजीव गांधी, राजपाल सिंह यादव, ओमप्रकाश राणा, बाबूराम प्रजापति, ऋषिपाल सिंह यादव, ब्रह्मचारी, आदि रहे। अध्यक्षता चंद्रप्रकाश शर्मा ने तथा संचालन चौधरी अमर सिंह ने किया।

आंदोलन किसानों का मौलिक अधिकार

बहजोई, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत में एमएसपी सहित अन्य मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन में किसानों पर दागे जा रहे आंसू गैस के गोले और दिल्ली के चारों तरफ किलेबंदी को लेकर आक्रोश जताया। वहीं एमएसपी पर कानून बनाए जाने की मांग उठाई। कलेक्ट्रेट पर आयोजित पंचायत में मंडल अध्यक्ष संजीव यादव ने कहा कि आंदोलन करना किसानों का मौलिक अधिकार है। एमएसपी किसानों का अधिकार है और वह मिलना चाहिए। किसानों पर हो रहे अत्याचार यह दर्शा रहा है कि वर्तमान केंद्र सरकार किसानों की उपेक्षा कर रही है। पंजाब हरियाणा के किसानों के साथ पूरा उत्तर प्रदेश पूरे देश का किसान है। यदि किसानों के साथ कोई भी अनहोनी अहित होता है तो राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेश अनुसार करो मरो की स्थिति में दिल्ली पहुंचेगा।

छत्तीसगढ़ की युवती को रजपुरा में बेचा

संभल/रजपुरा,अमृत विचार: छत्तीसगढ़ की रहने वाली युवती को कुछ लोगों ने रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव में लाकर एक ग्रामीण को 65 हजार रुपये में बेच दिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने युवती को बरामद कर उसे खरीदने वाले परिवार के लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

कुछ दिन पहले रजपुरा थाना इलाके के ही रहने वाले लोग छत्तीसगढ़ से एक युवती का लेकर आये थे। कहा जा रहा है कि इन लोगों ने युवती के परिजनों को झांसा देकर उसके साथ शादी का नाटक किया था। इसके बाद उसे यहां लाकर मोलपुर गांव में 65 हजार रुपये में बेच दिया गया। युवकों की हरकत का एहसास होने पर युवती ने फोन कर पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने युवती को बरामद कर उसे लेकर आने वाले परिवार के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि युवती के परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया है।

एक नजर

कच्ची शराब बेचता युवक गिरफ्तार

संभल/जुनावई अमृत विचार : जुनावई थाना पुलिस ने कच्ची शराब बेचते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र में अजीजपुर मार्ग पर जुनावई निवासी किशन कच्ची शराब बेच रहा था। मुखबिर की सूचना पर एसआई संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो किशन भागने लगे। पुलिस ने उसे दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया। किशन के कब्जे से 18 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

बूढ़े बाबा के मेले में उमड़े श्रद्धालु, मांगी मनौती

संभल/असमोली, अमृत विचार : असमोली में चल रहे बूढ़े बाबा के मेले में शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने तालाब में स्नान कर पूजा अर्चना की और मनौती मांगी। मेले में महिलाओं और बच्चों ने खूब खरीदारी की। असमोली में लगे बूढ़े बाबा के मेले में शनिवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। मान्यता के अनुसार श्रद्धालुओं ने चर्म रोगों से मुक्ति के लिए तालाब में स्नान किया।

बालिका से दुष्कर्म में दोषी युवक को 20 साल की सजा

अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ संभल के थाना धनारी क्षेत्र में 29 मई 2020 को हुई थी घटना

अमृत विचार: अदालत ने 12 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म के एक आरोपी को बीस वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। घटना थाना धनारी क्षेत्र के गांव में 29 मई 2020 को हुई थी।

अवधेश उर्फ खज्जा।

थाना धनारी क्षेत्र के गांव सुनवर निवासी पीड़िता के पिता ने थाना धनारी पुलिस को दी तहरीर में बयां किया है कि 29 मई 2020 को वह अपने खेत पर मक्का, बाजरे की फसल को रखवा रहा था। उसके खेत से कुछ दूरी पर उसकी 12 वर्षीय पुत्री व उससे छोटी बेटी गाय चरा रही थीं। शाम करीब चार बजे उसकी छोटी बेटी भागती हुई आई और उसने बताया कि उसकी 12 वर्षीय बड़ी बहन को अवधेश मुंह बंद कर यूकेलिपटस के बाग में ले गया है। वह छोटी बेटी के साथ तत्काल बाग में पहुंचा तो उसकी बड़ी बेटी के साथ अवधेश बुरा काम कर रहा था। उसे देख कर अवधेश वहां से भाग निकला। बेटी खून से लथपथ वहीं पड़ी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियुक्त अवधेश उर्फ खज्जा निवासी गांव सुनवर थाना धनारी जनपद संभल रिपोर्ट दर्ज कर ली। पीड़िता के 161 व 164 के बयान दर्ज कराए। साक्ष्यों को एकत्र कर पुलिस ने 08 फरवरी 2021 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। तब से मुकदमा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी के यहां विचाराधीन था। विशेष अभियोजक पॉक्सो एक्ट ने अभियोजन पक्ष से साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। शनिवार को मुकदमे की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/ अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव द्वितीय ने अभियुक्त अवधेश उर्फ खज्जा को धारा 376 एबी आईपीसी सपठित धारा 6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के आरोप में 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर चार वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगताना होगा। धनराशि पीड़िता को पुर्नवास के लिए प्रदान की जाएगी।

भूखंड में रेत डालने के विरोध पर मारपीट कर घायल किया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ बनियाठेर थाना क्षेत्र के पुराना बाईपास मार्ग का मामला

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के पुराना बाईपास मार्ग पर खाली भूखंड में रेता-बजरफुट डालने का विरोध करने पर दूसरे पक्ष ने एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने घायल का उपचार सीएचसी में कराया। पीड़ित पक्ष की ओर से पांच लोगों के विरुद्ध तहरीर दी गई है।

प्रगति विहार कॉलोनी निवासी ब्रजपाल सिंह पुत्र विक्रम सिंह का बनियाठेर थाना क्षेत्र के पुराना बाईपास मार्ग के पास एक अन्य मकान है। मकान के बराबर किसी अन्य का भूखंड खाली पड़ा है। जिसमें रेत-बजरफुट का व्यापार करने वाले लोग रेत डाल देते हैं। इस को लेकर ब्रजपाल सिंह ने भूखंड स्वामी से कहा कि वह अपने भूखंड में रेत-बजरफुट न डलवाया करे। भूखंड स्वामी ने रेता व्यापारी से भूखंड में रेत डालने से मना किया। इसी विरोध में शनिवार की शाम पांच बजे रेत का व्यापार करने वाले पांच से छह लोग ब्रजपाल के घर पहुंचे और घर के बाहर बुलाकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा होने पर अन्य लोग भी पहुंच गए और पीड़ित को बचाने लगे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हमलावर दो लोगों को हिरासत में ले लिया। जबकि अन्य लोग फरार हो गए। पुलिस ने घायल का उपचार सीएचसी में कराया है। पांच लोगों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी गई है।

घायल का उपचार करता स्वास्थ्य कर्मी।

सार-संक्षेप

समारोह पूर्वक मनाई गई बुधु भगत की जयंती

चन्दौसी, अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति व सर्व समाज जागरुकता अभियान भारत की ओर से क्रांतिकारी शहीद बुधु भगत की जयंती सुंदर मोहल्ला स्थित जगमोहन सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्रा ने कहा कि नागपुर के आदिवासी इलाकों में जमीदारों व अंग्रेजों द्वारा अत्याचार किया जा रहा था। वहां के जमीदार व अंग्रेज ग्रामीणों की तैयार फसल उठाकर ले जाते थे। विरोधियों से बदला लेने के लिए बुधु भगत ने तलवार, तीर से लेकर धनुष से निशाना लगाना सीखा। गांव के युवकों को गुरिल्ला युद्ध का प्रशिक्षण दिया। जानकारी होने पर ब्रिटिश सेना ने उन्हें पकड़ने का आदेश दिया। कैप्टन इम्पे ने गोली चलाने का आदेश दिया। जिसमें 300 से ज्यादा आदिवासी मारे गए। इसी समय ब्रिटिश सेना से लड़ते हुए बुधु भगत शहीद हो गए। इस अवसर पर सत्यपाल सिंह, नमिता कुमारी, डा. जितेंद्र वर्मा, आचार्य रामकुमार, नीलम, प्रिया, रश्मि, शिवा शर्मा, कांति देवी, अनिका गुप्ता, देव कुमार, ऋषिका मिश्रा, कृष्णा आदि मौजूद रहे।

बड़े भाई व बहनोई ने रुपये न देने पर युवक को पीटा

चन्दौसी, अमृत विचार : मां की मौत के बाद मिले क्लेम के रुपयों को लेकर बड़े भाई व बहनोई ने युवक को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का उपचार सीएचसी में कराया। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव में एतोल निवासी हरेंद्र कुमार पुत्र चंद्रपाल की मां की मौत दो वर्ष पहले हो गई थी। मां की मौत के बाद हरेंद्र को कुछ क्लेम में रुपये मिले थे। युवक का बड़ा भाई व बहनोई उससे क्लेम में मिले रुपये देने की मांग कर रहे थे। जबकि युवक दोनों से रुपये देने से इनकार कर रहा था। शनिवार की सुबह साढ़े छह बजे बड़ा भाई व बहनोई युवक के घर पहुंचे और रुपये देने की बात कही। युवक के इंकार करने पर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों ने लोहे की रॉड व जंजीर से युवक को जमकर पीटा। इसके बाद परिजन घायल को लेकर कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने घायल का उपचार सीएचसी में कराया है। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

बबराला, अमृत विचार : लोहिया कॉलोनी में स्थित स्वामी ध्यानानंद मैमोरियल पब्लिक स्कूल में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथावाचक ललित शास्त्री ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

कथा सुनाते ललित शास्त्री।

कथा वाचक ललित शास्त्री ने कहा कि नारद ने पार्वती के माता-पिता से कहा कि आपकी कन्या का नाम बहुत अच्छा है लेकिन इसका विवाह किसी बेघर, बेरूप आदमी से होगा। यह सुनकर पार्वती के माता-पिता चिंतित हो गए और नारद से योग्य वर प्राप्त होने का उपाय पूछा। नारद ने तपस्या करने का सुझाव दिया। पार्वती घोर तप से शिव को ही वर के रूप में मांग लेती हैं। तब सती के वियोग में घूम रहे शिवजी को भगवान विष्णु ने विवाह करने के लिए मना लिया। पार्वती के पिता अपने गुरु की आज्ञा मानकर शिव से विवाह कराने को तैयार हो गए। इसके बाद शिव की बरात निकली। इसमें भूत-पिशाच सभी शामिल हुए। शिव-पार्वती विवाह होते ही चारों ओर खुशियां छा गईं। इस मौके पर प्रधानाचार्या शालू शर्मा, प्रबंधक राकेश कुमार, चंद्रपाल सिंह, विजयपाल, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

अनियंत्रित होकर पलटा दूध से भरा टैंकर, चालक घायल

संवाददाता, गुन्नौर

▸▸ दूध सड़क पर बह गया, चालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा

अमृत विचार : मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर गांव रसूलपुर के पास दूध भरा टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। जिससे टैंकर से निकला दूध सड़क पर बह गया। आसपास कोई वाहन न होने से बड़ा हादसा बच गया लेकिन टैंकर चालक घायल हो गया। पुलिस ने चालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

बुलंदशहर जनपद के नरौरा की कॉलोनी उमेशपुरी निवासी रिंकू पुत्र शिवचरण शनिवार को जुनावई सब सेंटर मां दुर्गा डेयरी से टैंकर में दूध लेकर अलीगढ़ जिले के अतरौली में राघव डेयरी जा रहा था।

दोपहर करीब साढ़े तीन बजे नेशनल हाईवे पर गांव रसूलपुर के निकट अचानक बेकाबू होकर टैंकर पलट गया। टैंकर का दूध सड़क पर बह गया। आसपास के ग्रामीण पहुंच गए और घायल चालक रिंकू को बाहर निकाला।

सड़क पर पलटा दूध टैंकर और मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक रिंकू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया।

संविदा बिजली कर्मी से मारपीट, तहरीर दी

चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार: हाईटेंशन की 11 हजार वोल्टेज की लाइन के जम्फर को खोल कर अपने मकान पर लिंटर डालने वाली मशीन लगा ली। संविदा कर्मी ने मौके पर पहुंच कर विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। इस संदर्भ में संविदा कर्मी ने थाना पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए तहरीर दी है।

स्योंडारा उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मी धर्मेंद्र शर्मा ने तहरीर में बताया कि स्योंडारा से निकलने वाले बहागीरपुर फीडर से जुड़े गांव बहागीरपुर के एक व्यक्ति ने बिना उपकेंद्र से शटडाउन के 11 हजार की लाइन के जम्फर खोल कर अपने मकान पर लिंटर डालने वाली मशीन लगा ली। जिससे कोई भी अप्रिय हादसा हो सकता था। वह मौके पहुंचा और विरोध किया तो दो लोग उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने लगे। वह किसी तरह वहां से भाग निकला और बिजली घर पहुंच कर जेई को मामले से अवगत कराया।

छुट्टा पशुओं से परेशान किसानों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

अमृत विचार: शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक छुट्टा गोवंशीय पशुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जहां एक ओर छुट्टा पशुओं के हमले में लोग व किसान घायल हो रहे हैं। वहीं किसानों की मेहनत की कमाई फसलों को भी बर्बाद कर रहे हैं। विकास खण्ड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत नसीरपुर नरौली के मझरा कुंवरपुर के किसानों ने शनिवार को जोरदार प्रदर्शन किया और बीडीओ को शिकायती पत्र देकर छुट्टा गोवंशीय पशुओं से निजात दिलाने की मांग की।

प्रदर्शन करने वाले किसानों का कहना है कि इन दिनों खेतों में गेहूं और लेहटा आदि की फसल खड़ी है। गांव में फूलों की खेती भी होती है। गांव व गांव के आसपास छुट्टा गोवंशीय पशुओं की तादात लगातार बढ़ती जा रही है। आलम ये कि छुट्टा पशु झुंड के रुप में खेतों पर डेरा डाल देते हैं और फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। किसान पशुओं को भगाने की कोशिश करता है तो पशु उस पर हमलावर हो जाते हैं। छुट्टा पशुओं के हमले में कई लोग घायल हो चुके हैं। इतना ही नहीं गांव में फूलों की खेती भी होती है। छुट्टा पशुओं ने किसानों की फूलों की फसल भी बर्बाद कर दी है। जिससे भारी नुकसान हुआ है। छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाया जाए। जिससे किसानों को राहत मिल सके। प्रदर्शन करने वालों में अजय पाल, राजपाल, ब्रजेश, राजकुमार, सोनू, देवेंद्र सिंह, संजय, मनोहर सिंह, सोहनलाल, किशन लाल, घनश्याम, मंगलसैन आदि किसान मौजूद रहे।

छुट्टा पशुओं को लेकर विरोध जताते ग्रामीण। ● अमृत विचार

▸▸ थाना बनियाठेर के गांव कुंवरपुर में फसलों को बर्बाद कर रहे छुट्टा पशु

▸▸ बीडीओ को ज्ञापन सौंप कर छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की

गीता सत्संग भवन में कथा वाचक के साथ श्रद्धालु। ● अमृत विचार

भगवान अपने भक्तों की हमेशा करते हैं रक्षा

चन्दौसी, अमृत विचार : गीता सत्संग भवन में श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार को अंतिम दिन कथा वाचक वीरेश अग्निहोत्री ने भगवान श्रीकृष्ण के सोलह हजार एक सौ आठ विवाह व द्रोपदी चीरहरण की कथा सुनाई। साथ ही भगवान व सुदामा के चरित्र का वर्णन किया। कहा कि भगवान ने द्रोपदी की रक्षा की। जब कौरव उसका चीर हरण कर रहे थे, तभी श्रीकृष्ण ने पहुंच रक्षा की। भगवान को जो मन से याद करता है और हमेशा उनकी आराधना करता है, भगवान उसकी रक्षा जरुर करते हैं। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल मंगलम, ओमप्रकाश गोगी, लवकुश अग्रवाल, रमेश अधीर, विपिन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, मंजू, नीलम, नीता, अंजू, मोनिशा, मुक्ता, राधिका, सपना आदि मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से बच्चों ने मनमोहा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: नगर से सटे औरछी चौराहा स्थित ग्लोबल हैरीटेज इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। एक के बाद एक सांस्कृतिक प्रस्तुति से बच्चों ने मनमोह लिया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।

सर्वप्रथम अतिथि भुवनेश वार्ष्णेय, विनय राज वर्मा, काजलदीप वार्ष्णेय, डॉ. मनीष गुप्ता द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम आरंभ किया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्वागत गीत के बाद बच्चों ने लुंगी डांस पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति से समां बांध दिया। इसके बाद लावणी और कश्मीरी डांस किया। छोटे-छोटे बच्चों का विभिन्न मिक्स गानों पर प्रस्तुति देखकर दर्शक वाह कह उठे। विद्यालय के डायरेक्टर निष्काम नंदन ने विद्यालय की प्रगति आख्या एवं विद्यालय के मुख्य आकर्षक बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। छोटे बच्चों ने कव्वाली प्रस्तुत की। स्वच्छ भारत नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति समाज को बड़ा संदेश दिया गया। शिक्षा विषय पर नाटक प्रस्तुत करके बच्चों ने शिक्षा की बारीकियों को विस्तार से समझाया। शिव तांडव प्रदर्शित करके बच्चों ने वातावरण भक्तिमय कर दिया। तत्पश्चात मूक नाटक के माध्यम से कई महत्वपूर्ण संदेश दिए। अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। पूरे सत्र में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभुता राघव ने किया।

इस अवसर पर प्रबंधक कौशल नंदन, अध्यक्ष शशि नंदन, धीरज नंदन, प्रतिज्ञा वार्ष्णेय, निवेदिता रस्तोगी, अनुराधा शर्मा, केजी गुप्ता समेत स्टाफ उपस्थित रहा।

स्कूल के वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

▸▸ ग्लोबल हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन

दुनियाबी तालीम के साथ दीनी तालीम हासिल करना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ खत्मे बुखारी कॉन्फ्रेंस को उलमा ने किया खिताब

अमृत विचार : जामिया हिलाल लिल बनात दीपा सराय में खत्मे बुखारी शरीफ कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। जिसमें उलमा ने बच्चों को तालीम दिलाने पर जोर दिया।

खत्मे बुखारी शरीफ कांफ्रेंस की शुरूआत अरीबा फातिमा की तिलावते कुरआन और मोहम्मद बुरहान की नाते रसूल से हुई। मारहरा शरीफ से आए मुफ्ती असलम नबील अजहरी ने कहा कि इमाम बुखारी एक मुहद्दीस के साथ एक बड़े फकीह भी थे। मौजूदा हालात को देखते हुए हमें दुनियाबी तालीम के साथ दीनी तालीम हासिल करना जरूरी हो गया है। खानकाहे बरकातिया से आए सय्यद अमान मियां कादरी बरकाती ने कहा कि आधी रोटी खाइये अपने बच्चों को पढ़ाइये और इस्लाम के बुनियादी उसूल सिखाइये। उन्होंने कहा कि एक बच्ची की तालीम से समाज में निखार पैदा होता है। हमें अपनी बच्चियों को अच्छी से अच्छी तालीम दिलाना चाहिए। मुफ्ती सलमान अलीमी ने कहा कि समाज में फैली बुराई को खत्म करने के लिए एक हाथ में कुरआन और एक हाथ में साइंस की जरूरत है। कांफ्रेंस को मुफ्ती जुनैद कादरी, डॉ.बिलाल मरकजी, कारी अलाउद्दीन अजमली, कारी इरफान लतीफी, मौलाना तौसीफ मिस्बाही, मौलाना जियाउल मुस्तफा ने भी खिताब किया। मौलाना फाजिल मिस्बाही ने जामिया द्वारा किए गए कामों का ब्योरा पेश किया। मदरसे की 10 बच्चियों को बुखारी शरीफ का दर्स देकर फजीलत की डिग्री दी गई। कांफ्रेंस में इमामे ईदगाह मौलाना सुलेमान अशरफ, मुफ्ती अशफाक, मौलाना आलमगीर आदि रहे।

अच्छी किताबें पढ़ने से बच्चों का बढ़ेगा ज्ञान

बबराला, अमृत विचार : यारा फर्टिलाइजर की ओर से गांव नूरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में शुरू कराए गए पुस्तकालय का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि अच्छी किताबें पढ़ने से गांव के बच्चों में ज्ञान की वृद्धि होगी। इससे छात्रों के सांस्कृतिक, सामाजिक विकास में मदद मिलेगी। यारा फर्टिलाइजर की ग्रामीण विकास कल्याण संस्था किरण यारा की एजुकेशन हेड शोभा शर्मा ने कहा कि स्कूल में पुस्तकालय विकसित करने का उद्देश्य शैक्षणिक रूप से पिछड़े इस क्षेत्र में बच्चों को पढ़ाई के लिए जागरूक करना है। क्षेत्र में बहुत से ऐसे मेधावी विद्यार्थी हैं, जो पर्याप्त मौका व साधन न मिलने के कारण अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर नहीं हो पाते हैं। प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र ने इस पहल का स्वागत किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। धर्मवीर, कमलेश, नेहा, अजय, पूनम, प्रियंवदा आदि मौजूद रहे।

शिविर में जुटाया 10 यूनिट खून

संभल, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 19 फरवरी को आगमन के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुटा है। जिला अस्पताल में लगे रक्तदान शिविर में 10 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया। जिसके बाद मुरादाबाद ब्लड बैंक से बदले में छह यूनिट ब्लड जिला अस्पताल को मिल गया। संभल के ऐंचौड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास करने के लिए 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हो रहा है।

शिविर में रक्त देने की प्रक्रिया के दौरान युवा।

प्रधानमंत्री के साथ ही मुख्यमंत्री और राज्यपाल के दौरे को लेकर जिला अस्पताल में इंतजाम किए जा रहे हैं। इसलिए छह यूनिट ब्लड की जरूरत थी। शनिवार को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक पर रक्तदान शिविर लगा। जिसमें युवाओं ने पहुंचकर रक्तदान किया। अस्पताल की डॉ .जया कौशल ने बताया कि शिविर में 10 यूनिट ब्लड इकट्ठा हुआ।

युवक को नियुक्ति पत्र देते ब्लाक प्रमुख के पति हृदेश यादव। ● अमृत विचार

124 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय संभल के संयुक्त तत्वावधान में डीडीयूजीकेवाई योजना के तहत लगे रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों के अधिकारियों ने युवाओं का साक्षात्कार लिया। नौकरी के लिए 124 युवाओं का चयन करते हुए नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

विकास खंड पंवासा के गांव सौंधन मोहम्मदपुर में स्थित श्री जीसुखराम यादव इंटर कॉलेज में लगे रोजगार मेले का आरंभ ब्लाक प्रमुख के पति हृदेश यादव ने फीता काटकर किया। मेले में नोएडा, देहरादून, पंजाब, राजस्थान आदि की कंपनियों ने हिस्सा लिया। करीब 300 युवाओं ने प्रतिभाग किया। कंपनियों के अधिकारियों ने साक्षात्कार लेकर 124 युवाओं का चयन नौकरी के लिए किया। जिसके बाद युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तो उनके चेहरे खिल उठे। इस दौरान नीरज यादव, चुनमुन राव मौजूद रहे।

प्रशिक्षण लेकर बच्चों का भविष्य निखारेंगे शिक्षक

गुन्नौर, अमृत विचार : ब्लॉक संसाधन केंद्र की ओर से नगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित पर आधारित प्रशिक्षण में चार सौ शिक्षक हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण छह सत्रों में चल रहा है।

शनिवार को प्रशिक्षण के पहले सत्र में शिक्षकों ने एक दूसरे का परिचय, समूह निर्धारण, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, दूसरे सत्र में कक्षा कक्षीय प्रक्रियाओं में प्राप्त अनुभव और उनके समाधान पर समूह कार्य एवं प्रदर्शन, तीसरे सत्र में बुनियादी स्तर पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, चौथे सत्र में अकादमी सत्र 24-25 की कार्ययोजना, पांचवें सत्र में भाषा की शिक्षक संदर्शिका की समग्र समझ और छठे सत्र में भाषा के पहले कालांश की रणनीति और शिक्षण योजनाओं पर प्रशिक्षण दिया गया। हारून अली, दीपक कुमार और अश्विनी उपाध्याय ने प्रशिक्षण दिया। खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा सके, इसलिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मायावती के शासनकाल में गरीब मजदूर और व्यापारी रहे भयमुक्त

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी के कैडर कैंप में मुख्य अतिथि प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश शमशुद्दीन राईन ने कहा कि बसपा एक मिशन मूवेंट पर काम करती है। देश की आजादी के बाद अन्य सरकारों ने वोट लेने का काम किया। कभी पिछड़े समाज, दलित समाज के विकास के बारे में नहीं सोचा।

असमोली क्षेत्र के गांव हिसामपुर में दो सेक्टरों के कैडर कैंप में प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश शमशुद्दीन राईन ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष मायावती के शासनकाल में गरीब, मजदूर, व्यापारी भयमुक्त रहे। आज जनता समझ चुकी है कि इस देश को अगर विकास की ओर ले जा सकती हैं तो मायावती ही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में महंगाई इस तरह है कि हर मजदूर, व्यापारी, किसान परेशान है। प्रभारी मुरादाबाद मंडल डॉ.रणविजय सिंह ने कहा कि लोग समाज में जाकर भाईचारा बनाएं और जो भी प्रत्याशी मायावती का आशीर्वाद लेकर आए उसे अधिक से अधिक वोटों से जिताकर भेजने का काम करें। रफतउल्ला उर्फ नेता छिद्दा ने कहा कि मायावती के शासन में हर अधिकारी गरीब की शिकायत का निस्तारण तुरंत करता था मगर आज ऐसा नहीं है। किसानों को खाद समय पर उपलब्ध नहीं होता। डीजल, पेट्रोल की कीमत इतनी है कि हरेक आदमी परेशान है। जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह एडवोकेट ने सभी का आभार जताया। इस दौरान संसार सिंह एडवोकेट, फिरोज मलिक, ओमप्रकाश राव, नरेंद्र सिंह, सोमपाल प्रजापति, विजय सिंह सागर, सुभाष खागी, शब्बू चौधरी, अजब सिंह, मदनपाल, रामबहादुर, उमेश सागर, हाजी शकील अहमद कुरैशी रहे। संचालन कुंवरपाल ने किया।

बसपा के कैडर कैंप को संबोधित करते शमशुद्दीन राईन। ● अमृत विचार

▸▸ अन्य दलों ने पिछड़े समाज, दलित समाज के विकास के बारे में कुछ नहीं सोचा

राहुल गांधी की यात्रा के लिए किया रूट सर्वे

संभल, अमृत विचार : राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रूट मैप का सर्वे करने के लिए राहुल गांधी की टीम मुरादाबाद से संभल पहुंची। टीम संभल में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद अनूपशहर रवाना हो गई। टीम के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, प्रदेश के उपाध्यक्ष रिजवान कुरैशी, प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संभल कोऑर्डिनेटर इमरान मसूद सर्वे टीम के साथ रहे। कहा गया कि कांग्रेस पदाधिकारी यात्रा की सफलता के लिए जुट जायें। राहुल गांधी की यात्रा मुरादाबाद से संभल आने तक कहां-कहां रुकेगी और कहां स्वागत प्वाइंट होंगे इसका बारीकी से अध्ययन किया गया। संभल शहर में पहुंचकर किस जगह राहुल गांधी का स्वागत प्वाइंट बने इसका सर्वे किया गया। संभल से गुजर कर गवां रोड होते हुए अनूपशहर तक जिले के अध्यक्ष विजय शर्मा एवं शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद को पूरी तैयारी करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान मुशीर खान तरीन, आरिफ तुर्की, मरगूब आलम, इतरत हुसैन, हिलाल अख्तर, मंजर अब्बास, अकील अहमद, इब्राहिम, कौशल सराफ आदि उपस्थित रहे।

पुस्तक समाजः एक नया और जीवंत समाज

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

पुस्तक रचनाकार की अंतर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है,जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समा जाऊंगा।"

शब्दों की भीड़। दशों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिंतन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम्, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने। पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनी। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का 'वाणी प्रकाशन' सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, ''पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।"

मेला मिलन है और खरीदें बेंचे तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। 'पुस्तक मेला' की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पढ़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में पुस्तक की काया के प्रति है अप्रत्यक्ष रूप में उसके जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं। बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं।

पुस्तकों में शब्द हैं। शब्दों के अर्थ हैं। हरेक शब्द का अपना गर्भ भी है। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें शब्द से भी बड़ा काम करती हैं। वे अपनी काया में कागज (या सी.डी.) हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। मनुष्य की तरह उनमें भी 4 घटक हैं। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। वैशेषिक दर्शन व चरक ने आत्मा को भी द्रव्य बताया है।

पुस्तकें संरक्षक, मार्गदर्शक व पालक हैं। पुस्तकों में शब्द रस प्रवाह का नाद हैं। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। ऐसा आनंद सतत् प्रवाही है। अन्तहीन है और अनंत भी। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। कुरान, बाइबिल, अवेस्ता आदि के आदर सर्वविदित हैं। वेद, उपनिषद्, रामायण और गीता आदि का आदर बहुत पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। लेखक, कवि या साहित्यकार शब्द प्रयोग की स्वतंत्रता से नया संसार गढ़ते हैं।

पुस्तक रचनाकार की अन्तर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है। जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समाज जाऊंगा।" कालिदास, तुलसी, निराला, पी.बी. शेली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। मैंने तमाम पुस्तकें लिखी हैं। हिन्दुत्व देश का सर्वाधिक चर्चित शब्द है। वाणी प्रकाशन ने कृपापूर्वक मेरी लिखी 'हिन्दुत्व का मधु' प्रकाशित किया है। पुस्तकें मेरी शब्द देह हैं। लेकिन मेरी वास्तविक देह बुद्धि से भिन्न। मैं गुस्सा होता हूं, वे नहीं गुस्सातीं। मैं यशलोभी हूं। वे प्रसिद्धि पाकर भी विनम्र बनी रहती हैं।

पुस्तकें रचनाकार की देह हैं। 'हिन्द स्वराज' गांधी की शब्द काया हैं। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर। गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य मत्र्य है, मनुष्य सृजित शब्द संसार अमत्र्य है। मनुष्य क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है। देह क्षरणशील और नाशवान। अमरत्व प्राचीन प्यास है मनुष्य की। मनुष्य जानता है कि उसे मरना है, मृत्यु अवश्यंभावी है तो भी अमर होना चाहता है। अमर होने की लालसा कहां से आई? मृत्यु की ध्रुव सत्यता के बावजूद ऐसी इच्छा का कारण एक ही जान पड़ता है कि मनुष्य के भीतर क्षर के साथ अक्षर तत्व भी है। क्षर जाता ही है और अक्षर-अविनाशी है ही। यही अक्षर प्यास उसे अक्षर-अमर बने रहने के लिए प्रेरित करती है। शब्द अक्षरों का ही प्रेमपूर्ण संयोजन हैं। ऐसी जानकारी भी पुस्तकों से ही मिलती है।

शब्द उगते हैं मनोभूमि पर। कोमल पुष्प जैसे आकर्षक। मधुगंध उड़ेलते हैं और हृदय में पैठ जाते हैं। जैसे शब्द कमनीय, सुकुमार और काम्य वैसी ही पुस्तकें। पुस्तकों ने विचार भी धारण किया है। शब्द ब्रह्म कहे गये हैं। पुस्तकें इस ब्रह्म को धारण करती हैं। ब्रह्म सदा रहता है, शब्द भी सदा रहते हैं। सृजन में मनुष्य का अमरत्व है। पुस्तकें हमारे स्वयं पुनर्सृजन और पुनर्नवा गतिशीलता का उपकरण है। पढ़ना, सुनना, जानना चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाता है। यहां नवसृजन के अवसर हैं और इस अनुष्ठान का मंगल उपकरण हैं पुस्तकें। प्राइमरी की पहली कक्षा में ही पुस्तक प्रणाम सिखाया गया था। प्रतिदिन पढ़ाई शुरू करने के पहले पुस्तक को सिर माथे लगाना ज्ञान प्राप्ति की तैयारी है। अध्ययन में विनम्रता की भूमिका है। यह मस्तिष्क की ग्राह्यता बढ़ाती है।

पुस्तकें माता पिता और आचार्य एक साथ हैं-शब्द रूप में। शब्द संसार वास्तविक संसार की तरह विराट है। शब्द और वाक्य संसार का वर्णन करते हैं। शब्द संसार को धारण करती है वाणी। शतपथ के ऋषि ने ठीक ही वाणी को विराट बताया है। पुस्तकें हम सबको लोकमंगल के लिए प्रेरित करती हैं। हम उपभोक्ता वस्तुओं पर तमाम खर्च करते हैं। लेकिन पुस्तकों की कीमत का रोना रोते हैं। पुस्तकों के साथ होना सौभाग्यशाली होना है। मुझे नहीं पता कि स्वर्ग या नर्क होते हैं या नहीं होते। स्वर्ग के बारे में अनुमान करता हूं कि वहां पुस्तकालय जरूर होंगे। न हों तो काहे का स्वर्ग? नरक में तो पुस्तकालय होने ही चाहिए नहीं तो प्रसाद को विषाद समझने की गल्ती होती रहेगी। मुक्ति की बेचैनी में पुस्तकें ही मार्गदर्शन कर सकती हैं। पुस्तकों को सब जगह होना चाहिए। जहां जहां पुस्तकें वहां वहां ज्ञान ज्योति।

पांचाल का हिस्सा था फर्रुखाबाद

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बीते दिनों फर्रुखाबाद जाना हुआ। फर्रुखाबाद अपने दामन में जितना इतिहास समेटे है,लगता है उसे अभी तक पूरी तरह से खोला नहीं जा सका है। अभी बहुत शोध की जरूरत है और इसके साथ ही साथ लगता है जिले को भी शायद उतनी महत्ता नहीं हासिल हो सकी जिसका वह हकदार है।

फर्रुखाबाद छठी शताब्दी ईसा पूर्व के पांचाल महाजनपद का हिस्सा था। पांचाल के ही राजा उपनिषदों के शीर्ष विचारक प्रवाहण जैवलि थे जिन्होंने श्वेतकेतु को ब्रह्म/आत्मा का ज्ञान दिया था। महाभारत काल में जहां के राजा द्रुपद थे और जहां की ही पांचाली थी। पांचाल राज्य की राजधानी काम्पिल्य अथवा कम्पिल थी। काम्पिल्य जैन धर्मावलंबियों के आस्था का प्रमुख केंद्र है। जैन धर्म के तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ की जन्मभूमि भी है। यहां संकिसा में गौतम बुद्ध भी आए थे और स्त्रियों के लिए भी यहां संघ के द्वार खोले। यहां अशोक स्तंभ था,यहां ह्वेनसांग आया था। कुछ वर्ष पूर्व तक फर्रुखाबाद का ही हिस्सा इत्र नगरी कन्नौज भी था। कन्नौज पांचाल देश का एक प्रमुख नगर था और जिसका प्राचीन नाम कान्यकुब्ज था। छठी शताब्दी में हर्षवर्धन जैसे शासक की राजधानी कन्नौज थी। मैं पड़ोस के कोसल महाजनपद के बैसवाड़ा (रायबरेली) का रहने वाला हूं और महान हर्षवर्धन मेरे पूर्वजों में थे।

मध्य युग में मुगल सम्राट के आदेश पर इस इलाके के सूबेदार के रूप में मोहम्मद खां बगंश (अफगानी पठान) यहां आए और उन्होंने वर्ष 1714 में आसपास के 52 गांवों को एकीकृत करके मुगल बादशाह फर्रुखसियर के नाम से मुख्यालय बनाकर उसका नाम फर्रुखाबाद रखा। मुगल बादशाह फर्रुखसियर कभी फर्रुखाबाद नहीं आए। कुछ दिन बाद वह इलाहाबाद सरकार के भी प्रमुख बनाए गए और उसी पद के दायित्वों को निभाते हुए एक दिन उन्होंने सेना के साथ मुगल साम्राज्य के विरोधी छत्रवाल को महोबा के जैतपुर किले में जा घेरा। किले पर घेरा कई महीनों चला। छत्रसाल ने मराठा सरदार बाजीराव से मदद मांगी। बाजीराव के आते ही बंगश घेरा छोड़कर भाग लिए। रात्रि में विजय उत्सव मनाया गया और छत्रसाल ने पारसी पत्नी की बेटी मस्तानी की शादी वाजीराव से कर उन्हें अपने इलाके का एक तिहाई हिस्सा भी दिया। 1857 की क्रांति के समय मस्तानी के ही बंशज अली बहादुर बांदा के नवाब और झांसी की रानी के साथी थे। मैं महोबा का कप्तान रहा और अक्सर जैतपुर के किले में जाकर शांति से बैठता था। किले के अंदर सुंदर झील भी थी। मेरे पसंदीदा शायर दाग देहलवी की तीन बेटियों वाली नानी (वज़ीर खानम उर्फ़ छोटी बेगम की मां) अकबाई बाई डेरेवाली फर्रुखाबाद की ही थी। रामपुर के नवाब सैयद यूसुफ़ अली ख़ान बहादुर मंझली को पसंद कर ले गए थे और बिल्कुल कश्मीरन लगने वाली छोटी वज़ीर खानम के तीसरे पति के रूप में प्यार करने/शादी करने वालों में नवाब लोहारू भी थे,जिन्होंने बाद में दिल्ली के अंग्रेज रेजीटेंट फ्रेजर की हत्या की थी। मिर्ज़ा ग़ालिब से भी पूछताछ हुई थी और नवाब लोहरू को फांसी हुई थी। इन्हीं नवाब लोहारू के बेटे नवाब दाग थे। वजीर खानम के चौथे पति दिल्ली सम्राट बहादुर शाह ज़फ़र के बेटे फ़खरू साहब थे। इस कहानी के लिए फ़ारूक़ी साहब के उपन्यास 'कई चांद थे सरे आसमां' ज़रूर पढ़े।

भवाली में नीम करोरी बाबा की ध्यान स्थली कैंची धाम (भवाली) आजकल दर्शनार्थियों की भीड़ से भरा रहता है,पर नीम करौली बाबा की कर्म स्थली नीम करोरी भी फर्रुखाबाद जिले में है। फर्रुखाबाद देश का सबसे ज्यादा आलू पैदा करने वाला जिला है। 100 के लगभग कोल्ड स्टोरेज है यहां। यही हाल कन्नौज का है। कुटीर उद्योग के रूप में यहां का वस्त्र छपाई और जरी वस्त्र उद्योग बहुत प्रसिद्ध है।

चिकित्सकीय परिप्रेक्ष्य में 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना

डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

हिंदी कहानी के सशक्त कहानीकार पं.चंद्रधर शर्मा गुलेरी की एक कहानी 'उसने कहा था' पचास के दशक में अत्यंत लोकप्रिय कहानियों में से एक थी। उसका मुख्य पात्र सिख सैनिक लहना सिंह है। वह विश्व युद्ध में ब्रिटेन की तरफ से जर्मनी की सेनाओं से लड़ाई लड़ रहा था। इसी दौरान एक जर्मन भेदिया उसके क्षेत्र में आ गया और मित्रता बढ़ाने के लिए उसे सिगरेट देते हुए बोला कि पूर्व में मैंने अपने अधीनस्थ सिखों के साथ खूब सिगरेट का आनंद लिया है। बुद्धिमान लहना सिंह तुरंत ताड़ गया कि यह ब्रिटिश पल्टन में आया कोई जासूस जर्मन सैनिक है जिसे भारत के सिखों के सिगरेट न पीने के विषय में कुछ अता-पता नहीं है। उसने आव न देखा ताव उस जर्मन जासूस की वहीं कपाल क्रिया कर दी। यह कहानी जब लिखी गई तब यह शत प्रतिशत सच था कि सिख युवक या युवती सिगरेट-धूम्रपान कतई नहीं करते। तम्बाकू हाथ नहीं लगाते। परंतु तेजी से बदलते आज के समाज में क्या हम ये बात दृढ़ता से कह सकते हैं कि सौ प्रतिशत सिख सिगरेट नहीं पीते। तम्बाकू नहीं खाते। शायद 99 प्रतिशत सिख विशेषतः सरदारनी महिलाएं धूम्रपान अभी भी नहीं करती हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखकर हम अपने चिकित्सा विद्यार्थियों को हमेशा यह आगाह करते हैं कि सिख पंथ के लोगों से धूम्रपान या सिगरेट के विषय में पूछते समय बहुत सावधानी बरतें जिससे उनकी धार्मिक भावना आहत न पहुंचे। क्या आप धूम्रपान करते हैं या तम्बाकू खाते हैं? यह सीधे-सीधे पूछने की गलती कभी मत करें। आज जब हृदया घात (दिल का दौरा), ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की महामारी हमारे चारों तरफ विकराल रूप में फैली हुई है। इन सब बीमारियों का एक प्रमुख कारण तम्बाकू और धूम्रपान है। हमें कभी-कभी कुछ ऐसे उदाहरण सिख मरीजों के मिल जाते हैं,जो उस पक्की लकीर के अपवाद होते हैं कि सिख धूम्रपान नहीं करतें हैं। इसलिए हर चिकित्सक को इस अपवाद का ध्यान अपने मन-मस्तिष्क में विशेषतः उस समय जब उसे किसी अनसुलझी समस्या से सामना करना पड़े जरूर रखना चाहिए। यहां पर मानव मन के इसी पहलू को दर्शाती हुई एक घटना का उल्लेख करना चाहूंगा।

एक छत्तीस वर्षीय संभ्रांत सिख परिवार की महिला को घर पर रात में अचानक चक्कर आता है। छाती में दर्द की शिकायत होती है। घर वाले उसे निकट के अस्पताल में ले आते हैं। ईसीजी की जांच होती है। ईसीजी में दिल में गड़बड़ी के कुछ संदेहास्पद चिन्ह मिलते है। ईको टेस्ट किया जाता है,उसमें भी कुछ असामान्य बातें मिलती हैं। अलबत्ता खून के टेस्ट में हृदया घात का कोई प्रमाण नहीं मिलता। उसने इसके पूर्व किसी अन्य दिल की बीमारी, ब्लड प्रेशर या डायबिटीज होने से इंकार किया। किसी प्रकार की गर्भ निरोधक गोलियों के सेवन की बात पूछने पर उसने बताया कि वह ऐसी कोई गोली नहीं लेती वरन थायरॉयड के लिए विगत पांच वर्षों से नियमित औषधि लेती है। किसी अन्य प्रकार की औषधि या गोली से उसने पूर्णतः इंकार कर दिया। धूम्रपान के विषय में पूछने पर भी उसने प्रथम दृष्टया मना कर दिया। सीने में दर्द, ईसीजी व ईको में गड़बड़ी को ध्यान में रखते हुए उसे गहन चिकित्सा कक्ष में रखने का निर्णय लिया गया,परंतु वह मानी नहीं और अपनी मर्जी से घर चली गई।

घर पर उसे फिर सीने में अत्यंत तीव्र दर्द उठता है और वह अर्धरात्रि में अस्पताल लाई जाती है। पुनः ईसीजी किया गया। इस ईसीजी में तीव्र हृदयाघात के चिन्ह साफ साफ उभर आते हैं। विज्ञान सम्मत प्रोटोकॉल के अनुसार हृदय धमनी का एंजियोग्राफी करने निर्णय किया गया। एंजियोग्राफी के बाद पता चला कि उसकी बांयी हृदय धमनी की मुख्य शाखा में पूर्ण अवरोध था। कैथिटर द्वारा अवरोध हटाया गया। नस पूर्ण रूप से अवरोध मुक्त की गई। हृदय नलिका में पूर्ण रक्त प्रवाह पुनः लौट आया। उसके अंदर औषधियुक्त छल्ला भी लगाया लगा जिससे भविष्य में उस नलिका में फिर अवरोध न हो सकें। परंतु एक बात चिकित्सकों को परेशान कर रही थी कि आखिर इस इक हरे बदन की चुस्त-दुरुस्त महिला को हार्ट अटैक क्यों पड़ा? उसे न ब्लड प्रेशर है न ही डायबिटीज। वह गर्भ निरोधक गोलियों को लेने से भी इंकार कर रही है। फिर इसे इतना तेज दिल का दौरा क्यों पड़ा? कहीं न कहीं दाल में कुछ काला अवश्य है? हम लोग किसी महत्वपूर्ण जोखिम बिन्दु को पकड़ नहीं पा रहें हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सक ने दूसरे दिन सबेरे फिर पूछा क्या आप किसी प्रकार की गोली या तम्बाकू आदि का सेवन करती हैं? सिख महिला सकपका गई। बोली आप इतना पूछ रहें हैं तो बता रही हूं। मैं क्लब में जाकर धूम्रपान करती हूं। सिगरेट के अलावा गांजा भी पीती हूं। शराब से भी परहेज नहीं करती,परंतु आप यें बातें मेरे परिवार को कतई न बताएं। अब तस्वीर साफ थी कि उस महिला को इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

सिखों के धूम्रपान न करने की लक्ष्मण रेखा को लांघने वाले प्रकरण हमें यह सोचने के लिए बाध्य अवश्य करते हैं कि हम इस बात का ध्यान मरीज से बात करते समय और उनका परीक्षण करतें समय विशेषतः मुंह के अंदर धूम्रपान या तम्बाकू का निशान मिलने पर हम उनसे इस विषय में बड़ी संजीदगी से एक पूछ जरूर लें। अब 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना नहीं रहा।

शिक्षा, मूढ़वर्ग और लोक संस्कृति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिन्दी साहित्य सम्मेलन की आवाज आज भले ही सुनाई नहीं दे रही, किंतु एक जमाना था कि महामना मालवीय और राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के नेतृत्व में वह साहित्य के जागरण का ज्योतिस्तंभ था। महात्मा गांधी इससे जुड़े थे और उन्होंने सन् 1917 में इंदौर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी।

स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले साहित्य ने जनता के गहरे स्तरों में जाकर जागरण की ज्योति जगाई थी। हिन्दी साहित्य की वह धारा लोक की कसौटी पर खरी उतरी थी,लेकिन आजादी के बाद एक नए प्रकार का रीतिकाल आ गया। साहित्य दरबारों में हाजिरी लगाने लगा,पुरस्कार पाने लगा,अपनी जी हजूरी पर इतराने लगा। उस मनःस्थिति में संस्थाएं लड़खड़ाने लगीं,नागरी प्रचारिणी सभा हो या सम्मेलन हो, वह जमाना आया कि राहुलजी को काम नहीं मिल सका था,वे श्रीलंका गए। निरालाजी और नागार्जुन के जीवन की कहानी किसी से छिपी नहीं है,शास्त्रीजी के जमाने में जब गोपाल प्रसाद व्यास को पद्मश्री देने के लिए बात आई तो व्यासजी ने शास्त्रीजी के पास जाकर कहा कि स्वतंत्रता-आंदोलन में एक भारतीय आत्मा माखनलाल चतुर्वेदी को भुला दिया गया? तब उनको पद्मभूषण दिया गया था। किसी जमाने में सम्मेलन पत्रिका बहुत प्रतिष्ठित पत्रिका थी। सन् 1973 में सम्मेलन पत्रिका ने लोक संस्कृति अंक निकाला था और उसका संपादन श्री रामनाथ सुमन ने किया था। जब लोक संस्कृति अंक का संपादन कर रहे थे, तब उनकी मनः स्थिति क्या थी, इसे हम उनके संपादकीय में समझ सकते हैं। उन्होंने लिखा कि "ऐसा हुआ है कि शिक्षा-मूढ़वर्ग जब हमारी संस्कृति की उस धारा को छोड़कर पथ-भ्रष्ट हो गया है, जब वह धारा से कटकर दूर चला गया है और जीवन की गुलकारियां उसके आत्म-ओज पर छा गई हैं, तब भी अशिक्षित सामान्य जनता ने अपने युग-युग के संचित आदर्शों को अपने हृदय के रक्त से सींचकर जीवित रखा है। मस्तिष्क के अहंकार में जय संपन्न एवं सभ्य वर्गों के पांव डगमग हो गए हैं, तब शताब्दियों की अमृत ज्योति को देश के अगणित जनपदों में फैले अदृश्य हृदयों की स्नेह धारा प्राप्त हुई है। जाति के जीवन की वाणी इस अटपटे बैन में, उनकी अकृत्रिम वाणी में, उनकी व्यथा एवं अनुभूति में, उनके रोने और गाने में, उनके जीवन क्रम में सिमिट-सिमिट कर फिर-फिर जी उठी है।"

श्री रामनाथ सुमन ने लिखा था कि "जब साहित्य राजप्रसादों के विलास-कक्ष में बंद हो गया, तब प्रणय का पावनकारी मुक्तिनाद ग्राम वधूटियों एवं ग्राम-तरुणों के कंठों में अमराइयों के बीच फूटा, तब साहित्य की सरस्वती सहस्रधा होकर लोक-कंठ पर तरंगित हुई, तब संस्कृति अतर्क्य विश्वासों एवं प्रेरणाओं का आधार लेकर मीरा की भक्ति के चरणों में घुंघरू बन गई, तब यह लक्ष-लक्ष ग्राम निवासों की दीवारों पर शिल्प बनकर उभरी,तब उसने सहस्र शिलाओं को जीवित अहल्या का रूप दिया, संगीत और वाद्य उसकी झंकार से मुखरित हो गए। जीवन अगणित तरंगों में अगणित वाद्यों में बजा और अगणित गीतों में फूट उठा। यही सब समष्टिगत आत्म प्रकाश लोक संस्कृति है।

दुनिया के महाकाव्य

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

प्राचीन महाकाव्यों में बहुतेरे चमत्कारिक और अलौकिक प्रसंग मिलते हैं,जैसे कि हनुमान जी एक ही छलांग में समंदर पार कर गए, सीता जी धरती से पैदा हुईं, महर्षि अगस्त्य घड़े में पैदा हुए, आदि आदि। आज कई एक लोग इन चमत्कारों का मजाक उड़ाते हैं,मानो यह सिर्फ भारत के महाकाव्यों में होता हो। हमें जानना चाहिए कि दुनिया में जितने भी महाकाव्य हैं, वे सभी ऐसे ही चमत्कारों से भरे पड़े हैं। दरअसल महाकाव्य साहित्य की वह विधा है जिसकी कहानी पार्थिव जगत की घटनाओं और आकाशीय चमत्कारों के बल पर आगे बढ़ती है। इन चमत्कारों का मजाक उड़ाना साहित्य के बारे में अपनी घोर अज्ञानता का परिचय देना है।

युगबोध का अभाव साहित्यिक कृतियों के अर्थ का अनर्थ बना देता है। प्राचीन काल का साहित्य वर्तमान की आंखों से नहीं,बल्कि प्राचीन काल की आंखों से पढ़ना चाहिए। तभी आप अपने पुरखे लेखकों का सही आंकलन कर सकते हैं।

महाकाव्यों का युग मानव सभ्यता और संस्कृति का शैशव काल है। बच्चों को चमत्कार बहुत भाते हैं। अतः यह तनिक भी अस्वाभाविक नहीं कि दुनिया के सारे महाकाव्य समान रूप से अलौकिक प्रसंगों से भरे हुए हैं। महाकाव्य मानव सभ्यता और संस्कृति के शैशव काल की गाथाएं हैं,लेकिन आज अगर कोई इन प्रसंगों को सचमुच सही मानता हो तो उसकी मूर्खता का कोई जवाब नहीं।

राम मंदिर के दौर में माता सीता की चर्चा

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

सीता जिनकी भारत पूजा करता है,पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है।

देश अभी भी पिछली 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्साह से निकला नहीं है। इस पृष्ठभूमि में माता सीता पर चर्चा करना समीचीन रहेगा। माता सीता के बिना श्रीराम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं। सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और पुरुष हैं। खैर,ये सभी तथ्य बहुत मशहूर हैं। हालांकि सुखद आश्चर्य यह है कि एक अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम ने सीता पर एक प्रामाणिक पुस्तक लिखी है। 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' को प्रसिद्ध प्रकाशक 'मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग हाउस' ने प्रकाशित की है। डेना मरियम अपनी पुस्तक में सीता के जीवन की पारंपरिक कथा को प्रतिस्थापित करती है। माता सीता वास्तव में देवी नारायणी का अवतार हैं। सीता उस समय एक नई सभ्यता की नींव रखने में श्रीराम के साथ शामिल होने के लिए पृथ्वी पर आती हैं जब मनुष्य प्राकृतिक दुनिया से अलग होने लगा था। वह लोगों के दिल और दिमाग में जंगलों और नदियों, पौधों और जानवरों के जीवन के लिए एक महान प्रेम पैदा करना चाहती है। सीता की जीवन यात्रा एक महिला की बुद्धिमत्ता, साहस और निःस्वार्थ बलिदान की कहानी है।

अपनी किताब में लेखिका सीता के बचपन, परिवार और अन्य पहलुओं के बारे में विस्तार से लिखती हैं। लेखिका ने पहला अध्याय 'मिथिला में बचपन' लिखा है। इस अध्याय को इस भाव से लिखा गया है मानो वह (सीता) अपनी कहानी खुद लिख रही हों। "मेरा जन्म प्राचीन साम्राज्य विदेहनगरी,जिसे मिथिला भी कहा जाता है, में एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था। मेरे पिता जनक महाराज के घर में सेवा करते थे"। वाल्मीकि रामायण के अनुसार माता सीता का जन्म जनकपुर में हुआ था। जनकपुर का प्राचीन नाम मिथिला तथा विदेहनगरी था। भगवान श्रीराम से विवाह के पहले सीता ने ज्यादातर समय यहीं व्यतीत किया था। महाभारत काल में जनकपुर एक जंगल के रूप में था।

378 पृष्ठों की इस पुस्तक में डेना मेरियम ने सीता के विवाह, मिथिला से प्रस्थान, अयोध्या में समायोजन, प्राचीन अयोध्या में पुनर्जन्म, मंदोदरी को सीता की शिक्षा, अयोध्या में वापसी, जंगल में वापसी आदि विषयों पर लिखा है। उन्होंने एक अध्याय सीता और उनके पुत्रों क्रमशः लव और कुश को भी समर्पित किया है। महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों के लिए राम द्वारा सीता को वन में निर्वासित करने की घटना, जब वह पांच महीने की गर्भवती थीं, रामायण की सबसे परेशान करने वाली और समझ से परे घटनाओं में से एक है। यह घटना भगवान के प्रति विश्वास की गंभीरता से परीक्षा लेता है और कुछ मामलों में वास्तव में इसे तोड़ देता है जिससे कुछ लोग भगवान राम के प्रति कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। वे भूल जाते हैं कि यह एक दिव्य लीला है और भगवान जो करते हैं उसे करने के उनके अपने कारण हैं और वे हमेशा हमारी छोटी समझ के दायरे में नहीं होते हैं।

सीता जिनकी भारत पूजा करता है,पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है। उनके लिए भारत दूसरे घर की भांति है। वह मैक्स मूलर और फादर कामिल बुल्के की परंपरा की विदेशी हैं,जिन्होंने भारत और हिंदू धर्म के अहम प्रतीकों का गहराई से अध्ययन किया।

फादर कामिल बुल्के के लिए भारत अपनी मातृभूमि से भी कहीं ज्यादा प्यारा था। बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के की जग विख्यात विशेषता यह है,वे रामकथा के मर्मज्ञ और हिंदी के विद्वान थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बांग्ला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेजी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक संदर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोधग्रंथ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रंथ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। खैर डेना मरियम ने 1990 के दशक के अंत में अंतर-धार्मिक आंदोलन में काम करना शुरू किया जब उन्होंने वर्ष 2000 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में आयोजित धार्मिक और आध्यात्मिक नेताओं के मिलेनियम विश्व शांति शिखर सम्मेलन के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 40 से अधिक वर्षों तक डेना मरियम परमहंस योगानंद की शिष्या और क्रिया योग ध्यान की अभ्यासी रही हैं। वह वैदिक परंपरा के महान ग्रंथों की भी लंबे समय से छात्रा रही हैं। यह समय है जब माता सीता का गहराई से अध्ययन करने वाले पाठक और विद्वान उनसे मिलकर यह समझें कि वह भारत और हिंदू धर्म से इतनी गहराई से क्यों जुड़ी हुई हैं। अंत में उन्होंने एक और महत्वपूर्ण पुस्तक 'रुक्मिणी एंड द टर्निंग ऑफ टाइम' भी लिखी है।

जीवन का ऋण

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

चार्वाक दर्शन अनुमानों के आधार पर जीवन जीने को सही नहीं मानकर प्रत्यक्ष अनुभूति को ही उचित मानता है। चार्वाक दर्शन के 'यदा जीवेत् सुखं जीवेत्, ऋणम् कृत्वा घृतम् पिवेत्' सूत्र को परिभाषित करते विद्वानों ने 'जब तक जीओ सुखपूर्ण जीवन जीओ, ऋण लेकर घी पीओ' का अर्थ निकाला कि जीवन में आनंद के लिए उधार रुपया-पैसा लेना पड़े तब भी पीछे नहीं हटना चाहिए। यह रुपया स्वरूप बनाने तथा पैसा आत्मा की प्यास बुझाने से है।

चार्वाक मत की इस परिभाषा पर चिंतन मनन करने से प्रतीत होता है कि इसकी गहराई में कुछ और भी भाव निहित है। इस सूत्र में 'घृत' शब्द पर मंथन करने की जरूरत है। घृत अपने आप में दूध के मथे जाने के बाद तैयार होने वाला पदार्थ है। यह तो सामान्यतया लोग जानते हैं दूध को गर्म करने के बाद नवनीत (मक्खन) से घृत निकलता है। मनुष्य का जीवन भी तो नौ माह गर्भ में 'मां' के अंश से पोषित होकर जन्म लेने और मातृ-दुग्धपान से होता है। इसी दुग्ध को आगे चलकर घृत बनाने के लिए मनुष्य को मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा तथा सहस्रार चक्रों से शक्ति उधार लेकर उसमें व्याप्त घृत-अंश का सदुपयोग करना है। इस स्थिति में कुंडलिनी जागृत होती है। लोकजीवन में एक मुहावरा 'घी के दीए जलाना' प्रयोग किया जाता है जिसका अर्थ ही है कि आनंद मनाना। जिस आनंद और सुख की बात चार्वाक के सूत्र में है,वह यही है कि कल्पना के आधार पर किसी सुख के पीछे नहीं भागना,बल्कि कुदरत द्वारा बहुमूल्य शरीर में जो धन छुपा है, उससे ऋण लेकर घृत पीआ जाए। वैसे भी मनुष्य पंचमहाभूतों पृथ्वी,जल,अग्नि, आकाश तथा वायु के ऋण से ही जीवन व्यतीत करता है। इस ऋण की अदायगी के लिए इन पंचमहाभूतों की रक्षा करनी चाहिए।

एक नजर

पंचायत भवन में कल होगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

मुरादाबाद, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के क्रम में 27000 से अधिक निवेश प्रस्ताव-एमओयू प्राप्त हुए थे। जिसमें 38.78 लाख करोड़ से अधिक का निवेश तथा 1.12 करोड़ रोजगार दिया जाना है। इन प्रस्तावों को धरातल पर लाने के लिए सोमवार को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आरंभ लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसी क्रम में 19 फरवरी को पंचायत भवन सभागार में भी कार्यक्रम आयोजित होगा। संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा।

त्योहारों को देखते हुए जिले में निषेधाज्ञा लागू

मुरादाबाद, अमृत विचार : संत रविदास जयंती, शबे बरात, महाशिवरात्रि, होली और जिले में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं को देखते हुए कानून व शांति व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट मानवेन्द्र सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी की है। यह जिले में 14 अप्रैल तक लागू रहेगी।

कलाकारों को आज मिलेगा प्रतिभा दिखाने का अवसर

मुरादाबाद, अमृत विचार : युवा कलाकारों को रविवार को अपने प्रतिभा दिखाना का सुनहरा अवसर मिलेगा। कलाकारों की ओर से ओपन स्टेज कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कलाकार अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन यशोदा फूड कोर्ट टीडीआई सिटी में किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा प्रिया अग्रवाल रहेंगी। संस्था की अध्यक्ष इशिका सिंह ने बताया कि ईवाईएलएम बैठक फाउंडेशन का उद्देश्य युवा कलाकारों को मंच प्रदान करना है।

प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

मुरादाबाद, अमृत विचार : बोनी एनी पब्लिक स्कूल में विषयवार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका आरंभ प्रबंधक फरीदा खान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल लाइफ प्रोसिस मॉडल, फूड चेन, चंद्रयान मैथ में डिमोन्ट्रेशन ऑफ कॉनिक सेक्शन आदि को दर्शाया गया। प्रधानाचार्या सुनीता भटनागर ने छात्रों के कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान फैसल खान, फरहीना व अतिया आदि मौजूद रहे।

24 फरवरी के बाद बंद ट्रेनों की बहाली का क्रम होगा शुरू, मार्च के पहले सप्ताह तक बहाल हो जाएंगी सभी ट्रेनें, तैयारी शुरू

कोहरे के चलते बंद ट्रेनें होंगी जल्द बहाल, हजारों यात्रियों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : ट्रेन यात्रियों के लिए राहत की बात है। अब रेल गाड़ियों में जगह और कन्फर्म टिकट की समस्या का समाधान हो सकेगा। कोहरे के चलते निरस्त की गईं ट्रेनों को जल्द चलाया जाएगा। हालांकि रेल प्रबंधन ने इसके लिए आदेश तो नहीं जारी किया है, लेकिन उम्मीद है कि पहले के वर्षों की तरह कोहरा सीजन की रद ट्रेनें जल्द चलेंगी।

रेल प्रबंधन ने दिसंबर के आखिरी सप्ताह से 40 ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया था। ऐसा होने से लंबी दूरी की ट्रेनों की संख्या घट गई थी। जिसकी वजह से दैनिक यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब कोहरा सीजन की तिथि के कुछ ही दिन बाकी है। माह के आखिरी दिनों से मार्च के पहले सप्ताह में ऐसी सभी गाड़ियां बहाल कर दी जाएंगी। रेल प्रबंधन हर साल तीन माह तक रेल पटरी मरम्मत और अन्य विकास कार्य पूरा करता है। इस दौरान लंबी दूरी की ट्रेनों को रद किया जाता है।

> रेल प्रबंधन ने कोहरा के मद्देनजर कुल 40 ट्रेनों का संचालन बंद किया है। इसमें पांच जोड़ी ट्रेनों को एक फेरे के अंतराल पर निरस्त किया है। कुछ ट्रेनें 24 फरवरी और कुछ एक मार्च तक रद हैं। रेलवे मुख्यालय के आदेश के क्रम में इन ट्रेनों का संचालन बहाल किया जाता है। आदेश के क्रम में सेवाएं बहाल की जाएंगी। उसके लिए नोटिफिकेशन जारी होगा।
> -सुधीर सिंह, प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक

बहरहाल, अब मार्च से सभी ट्रेनों का संचालन शुरू होगा। इसे देखते हुए रेल प्रबंधन के साथ-साथ रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने तैयारी शुरू कर दी है। मंडल मुख्यालय से करीब 300 ट्रेनें चलती हैं। इसमें स्थानीय, सुपरफास्ट, मेल, साप्ताहिक और क्लोन ट्रेनें शामिल हैं। परिचालन विभाग के सूत्रों का दावा है कि 24 घंटे में 240 से अधिक ट्रेनों का आना-जाना होता है। माल ढुलाई के लिए भी मुरादाबाद रूट मुख्य है। यहां 24 घंटे में 40 से 60 गुड्स ट्रेनें गुजरती हैं।

गाड़ी संख्या	कहां से	कहां तक	अंतिम तिथि निरस्त
14617	बनमखी	अमृतसर	02 मार्च
14618	अमृतसर	बनमखी	29 फरवरी
14606	जम्मूतवी	योगनगरी ऋषिकेश	25 फरवरी
14605	योगनगरी	ऋषिकेश जम्मूतवी	26 फरवरी
14616	अमृतसर	लालकुंआ	24 फरवरी
14615	लालकुंआ	अमृतसर	24 फरवरी
14525	अंबाला	बरौनी जंक्शन	27 फरवरी
14523	बरौनी	जंक्शन अंबाला	29 फरवरी
14308	बरेली	प्रयागराज	29 फरवरी
14307	प्रयागराज	बरेली	03 मार्च
14674	अमृतसर	जयनगर	27 फरवरी
14673	जयनगर	अमृतसर	29 फरवरी
14235	वाराणसी	बरेली	29 फरवरी
14236	बरेली	वाराणसी	01 मार्च

गाड़ी संख्या	कहां से	कहां तक	अंतिम तिथि निरस्त
14229	प्रयागराज	योगनगरी ऋषिकेश	29 फरवरी
14230	योगनगरी ऋषिकेश	प्रयागराज	01 मार्च
12583	लखनऊ जंक्शन	आनंद विहार	29 फरवरी
12584	आनंद विहार	लखनऊ जंक्शन	29 फरवरी
15059	लालकुंआ	आनंद विहार	29 फरवरी
15060	आनंद विहार	लालकुंआ	29 फरवरी
18103	टाटा नगर	अमृतसर	28 फरवरी
18104	अमृतसर	टाटा नगर	01 मार्च
15058	आनंद विहार	गोरखपुर	28 फरवरी
15057	गोरखपुर	आनंद विहार	29 फरवरी
12210	काठगोदाम	कानपुर सेंट्रल	26 फरवरी
12209	कानपुर सेंट्रल	काठगोदाम	27 फरवरी
15621	कामाख्या	आनंद विहार	29 फरवरी
15622	आनंद विहार	कामाख्या	01 मार्च

सुपरफास्ट सप्तक्रांति दोनों ओर से विलंबित

मुरादाबाद, अमृत विचार: ट्रेनों के विलंब से चलने का क्रम शनिवार को भी जारी रहा। मुजफ्फरपुर से आनंद विहार जाने वाली सुपरफास्ट सप्तक्रांति एक्सप्रेस सुबह यहां 5 घंटे 47 मिनट की देरी से आई।

शाम को यहीं ट्रेन आनंद विहार से 3:09 घंटे की देरी से पहुंची। उधर, मुजफ्फरपुर से आने वाली गरीब रथ भी सुबह 3 घंटे 19 मिनट लेट रही। उपासना के दो फेरे प्रभावित हुए। सुबह इस ट्रेन ने यात्रियों को 2 घंटे 46 मिनट इंतजार कराया।

गरीब नवाज के मुसाफिरों को 1 घंटे 30 मिनट तक ट्रेन की प्रतीक्षा करनी पड़ी। दोपहर बाद की जननायक 1:25 घंटे, जनसाधारण 1:11 घंटे, डाउन दिशा की उपासना 4:29 घंटे, अन्त्योदय एक्सप्रेस, 2:44 घंटे, दून एक्सप्रेस 4:59 घंटे, उदयपुर साप्ताहिक 1:41 घंटे देर से आई।

13 साल की उम्र में हुई थी फरहीन की शादी

पहले पति से तलाक लेकर जाकिर से की थी दूसरी शादी, सास से हुआ था झगड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मृतका की रिश्ते की बहन शिबली ने बताया कि फरहीन की पहली शादी कोहिनूर चौराहे के पास रहने वाले मंसूर के साथ हुई थी। जब फरहीन की शादी हुई उस समय उसकी उम्र महज 13 साल थी। मंसूर पीतल ढलाई का काम करता था।

इन दिनों मंसूर नेपाल में एक फैक्ट्री में काम करता है। पहले पति मंसूर से फरहीन को चार बच्चे हैं। इनमें 12 साल की बेटी तस्मिया, सात साल का बेटा जैद, छह साल की बेटा सबेहा और बेटा अब्दुल्ला (चार साल) हैं।

फरहीन के घर पति मंसूर के दोस्त जाकिर का आना-जाना था। इसी दौरान फरहीन और जाकिर में प्रेम प्रसंग हो गया था। इस बात की भनक मंसूर को भी लग गई थी। दोनों में इसी बात को लेकर झगड़ा होने लगा। इस मौके का फायदा उठाकर जाकिर ने फरहीन से नजदीकियां बढ़ानी शुरू कर दी। जिसके बाद मंसूर ने फरहीन को तलाक दे दिया था।



कटघर थाना क्षेत्र में हुई हत्या के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

मंसूर के बच्चों को नहीं रखना चाहता था जाकिर

दूसरे पति जाकिर ने तीन महीना पहले फरहीन से निकाह तो कर लिया था। लेकिन वो उसके पहले पति के चार बच्चों को साथ में रखना नहीं चाहता था। इसी बात को लेकर आए दिन फरहीन और जाकिर के बीच विवाद होता था। जाकिर की मां चंदा भी इस बात को लेकर घर में झगड़ा करती थी। सास नहीं चाहती थी कि बहू पहले पति के बच्चों को साथ में रखे। लेकिन फरहीन की जिद थी कि वह अपने चारों बच्चों को नहीं छोड़ेगी। आसपास के लोगों का कहना है कि आए दिन के झगड़े की वजह से फरहीन ससुराल छोड़कर पास में ही किराए के घर में रहने लगी थी। जाकिर भी उसके साथ यही रहता था। जाकिर उसके बच्चों को खाने के लिए कुछ नहीं देता था। बच्चे पूरे दिन भूखा रहते थे। इस बात से आहत फरहीन ने जाकिर से कहा था कि अगर वो उसके बच्चों को नहीं पाल सकता है तो उसे तलाक दे दे। लेकिन जाकिर इस बात पर राजी नहीं था।

फरहीन की एक दिन पहले ही सास से हुई थी मारपीट

पहले पति के बच्चों को साथ रखने पर फरहीन का अपने दूसरे पति और सास से आए दिन विवाद होता था। विवाद इतना बढ़ गया था कि गुरुवार को फरहीन की अपनी सास चंदा से मारपीट हो गई थी। चंदा किराए के घर में जाकर फरहीन पर दबाव बना रही थी कि वो अपने पहले पति के बच्चों को घर से निकाल दे और उनके पिता के घर छोड़ आए। इसी बात को लेकर चंदा और फरहीन में हाथापाई हुई थी। चंदा ने इसकी शिकायत अपने दूसरे बेटे गुलफाम से की थी। उसने कहा था कि बहू फरहीन ने उसे मारा है। इसी बात पर गुलफाम गुस्सा था और बेइज्जती महसूस कर रहा था।

मां ने दर्ज कराई बेटी के अपहरण की रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत 13 वर्षीय किशोरी संदिग्ध हालात में घर से लापता हो गई। उसकी मां ने सिविल लांइस थाना क्षेत्र निवासी युवक पर बहला-फुसला कर अगवा करने का आरोप लगाते हुए अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना मझोला के गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर बताया कि 14 फरवरी को शाम पांच बजे वह मायके गई थी। जबकि उसका बेटा खेलने गया हुआ था। घर में 13 वर्षीय बेटी अकेली थी। महिला के अनुसार जब वह लौट कर गाई तो बेटी घर से गायब थी।

आरोप लगाया कि भातू कालोनी निवासी राहुल नाम के युवक ने धमकी दी कि तुम्हारी बेटी को गायब कर दूंगा। पीड़िता के अनुसार उसका फोन भी बेटी के पास ही है, जो रिसीव नहीं हो रहा। थाना मझोला प्रभारी संजय कुमार पांचाल ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी राहुल के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है। किशोरी के सकुशल बरामदगी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

देवीपुरा में बनी राशन की मॉडल शॉप। ● अमृत विचार

63 मॉडल शॉप में से आधे का भी नहीं हुआ निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सरकार ने राशन डीलर के घर रखे जाने राशन को अब सरकारी दुकानों में रखने की व्यवस्था की है। ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका कार्य जनवरी तक होना था। 8 ब्लॉक में 63 ग्राम पंचायतों में उचित दर पर दिए जाने वाले राशन की दुकानें जिला ग्राम्य विकास अभिकरण विभाग की लापरवाही से नहीं बन पाईं हैं।

जनपद में 8 ब्लॉक में ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी सस्ते गल्ले के लिए मॉडल शॉप का निर्माण कराने का जिम्मा सरकार ने जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक को सौंपा था। साथ ही इसका प्रस्ताव परियोजना निदेशक से मांगा था। जिसमें 69 ग्राम पंचायतों में दुकानों का प्रस्ताव भेजा गया था। इसमें 63 दुकानों के निर्माण के लिए स्वीकृति मिली थी। जिसमें ब्लॉकवार भगतपुर टांडा ब्लॉक में 9 ग्राम पंचायतों, बिलारी ब्लॉक में 8, छजलैट में 10, डिलारी ब्लॉक में 9 के प्रस्ताव पर 8 को स्वीकृति मिली थी। डिंगरपुर ब्लॉक में 12 में से 11 की स्वीकृत हुई व मुरादाबाद ब्लॉक में 5 में से 4 ग्राम पंचायतों में बनाई जानी थी। मूंढापांडे में 6 और ठाकुर द्वारा में 7 मॉडल शॉप बनाई जानी थी। परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र के मुताबिक 63 में से अभी तक 24 दुकान से ही बन पाई हैं।

कांठ रोड पर हरथला में नाला निर्माण हो रहा है। जिसमें शनिवार को अधूरे नाले में पानी भर गया। जिससे दुकान के बेसमेंट में भी पानी घुस गया। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि ऐसे में उनके कारोबार पर भी फर्क पड़ रहा है। ● अमृत विचार

खसरा, चिकनपॉक्स से बचने को दवा बांटी

मुरादाबाद, अमृत विचार: आर्गेनम होम्योपैथिक सर्वहार सोसायटी के तत्वावधान में रेलवे मनोरंजन सदन में निशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर लगा।

मनोरंजन सदन में मां पीतांबरा बगलामुखी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आयोजित चिकित्सा शिविर में लोगों को खसरा, चिकनपॉक्स आदि से बचाव के लिए दवा बांटी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आर के शर्मा ने बताया कि मौसमी बदलाव का दौर शुरू होने के चलते खसरा, चिकनपॉक्स आदि संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। डॉ. नूतन आर्य, पुष्कर राम, अमन पांडेय, दीपा, ज्योति, चरण सिंह, श्री दिव्य परिवार महायज्ञ समिति के राजीव अग्रवाल, केके गुप्ता, महेश बंसल, सुधीर श्रीवास्तव, नरेशचंद्र सक्सेना, दिनेश अग्रवाल आदि रहे।

दिल्ली कूच की तैयारी में जिले के किसान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन की आहट अब जनपद के किसानों में भी सुनाई देने लगी है। जनपद के किसान दिल्ली कूच करने की तैयारियों में जुट गए हैं।

किसान आंदोलन को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन की पंचायत मुजफ्फरनगर सिसौली में हुई। इसमें जनपद के किसान भी शामिल हुए। भाकियू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौ सिंह ने वहां से आकर बताया कि पंचायत में राकेश टिकैत ने किसानों से कहा कि सभी किसान तैयार रहें, किसी भी दिन दिल्ली को कूच करना पड़ सकता है। 21 फरवरी को किसान देश के सभी जिला मुख्यालय पर सरकार को चेतावनी देकर आंदोलन की शुरुआत करेंगे। कहा कि जबतक सरकार किसानों की सभी मांगों को नहीं मानेगी, तब तक किसान अपने हक के लिए लड़ते रहेंगे। मंडल उपाध्यक्ष चौधरी यशपाल सिंह ने कहा कि जनपद के किसान राकेश टिकैत के साथ खड़े हैं। किसानों के बेहतर कल के लिए हम सरकार से लड़ने के लिए एक बार फिर तैयार है। जनपद से भी किसान आंदोलन का हिस्सा बनने को तैयार है। पंचायत में इनके साथ नौशे अली, निक्की चौधरी, सचिन चौधरी, रामपुर से साबिर प्रधान, हाजी लाला भी पहुंचे और किसान आंदोलन को समर्थन दिया।

मुजफ्फरनगर के सिसौली में हुई पंचायत में मुरादाबाद से शामिल भाकियू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौ सिंह व साथ में अन्य। ● अमृत विचार

मूंढापांडे में तैनात पंचायत सचिव को दिया नोटिस

मुरादाबाद, अमृत विचार : मूंढापांडे में तैनात पंचायत सचिव अजय कुमार को काम में लापरवाही पर जिला विकास अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। साक्ष्य के अनुसार 15 दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

जिला विकास अधिकारी गोविन्द बल्लभ पाठक ने बताया कि ओडीएफ प्लस में चयनित ग्राम पंचायतों में कार्य योजना अनुसार कार्य पूर्ण कराते हुए नियमानुसार धनराशि व्यय न करने, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा पोर्टल पर ऑनबोर्ड तथा जेम पोर्टल पर ग्राम पंचायत को रजिस्टर न किये जाने, शासन के शीर्ष प्राथमिकता वाले कार्यों में रुचि न लेने के संबंध में पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण साक्ष्यों सहित बीडीओ के माध्यम से 15 दिन के भीतर देने का निर्देश दिया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक और समय से प्राप्त न होने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

तैयारी | दो घंटे या उससे ज्यादा पढ़ाई करने पर 30 मिनट का अंतराल रखें, फोन से बनाएं दूरी

याद करने के साथ विषय को अवश्य दोहराएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: परीक्षा की तैयारी में रिवीजन (पुनरावृत्ति) की अहम भूमिका होती है। विशेषज्ञ का कहना है कि आप चाहे कितना भी पढ़ लें। लेकिन अगर आपने समय-समय पर उसका रिवीजन नहीं किया। तो आप उसे भूल भी सकते हैं। पेपर की बेहतर तैयारी के लिए विषयों का रिवीजन करना बहुत जरूरी है। इसलिए कम समय में भी उसे नियमित तौर पर दोहराते रहें। अभ्यास से आपको अपनी कमियों का भी पता चलेगा। इससे आपको परीक्षा से एक दिन पहले रिवीजन करने में भी आसानी होगी और आप परीक्षा में वह गलतियां नहीं करेंगे।

आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज के शिक्षक राहुल दत्त त्यागी ने कहा कि 2 घंटे या उससे ज्यादा पढ़ाई करने पर 30 मिनट का ब्रेक लेना अनिवार्य है। बताया कि इस समय बोर्ड परीक्षा में भाग लेने जा रहे विद्यार्थियों के लिए हर समय कीमती है। लेकिन बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए आपको विश्राम लेने की आवश्यकता है। अगर आप दो घंटे या उससे ज्यादा पढ़ाई कर लेते हैं तो 20 से 30 मिनट का ब्रेक अवश्य लें। इससे आपके दिमाग को आराम मिलेगा और दोबारा पढ़ाई के दौरान आप तरोताजा महसूस करेंगे।

अगर आप 1 घंटे लगातार पढ़ाई करते हैं तो उसके बाद 10 से 15 मिनट का ब्रेक ले सकते हैं। अच्छे अंक लाने के लिए कभी भी किसी भी विषय को बिल्कुल भी रटें नहीं, समझने की कोशिश करें। वरना सवाल के मामूली बदलाव पर सवाल आपको समझ ही नहीं आ पाएगा। छात्र ऐसे प्रश्नों को देख कर घबरा जाते हैं। इसलिए विषय को समझें, रटें नही। समझ कर पढ़ने से हर विषय के हर प्रश्न का उत्तर आप दे पाएंगे। परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के लिए अपने इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें। साथ ही सोशल मीडिया का भी सहारा न लें। मोबाइल फोन को अपने से दूर रखें, पढ़ाई के लिए बनाई गई समय सारिणी के साथ ही मोबाइल के लिए भी समय सारिणी बना लें।

जानें कैसे बनाएं नोट्स

छात्र कठिन और आसान अध्याय को बराबर का समय दें। बहुत से छात्र आसान अध्याय को पहले पढ़ते हैं और जो उन्हें कठिन लगता है। उसे बाद के लिए छोड़ देते हैं, ऐसा बिल्कुल न करें। ऐसे में होता यह है कि कठिन अध्याय के लिए समय कम मिलता है। जिसकी तैयारी छात्र सही तरीके से नहीं कर पाते हैं। बोर्ड परीक्षा देने से पहले उनका सिलेबस हर हाल में पूरा होना चाहिए। बोर्ड परीक्षा के लिए नोट्स जरूर बनाए। छात्रों द्वारा बनाए गए नोट्स हमेशा उनकी मदद करेंगे। जब भी पढ़ें या रिवीजन करें, तो ध्यान से उसके नोट्स बनाते रहें। परीक्षा के अंतिम समय में यही नोट्स सबसे ज्यादा काम आएंगे। इसलिए रिवीजन के लिए नोट्स बनाने में लापरवाही बिल्कुल न करें। प्रति दिन लक्ष्य निर्धारित कर अपने नोट्स जरूर दोहराते रहें।

संस्कृत की परीक्षा के लिए विद्यार्थी तैयार

मुरादाबाद, अमृत विचार : सीबीएसई परीक्षाओं में अभी चुनिंदा विषयों की परीक्षाएं चल रही हैं। इन विषयों के महानगर में बहुत कम विद्यार्थी हैं।

सोमवार को भी कुछ ऐसे ही विषय की परीक्षा रहेंगी। जिनमें छात्र-छात्राओं की संख्या काफी कम रहने वाली है। इसमें कक्षा10 के विद्यार्थी संस्कृत कम्युनिकेटिव और संस्कृत की परीक्षा देंगे। जबकि 12वीं के विद्यार्थी हिंदी इलेक्टिव और हिंदी कोर की परीक्षा देंगे। राजेंद्र एकेडमी के शिक्षक कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि परीक्षा कोई भी हो, उसके जीवन में बहुत महत्व होता है। इसलिए सभी विद्यार्थी इन परीक्षाओं के लिए तैयारी अच्छी करें। 21 फरवरी से मुख्य विषय की परीक्षाएं आरंभ हो जाएगी। उम्मीद है इस बार सभी विद्यार्थी बेहतर करेंगे और अपने भविष्य को सुधारेंगे।

बदले के लिए की थी पूर्व प्रधान की हत्या

संवाददाता, मुरादाबाद/मैनाठेर

अमृत विचार: मैनाठेर पुलिस ने पूर्व प्रधान की हत्या का 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए हत्यारोपियों ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि 25 साल पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए उन्होंने पूर्व प्रधान की हत्या की थी।

थाना मैनाठेर क्षेत्र के गांव रसूलपुर गौसर में शुक्रवार सुबह 6:30 गांव के पूर्व प्रधान राजवीर सिंह (60) की उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारोपियों ने पूर्व प्रधान के दरवाजे पर आकर आवाज लगाई थी। जैसे ही पूर्व प्रधान राजवीर घर से बाहर निकले, आरोपियों ने कनपटी पर तमंचा सटाकर गोली मार दी थी। शनिवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीणा ने प्रेसवार्ता के दौरान हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि रसूलपुर गौसर में हुई हत्या की में पुलिस ने इसी गांव के जगदीश और उसके बेटे हेमंत कुमार को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने मिलकर घटना की थी। दोनों ने गुनाह कबूल कर लिया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि राजवीर जब 20-25 साल पहले प्रधान था, तब उसने कागजों में हेरफेर करके उनकी मैथा फैक्ट्री पर टैक्स लगवाया था। इसके अलावा उससे रुपयों का लेनदेन भी था। इसी रंजिश में उसकी हत्या की है। एसपी देहात ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल तमंचा बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

पुलिस लाइन सभागार में हत्या का खुलासा करते एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीणा।

एक नजर

भाई की शवयात्रा में जा रहे अधेड़ की बाइक की टक्कर से मौत

काशीपुर, अमृत विचार : एक अधेड़ की तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिला रामपुर तहसील स्वार के नरपत नगर निवासी चिरंजी लाल (50) पुत्र बाबू राम छोले-बताशे की फेरी लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था। बीते शुक्रवार को उसके भाई भगवान दास की मौत हो गई थी। उसी शाम जब वह भाई की शव यात्रा के साथ श्मशान घाट जा रहा था तो रास्ते में तेज रफ्तार बाइक चालक ने चिरंजी लाल को पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शव यात्रा में शामिल कुछ लोग उसे आनन-फानन मानपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए जहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसे की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक मृतक अपने पीछे दो बेटे व दो बेटियों को रोता-बिलखता छोड़ गया है।

दंगे में शामिल युवा नेता समेत 14 और गिरफ्तार

मुखानी थाने की गाड़ी फूंकने और पीएसी जवान को लूटने वाले भी पकड़े, अब तक 58 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- गिरफ्त में 3 वह दंगाई भी जिनकी संपत्ति कुर्क कर चुकी पुलिस
- पेट्रोल बम और पीएसी जवान से लूटी गई मैगजीन भी बरामद

अमृत विचार : दंगाइयों पर पुलिस का एक्शन लगातार जारी है। शुक्रवार तक 44 दंगाइयों को सलाखों के पीछे भेजने वाली पुलिस ने शनिवार को यूथ कांग्रेस के नेता समेत 14 और दंगाई गिरफ्तार कर लिए। इसमें मुखानी थाने की गाड़ी फूंकने और पीएसी जवान से लूट करने वाले दंगाई भी शामिल हैं। गिरफ्तार दंगाइयों में तीन ऐसे नाम भी हैं, जिनकी संपत्ति पुलिस कुर्क कर चुकी है। पुलिस जल्द ही और बड़ी गिरफ्तारियों का दावा कर रही है। अब तक पुलिस 58 दंगाई सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया, बनभूलपुरा दंगे के मामले में बनभूलपुरा पुलिस, नगर निगम और मुखानी थाने की ओर से तीन मुकदमे दर्ज कराए गए थे। घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी खंगालने और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के घर में दबिश दी गई। बनभूलपुरा थाने की ओर से दर्ज मामले में पुलिस ने शकील अंसारी पुत्र जमील अहमद निवासी इन्द्रानगर बड़ी मस्जिद के पास बनभूलपुरा (नामजद), यूथ कांग्रेस का पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मौकिन सैफी पुत्र नईम सैफी निवासी शाहजी मस्जिद के पास गौजाजाली (नामजद), जियाउल रहमान पुत्र अखलाख हुसैन निवासी सरताज कबाड़ी के पास लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा (नामजद), शारिक सिद्दिकी पुत्र फिदा हुसैन निवासी ताज मस्जिद के पीछे नई बस्ती वार्ड नंबर 25 बनभूलपुरा, मो. दानिश पुत्र मो. नईम निवासी लाइन नंबर 14 वार्ड 23 हैं। इनमें से शारिक और मो. दानिश घटना के दिन पीएसी जवान से उसकी राइफल छीनने की कोशिश की और सरकारी मैगजीन लूट कर फरार हो गए थे। मैगजीन आरोपियों से बरामद कर ली गई है। वहीं मुखानी थानाध्यक्ष के सरकारी वाहन में आग लगाने वाले मो. फैजान पुत्र अनीश अहमद निवासी नई बस्ती वार्ड नंबर 26 मोमबत्ती की फैक्ट्री के सामने बनभूलपुरा और शहजाद उर्फ छोटा पुत्र मो. अशफाक निवासी निकट दुर्गा मन्दिर इन्द्रानगर बनभूलपुरा के साथ सलीम मिकरानी पुत्र मो. आशिफ निवासी वार्ड नंबर 25 लाल स्कूल के पास नई बस्ती बनभूलपुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना के दिन पेट्रोल बम का इस्तेमाल करने वाले फैजान के घर से 4 पेट्रोल बम भी बरामद किए हैं। फैजान और शहजाद ने दंगे के दौरान पेट्रोल डालकर थानाध्यक्ष मुखानी के सरकारी वाहन में आग लगा दी थी।

इनके अलावा पुलिस ने अब्दुल रहमान पुत्र अब्दुल सलाम उर्फ हालिपुरा निवासी नई बस्ती काबी मस्जिद के पास गोपाल मंदिर बनभूलपुरा, मो. इमरान पुत्र अनीश निवासी नई बस्ती वार्ड नंबर 36 बनभूलपुरा, हैदर पुत्र मो. उमर निवासी मलिक का बगीचा वार्ड 31 मुस्तफा सटोरिया के घर के पास बनभूलपुरा, जावेद उर्फ फिसड्डू पुत्र अब्दुल रईम निवासी नई बस्ती बनभूलपुरा, गुड्डू वारसी उर्फ टीन पुत्र नसीम अहमद निवासी बड़ी मस्जिद के पीछे इन्द्रानगर बनभूलपुरा और फहद पुत्र शफीक मियां निवासी लाइन नंबर 10 आजाद नगर बनभूलपुरा हैं।

दंगाइयों के पथराव में घायल राजेश की मौत

हल्द्वानी, अमृत विचार : दंगाइयों का शिकार एक युवक की इलाज के दौरान सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुर्पद कर दिया। युवक के पैर और सिर में गहरे घाव के निशान थे। राजेश (35) पुत्र बाबू लाल निवासी वार्ड चार 16 क्वाटर को पुलिस की 112 ने नौ फरवरी को सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार युवक के सिर और पैर में चोट के निशान है और माना जा रहा है कि वह दंगाइयों के पथराव में घायल हुआ था। हालांकि इसकी जांच होनी अभी बाकी है। मेडिकल चौकी इंचार्ज प्रवीण तेवतिया ने बताया कि घायल युवक का सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। शनिवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी राजेश का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद शव पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

अब बेहद कम समय में की जा सकेगी कोचों की ओवरहालिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- यांत्रिक कारखाना की क्षमता बढ़ाने को 11 करोड़ मंजूर
- समग्र विकास पर खर्च किए जाएंगे 18 करोड़ रुपए

अमृत विचार: इज्जतनगर रेल मंडल यांत्रिक कारखाना में अब कोचों की पीरियाडिकल ओवरहालिंग (पीओएच) अब बेहद कम समय में की जा सकेगी। कारखाना को आधुनिक तकनीक से लैस करने और क्षमता बढ़ाने के लिए रेल मंत्रालय ने 11 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। इसके अलावा कारखाना के समग्र विकास के लिए 18 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इज्जतनगर यांत्रिक कारखाना में कम से कम समय में कोचों के अनुरक्षण पर अधिकारियों का जोर है। जो बजट मिला है उससे यहां आधुनिक मशीनें लगाई जाएंगी। कारखाना की लंबे समय से एक बड़ी समस्या क्षमता बढ़ाने को लेकर ही थी। बजट मिलने के बाद वो भी दूर होती दिखाई दे रही है। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले समय में कारखाना को बड़े प्रोजक्ट्स मिल सकेंगे। आईसीएफ कोच, एलएचबी कोच, मेमू कोचों का मेंटिनेंस और भी बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।

कारखाना में बन रहे एनएमजी कोच

कराखाना में 18 से 20 साल पुराने आईसीएफ कोचों को न्यू मॉडिफाइड गुड्स वैगन में तब्दील किया जा रहा है। यहां बनाए जा रहे एनएमजी कोचों से ऑटोमोबाइल्स उत्पादों की ढुलाई की जा रही है। बीते दिनों 40 कोचों को एनएमजी वैगन में तब्दील किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि यांत्रिक कारखाना की क्षमता बढ़ाने के लिए लिए पर्याप्त धनराशि मिली है।

कल से बदलेगा मौसम का मिजाज, प्रशासन अलर्ट

हल्द्वानी, अमृत विचार : मौसम विभाग देहरादून के पूर्वानुमान के अनुसार जनपद नैनीताल में 19 से 21 फरवरी तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने की भी संभावना है। इसको लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार 19 व 20 फरवरी को पूरे राज्य में बारिश की संभावना है। 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी हो सकती है। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जारी अलर्ट को देखते हुए नैनीताल जिला प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट हो गया है। एडीएम फिंचाराम चौहान ने बताया कि जनपद के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं मध्यम वर्षा, शीत लहर के साथ-साथ पाले की संभावना है। अतिवृष्टि, ओलावृष्टि व हिमपात से संभावित क्षति एवं मार्ग बाधित होने की घटनाओं से निपटने के लिए अधिकारियों को अलर्ट कर दिया है।

पुलिस ने आठ वाहन चोर दबोचे, 16 बाइक बरामद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पलक झपकते ही बाइकों पर करते थे हाथ साफ, पूछताछ जारी

अमृत विचार : पुलिस ने बरातघरों और अन्य स्थानों से बाइक चोरी करने वाले गिरोह के सरगना समेत आठ वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी हुईं 16 बाइक बरामद की गई हैं। वाहन चोरों ने बरेली के अलावा बदायूं और दिल्ली में भी बाइक चोरी की थीं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बदायूं निवासी राकेश, यशपाल, दयाशंकर, अवधेश, मुनीश पाल, जहीर, अजीत और आंवला के प्रदीप के रूप में हुई है।

पुलिस की पूछताछ में गिरोह सरगना राकेश ने बताया कि वह बेरोजगार है। वह बाइक चोरी करता है। वह साल 2020 में वाहन चोरी में जेल गया। जेल से आने के बाद उसने यशपाल, प्रदीप, अजित के साथ मिलकर थाना आंवला के कई बैंक्वेट हाल के बाहर से और थाना मीरगंज, भमोरा, सुभाषनगर क्षेत्र से बाइक चोरी कीं। यशपाल चोरी की बाइक को अपने गांव के मुनीश, जहीर, दयाशंकर अवधेश को 15 से 20 हजार रुपये में बेच देता था। साथ ही आरोपी नंबर प्लेट बदल कर चलते थे, ताकि पुलिस चैकिंग के दौरान न पकड़े जाएं। पुलिस के अनुसार बदायूं रोड स्थित देवी पुल के पास चेकिंग के दौरान चार बाइक पर सवारों को गिरफ्तार किया गया।। ई-चालान एप से पता चला कि नंबर प्लेट फर्जी है। राकेश, यशपाल और प्रदीप के खिलाफ 12, दयाशंकर, अवधेश सिंह और मुनीश पाल के खिलाफ तीन, जहीर के खिलाफ दो और अजीत के खिलाफ 13 मुकदमे बरेली, दिल्ली और बदायूं के थानों में दर्ज हैं।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष समेत 5 के घर की कुर्की

हल्द्वानी, अमृत विचार : पुलिस ने जिन 9 वांटेड के पोस्टर जारी किए थे, उसमें कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मौकिन सैफी का भी नाम है। करीब 18 घंटे चली अब्दुल मलिक के घर कुर्की की कार्रवाई के बाद पुलिस ने अब अन्य फरारों के घर भी कुर्क करने शुरू कर दिए हैं, जिसमें मौकिन सैफी भी शामिल है। कुर्की की इस कार्रवाई में निवर्तमान पार्षद भी हैं। पुलिस ने जिन फरार वांटेड के पोस्टर जारी किए थे, उसमें मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक, उसका बेटा अब्दुल मोईद, निवर्तमान पार्षद शकील अंसारी, यूथ कांग्रेस का पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मौकिन सैफी, वसीम उर्फ हप्पा, एजाज अहमद, तस्लीम, जियाउल रहमान और रईस उर्फ दत्तू हैं। शनिवार को पुलिस ने वांटेड मौकिन सैफी और जियाउल हक को भी गिरफ्तार कर लिया। रविवार को मेडिकल जांच के बाद इन्हें भी जेल भेज दिया जाएगा।

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांगे 50 हजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सुभाषनगर निवासी महिला ने रिश्तेदार पर अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर जेवर और दो लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप है कि अब आरोपी इन्स्टाग्राम पर वीडियो अपलोड कर 50 हजार रुपये की मांग कर रहा है। महिला की शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी और उसकी चाची के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला के मुताबिक उनकी बहन की सुसराल हाथरस के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में है। तीन साल पहले वह बहन के बेटे जन्म पर उनके घर गई थीं। वहीं पर बहन की ननद के बेटे ने उनका नहाते हुए अश्लील वीडियो बना लिया। एक दिन व्हाट्सएप पर आरोपी ने उनकी अश्लील फोटो भेज दी और रुपये की मांग करते हुए मिलने को कहा। नौ जुलाई 2023 को आरोपी के कहने पर वह दोनों बेटियों के साथ अपने जेवर और पति के दो लाख रुपये लेकर अलीगढ़ चली गईं। इस मामले में उनकी मां ने बिसौली थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी के माफी मांगने पर वह पति और बेटियों के साथ रहने लगीं। आरोप है कि 14 फरवरी को आरोपी ने उनके पति के नाम से फर्जी इन्स्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील वीडियो और फोटो रिश्तेदारों को भेज दिए और 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगी। आरोप है कि इसमें आरोपी की चाची भी सहयोग कर रही है। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी और उसकी चाची के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।वहीं आरोपी ने आरोपों को निराधार बताया है।

सार-संक्षेप

शिवरात्रि पर गंगाजल उपलब्ध कराएगा डाक विभाग

बरेली, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर प्रधान डाकघर समेत सभी डाकघरों में गंगाजल की बिक्री की जाएगी। इसके लिए डाक विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है। प्रवर डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया कि शहर के सभी शिव मंदिरों में गंगा जल का स्टॉल लगाएगा। प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि और सावन माह में यह स्टॉल लगाए जाते हैं। प्रधान डाकघर द्वारा महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए एक माह पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। गंगोत्री व ऋषिकेश से गंगाजल का स्टॉक मंगाया जाता है। इस बार तकरीबन 200 लीटर गंगाजल मंगाया गया है। 250 एमएल की बोतल 30 रुपये और 500 एमएल की बोतल 50 रुपये में दी जाती है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार गंगोत्री से लेकर ऋषिकेश तक गंगा जल निर्मल और स्वच्छ है जिसके कारण इसकी मांग अधिक है।

दो महिला अभ्यर्थियों की छूटी परीक्षा

बरेली, अमृत विचार : व्यवस्था के दावों के बीच अव्यवस्थाओं ने परीक्षार्थियों को हलकान कर दिया। दो महिला अभ्यर्थियों को इधर-उधर इतना दौड़ाया कि उनकी परीक्षा छूट गई। दोनों एसएसपी कार्यालय पहुंचीं। परीक्षा केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों की लापरवाही के कारण परीक्षा छूटने का आरोप लगाते हुए दोबारा परीक्षा कराने की मांग की। प्रेमनगर क्षेत्र के अशरफ खां छावनी निवासी पूनम और सुभाष नगर की रहने वाली आरती आर्य ने बताया कि शनिवार की पहली पाली में उनकी परीक्षा थी। व समय से अपने सेंटर इस्लामियां इंटर कॉलेज पहुंच गई थीं। कालेज में तैनात कर्मचारी उन्हें इधर से उधर भगाते रहे। प्रवेश पत्र गलत बताया तो कभी कोई और कमी बताते रहे। इसके बाद बायोमेट्रिक का सर्वर डाऊन होना बता कर प्रवेश नहीं दिया जिसके कारण दोनों की परीक्षा छूट गई। परेशान हाल दोनों अभ्यर्थी दोबारा परीक्षा कराने की मांग का प्रार्थना पत्र लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंची। एसएसपी व अन्य बड़े अधिकारियों के न होने पर पुलिस कर्मियों ने रविवार को आने को कहा। इसके बाद व्यवस्थाओं को कोसते हुए दोनों चली गईं।

चौधरी चरण सिंह की जन्मस्थली पहुंचे जयंत

संवाददाता, हापुड़

पत्रकारों से बात करते हुए जयंत चौधरी। ● अमृत विचार

- सीटों के बंटवारे को लेकर कहा कि समय आने पर फैसला लिया जाएगा

अमृत विचार : पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के ऐलान के बाद शनिवार को राष्ट्रीय लोक दल के प्रमुख जयंत चौधरी, चौधरी चरण सिंह की जन्मस्थली गांव नूरपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा की गई घोषणा पर खुशी जाहिर की। इसी के साथ उन्होंने गढ़ के विधायक हरेंद्र तेवतिया के साथ क्षेत्र के विकास पर चर्चा की। खुशी जाहिर करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को किसानों के मसीहा के रूप में जाना जाता है जिनका जन्म 23 दिसंबर 1902 को गांव नूरपुर में हुआ था। हाल ही में एनडीए में शामिल होने के बाद वह पहली बार नूरपुर पहुंचे। जब उनसे मीडिया ने सीटों के बंटवारे को लेकर सवाल पूछा तो जयंत चौधरी ने कहा अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है। समय आने पर इस पर भी फैसला लिया जाएगा। इसी के साथ जयंत चौधरी ने कहा कि चौधरी साहब को भारत रत्न की घोषणा के बाद से नूरपुर के लोगों में विशेष उत्साह है। ऐसे में वह क्षेत्रवासियों का विचार समझने के लिए यहां आए हैं। उनकी खुशी में शामिल होने आए हैं। किसान के मुद्दे पर जयंत चौधरी ने कहा कि किसानों की सुनवाई होनी चाहिए। राष्ट्रीय लोकदल किसानों के साथ खड़ी है। नूरपुर पहुंचने पर राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी का क्षेत्रवासियों ने जोरदार स्वागत किया।

जेएमएस ग्रुप स्कूल में प्रेस वार्ता के दौरान डॉ0 आयुष सिंघल व अन्य। ● अमृत विचार

यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन

संवाददाता, हापुड़

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में द्वितीय जूनियर और सब जूनियर यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष कवींद्र चौधरी ने बताया कि द्वितीय जूनियर और सब जूनियर यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जायेगा। एसोसिएशन के महासचिव डॉ. विपिन गुप्ता ने बताया कि जूनियर और सब जूनियर दोनों एथलेटिक प्रतियोगिता जेएमएस ग्रुप में आयोजित होगी। जिसमें पैरा स्पोर्ट्स के बॉयज और गर्ल्स प्रतिभाग करेंगे। हापुड पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व् जेएमएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक डॉ० आयुष सिंघल ने बताया कि जो छात्र छात्राएं एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चयनित होंगे, वह राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में 11 मार्च को जायेंगे।

अंटी में रखे तमंचे से चली गोली, किसान की मौत

विजय नगला/बिनावर(बदायूं), अमृत विचार : चार दिन पहले एक किसान की अंटी में लगे तमंचे से गोली चल गई थी। जिससे किसान घायल हो गया। परिजनों ने उन्हें बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव को दफन कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने गांव जाकर जांच की। परिजनों ने कार्रवाई से इंकार कर दिया।घटना बिनावर क्षेत्र के गांव नदौलिया की है। ग्रामीणों के अनुसार नाजिम (19) पुत्र सलामत पांच दिन पहले खेत पर फसल की रखवाली करने गया था। उसकी अंटी में तमंचा लगा हुआ था।

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र का पूर्व में नाम **AAHAN SHAH KHAN** था जिसे मैने बदलकर अब **AHAAN SHAH KHAN** रख लिया है। अफजल शाह खां पुत्र कमर शाह खां नि. छीपीयान मय बढ़ैयान रामपुर।

हत्या के मामले में दो भाई समेत तीन को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 15 जनवरी 2017 को गोली मार कर दी गई थी बेचेलाल की हत्या, 20-20 हजार रुपये लगाया जुर्माना

अमृत विचार : हत्या करने के मामले में दो भाई समेत तीन आरोपियों को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम न्यायाधीश सुनीत चंद्रा ने आजीवन कारावास समेत 20-20 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार मुजरिया क्षेत्र के गांव सबदलपुर निवासी रवेंद्र सिंह ने 16 जनवरी 2017 को मुजरिया थानाध्यक्ष को तहरीर देकर बताया कि 15 जनवरी 2017 को उनके पिता बेचे लाल पशुशाला में सो रहे थे। रात लगभग साढ़े 8 बजे उनकी मां लौंग श्री और बहन नन्हीं देवी दूध देने के लिए उनके पास पहुंची। जहां देखा कि गांव निवासी विशंभर, रामचरन पुत्र सुरेंद्र सिंह, पेशकार सिंह पुत्र मथुरी और एक अन्य व्यक्ति बेचे लाल को खींचकर ले जा रहे थे। मां ने उन्हें छुड़ाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने नहीं छोड़ा। गांव के पास सतीश के खेत पर ले जाकर बेचे लाल की गोली मारकर हत्या कर दी। न्यायालय में पेशकार सिंह पुत्र मथुरी, विशंभर व रामचरन पुत्र सुरेंद्र सिंह के खिलाफ बेचे लाल की हत्या के आरोप में मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। एडीजीसी संजीव कुमार गुप्ता और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद तीनों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

प्रसव के बाद महिला की मौत, लापरवाही का आरोप लगा परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, कादरचौक (बदायूं)

- हालत बिगड़ने पर सीएचसी से जिला अस्पताल किया गया था रेफर, रास्ते में महिला ने तोड़ा दम

अमृत विचार: कादरचौक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव के दौरान नवजात मृत पैदा हुआ था। परिजन बच्चे को दफन करने चले गए। इसी बीच प्रसूता की हालत बिगड़ गई। स्टाफ ने महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर आनन-फानन पहुंचे परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में महिला ने भी दम तोड़ दिया। परिजनों ने सीएचसी के स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। परिजनों को समझाकर शांत कराया। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव मामूरगंज निवासी विमला (25) पत्नी देवेंद्र को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा हुई थी। परिजन उसे लेकर कादरचौक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सक ने इलाज शुरू किया। शनिवार सुबह लगभग सात बजे विमला ने बेटे को जन्म दिया, जो मृत था। परिजन नवजात को दफन करने के लिए गांव चले गए थे। सुबह लगभग पौने दस बजे विमला की हालत खराब होने लगी। चिकित्सक ने इलाज किया लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ ने प्रसूता को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन प्रसूता को जिला अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने मृत होने की पुष्टि कर दी। परिजन प्रसूता का शव लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां के स्टाफ पर इलाज में लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। देवेंद्र ने बताया कि उनकी पत्नी का प्रसव कराने के लिए सीएचसी के स्टाफ ने उनसे 11 सौ रुपये लिए थे। काफी देर तक हंगामा चलता रहा। स्टाफ के सूचना देने पर थाना कादरचौक पुलिस पहुंची। परिजनों को जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

कार की टक्कर से बच्ची की मौत

बदायूं। बरेली के थाना भमौरा क्षेत्र के गांव क्योना गौटिया निवासी अकरम की ससुराल बदायूं के वजीरगंज क्षेत्र के गांव सुरसेना में है। उनकी चार साल की बेटी जोया ननिहाल में रहती थी। शनिवार को वह घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। लोगों ने मौके से भाग रहे कार चालक को पकड़ लिया।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाह के न आने के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने 2 मार्च की तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान बीती पेशी पर दर्ज किया गया था। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में सेवानिवृत आईजी शैलेंद्र प्रताप सिंह का संबोधन

पांचाल से निकाला प्रभा हरण ने ब्रह्म सत्संग का मंत्र

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

▸▸ सभी धर्मों की आस्था के केंद्र फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामह नगर नाम रखने का प्रस्ताव

अमृत विचार : पांचाल प्रभा हरण ने ब्रह्म सत्संग का मंत्र इसी पांचाल से निकाला था। आज इसकी ब्रांडिंग किए जाने की आवश्यकता है। यह बात मेला राम नगरिया में आयोजित पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक इतिहासविद शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कही। पूर्व आईजी ने कहा कि जितना वैभवशाली इतिहास फर्रुखाबाद का है उतना किसी अन्य जनपद का नहीं सुना। इतिहास शोध और सीखने का विषय है। सीखकर आगे बढ़ने का माध्यम है।

कैंची धाम के बाबा नीब करौरी का मुख्य स्थान फर्रुखाबाद है। सबसे मृदु भाषा से बोलना ही पर्यटन का आधार है। उन्होंने मुगल आक्रांताओं का इतिहास भी दोहराया। संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त सचिव भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्राचीन गौरव को स्थापित करने के लिए संस्था निरंतर कार्यरत है। सम्मेलन में संस्था प्रमुख सुरेंद्र सिंह सोमवंशी ने कहा कि फर्रुखाबाद सभी धर्म के अनुयायियों की आस्था का केंद्र हैं।

उन्होंने कपिल मुनि महाभारत और रामायण काल के अनेक स्थानों की विस्तृत जानकारी दी । श्वेता दुबे ने सामाजिक कार्यों में महिलाओं की सहभागिता पर जोर दिया। विशिष्ट

सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य अतिथि पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह।

अतिथि होटल प्रबंधन पर्यटन संस्थान बीआर विश्वविद्यालय, आगरा के निदेशक डॉ. लव कुश मिश्रा ने कहा कि हमें अपने इतिहास पर गर्व करते हुए सरकार के सामने तथ्यपूर्ण ढंग से मांगे रखनी हैं। जनपद का नाम बदलने से हम अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़ सकेंगे। आज हमें कोई भी कार्य अर्थव्यवस्था से जोड़कर करना होगा, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण अयोध्या है। वहां छोटे-छोटे लोग अच्छी कमाई कर रहे हैं। उन्होंने फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामाह नगर करने का प्रस्ताव रखा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू ने कहा कि फर्रुखाबाद अगर आज भी विकास से अछूता है। इसके लिए जनप्रतिनिधि जिम्मेदार हैं। ब्रह्मदत्त द्विवेदी की कमी आज खल रही है। वीरेंद्र सिंह राठौर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिले का नाम बदलवाने के लिए जिला पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव भेजने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कै. डीएस राठौर, प्रो. मुकेश राठौर, प्रो. जीत बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह राजावत, निहारिका पटेल, पंकज वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

अब तक तीन पुस्तकें लिख चुके शैलेन्द्र प्रताप सिंह

पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह अब तक तीन पुस्तकें बैस जाति पर लिख चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनके पूर्वज हर्ष वर्धन कन्नौज के रहने वाले थे। वह देश- विदेश में घूम- घूम कर शोध कर रहे हैं। कम्पिल नगरी का गौरवशाली इतिहास रहा है। द्रोपदी का जन्म कम्पिल नगरी में ही हुआ था। महावीर स्वामी का पहला प्रवचन कम्पिल में हुआ। जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर स्वामी विमल नाथ का जन्म कम्पिल में ही हुआ था।

सार-संक्षेप

अखिलेश ने किया सवाल-लोगों को मुफ्त राशन क्यों

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाया है कि अगर विश्व में भारत पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर है तो फिर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? किसान कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या क्यों कर रहा है? भाजपा सरकार ने किसान की आय दुगनी करने का वादा किया था। आज तक उसने अपना संकल्प क्यों पूरा नहीं किया? अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि, महंगाई और बेरोजगारी भाजपा सरकार की कुनीतियों का फल है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सिर्फ झूठे दावों और झूठे आंकड़ों के सहारे विकसित भारत का सपना दिखा रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा को सन् 2024 में केन्द्र से बेदखल करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पीडीए को जिताना जरूरी है। इसमें कोई कोरकसर नहीं रहनी चाहिए क्योंकि यह लोकतंत्र और संविधान बचाने की अंतिम लड़ाई है।

पहली बार रामलला ने 50 मिनट तक किया विश्राम

अयोध्या, अमृत विचार : भव्य मंदिर में अपने आराध्य को निहारने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु का हुजूम उमड़ रहा है। प्रतिदिन करीब दो लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। रामलला को विश्राम देने के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने दर्शन अवधि अब बदलाव किया है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद शनिवार को पहली बार रामलला ने 50 मिनट विश्राम किया है। शनिवार को दोपहर 12 बजे से एक बजे के बीच आरती भोग लगने के बाद मंदिर के गर्भगृह का कपाट बंद कर दिया गया। इस दौरान रामलला ने विश्राम किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि शनिवार का दोपहर 12 बजे की आरती के बाद मंदिर का पट बंद कर दिया गया जाएगा। इस दौरान करीब 50 मिनट तक रामलला को विश्राम कराया गया। मंदिर का कपाट एक बजे के करीब फिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 25 दिनों में एक करोड़ का कारोबार

अयोध्या, अमृत विचार : भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होते ही रामनगरी के सैकड़ों परिवारों को रोजगार से नए अवसर मिले हैं। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से अब तक महज 25 दिनों में यहां के व्यापारी एक करोड़ से अधिक का कारोबार कर चुके हैं। थोक कारोबारी अश्वनी गुप्ता ने का कहना है कि सबसे अधिक खरीदारी रामलला की तस्वीर की हो रही है। उनका कहना है कि रामलला की तस्वीर को लेकर हर दिन लगभग 1000 रुपये की तस्वीर की बिक्री हो रही है। इसके अलावा चाभी का छल्ला, स्टैन्डी, स्टिकर, बिल्ले, झंडा, टी-शर्ट, मूर्ति छपी हुई फाइबर प्लेट और अन्य सामान भी शामिल हैं।

अभिनेता पंकज धीर ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : धारावाहिक महाभारत में कर्ण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता पंकज धीर शनिवार यहां रामलला का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने हनुमानगढ़ी पहुंचे हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाई और आशीर्वाद लिया। अभिनेता पंकज धीर ने कहा कि अयोध्या आकर अभिभूत हूं। पहली बार यहां आया हूं। जितना सोचा था, अयोध्या का वैभव उससे अधिक दिख रहा है। रामलला का आशीर्वाद लेकर मुंबई जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि किसी फिल्म की शूटिंग करने का मौका अयोध्या में मिला तो जरूर आऊंगा।

जीबीसी-4 के लिए 37 विभागों में से 16 ने साधा शत प्रतिशत लक्ष्य

बेसिक शिक्षा विभाग ने सर्वाधिक लक्ष्य किया हासिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-04) में राज्य सरकार जो 10 लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं को शुरु करने जा रही है, उसमें सरकार के 37 विभागों का योगदान है। इन 37 में 16 विभाग ऐसे हैं जिन्होंने निर्धारित लक्ष्य का शत प्रतिशत या उससे अधिक हासिल किया है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग निर्धारित लक्ष्य का 88 प्रतिशत निवेश जमीन पर उतरेगा तो वहीं राशि के मामले में यूपीसीडा के अंतर्गत सर्वाधिक 1.5 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाएं अमली जामा पहनेंगी।

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग की करीब 1.42 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं की भी शुरुआत होगी। इस तरह कुल 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का आगाज 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा।

जीबीसी में बुंदेलखंड क्षेत्र में भी करीब 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं शुरू होंगी। बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में 59,288 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है। इसमें सर्वाधिक निवेश परियोजनाएं झांसी में हैं, जहां से 23,739 करोड़ से ज्यादा के उद्यमों की शुरुआत होगी। इसके अलावा ललितपुर में भी 15,707 करोड़ से ज्यादा और हमीरपुर में 1243 करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी।

16 विभागों से 4.5 लाख करोड़ का निवेश



जिन 16 विभागों ने शत प्रतिशत या इससे अधिक लक्ष्य हासिल किया है उनमें बेसिक शिक्षा के अलावा फूड एंड सिविल सप्लाई (226प्रतिशत), वन विभाग (182 प्रति.), आयुष (173 प्रति.), पशुपालन (167 प्रति.), ऊर्जा (165 प्रति.), माध्यमिक शिक्षा (139 प्रति.), तकनीकी शिक्षा (133 प्रति.), उद्यान (120 प्रति.), अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत (114 प्रति.), केन डेवलपमेंट एंड शुगर इंडस्ट्री (112 प्रति.), चिकित्सा शिक्षा (110 प्रति.), स्वास्थ्य (105 प्रति.), यीडा (103 प्रति.), नागरिक उड्डयन (100 प्रति.), और जीनीडा (100 प्रति.) शामिल हैं। इन 16 विभागों के माध्यम से प्रदेश में करीब 4 .5 लाख करोड़ की लागत वाले कुल 4381 परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है।

मोहनलालगंज लोस सीट से आरके चौधरी होंगे सपा प्रत्याशी

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मोहनलालगंज सीट (लखनऊ) से पूर्व कैबिनेट मंत्री आरके चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शनिवार को आरके चौधरी के नाम सार्वजनिक किया है। सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा परिवारिक हवाला देते हुए चुनाव लड़ने से मना कर देने के बाद आरके चौधरी को पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है। दरअसल, राजधानी लखनऊ से सटी हुई मोहनलालगंज सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। वर्तमान इस सीट पर भाजपा के कौशल किशोर पिछले दो चुनावों से जीत दर्ज कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद में जन्मे आरके चौधरी ने अपना राजनीतिक करियर बहुजन समाज पार्टी से शुरू किया था और वह बसपा के संस्थापक सदस्य भी थे।

पतियों के खिलाफ रिपोर्ट वैवाहिक संबंध में जहर घोलने के समान

विधि संवाददाता,प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के अपराध हेतु दर्ज अलग-अलग रिपोर्ट का सामना कर रहे तीन लड़कों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करते हुए कहा कि दो व्यक्तियों के बीच के सच्चे प्रेम को कानून की कठोरता या राज्य की कार्यवाही के माध्यम से नियंत्रित नहीं किया जा सकता है, भले ही वे नाबालिग हों।

कई परिस्थितियों में न्याय के तराजू पर ऐसे मामलों को तौलना कठिन हो जाता है, क्योंकि यह गणितीय परिशुद्धता या सूत्रों या प्रमेयों के आधार पर कार्य नहीं करते हैं बल्कि तराजू के एक पलड़े में कानून होता है और दूसरी तरफ बच्चों, उनके माता-पिता और परिवारीजनों का संपूर्ण जीवन, खुशी, भविष्य होता है, लेकिन कई बार किशोर जोड़ों के खिलाफ राज्य/पुलिस की कार्यवाही को उचित ठहराने में कानून को रूढ़ियों से जूझना पड़ता है। ऐसे मामलों में जहां जोड़े विवाह में प्रवेश करते हैं, वहां उनके माता-पिता द्वारा पति/लड़के के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की कार्यवाही उनके वैवाहिक रिश्ते में जहर घोलने जैसी है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने अपहरण के आरोपियों की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए की। दरअसल कोर्ट के समक्ष तीन ऐसे याची थे, जिन पर शिकायतकर्ताओं की बेटियों को बहला-फुसलाकर शादी करने का आरोप है जबकि सभी मामलों में लड़के और लड़कियां पहले से सहमत थे और उनके बीच प्रेम संबंध था। इसके साथ लड़कियों ने भी अपने बयानों में यह स्वीकार किया है कि उन्होंने खुद ही अपना घर छोड़कर अपना जीवनसाथी चुना था।

रामलला के समक्ष हेमा मालिनी ने दी भरत नाट्यम की प्रस्तुति

अयोध्या कार्यालय

भरतनाट्यम प्रस्तुत करतीं हेमा मालिनी।

अमृत विचार : प्रख्यात अभिनेत्री और मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने शनिवार को रामलला के समक्ष भरतनाट्यम की विभिन्न प्रस्तुतियों से अपनी श्रद्धा निवेदित की। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चल रहे रागोत्सव में पहुंची हेमा मालिनी ने अपनी प्रस्तुतियों का शुभारंभ श्रीराम की स्तुति से किया।

करीब 40 मिनट की प्रस्तुति में भाव भंगिमाओं से उन्होंने भरतनाट्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने प्रस्तुति की शुरूआत श्रीराम की स्तुति श्री रामचंद्र कृपालु भज मन हरण भव भय दारूणम्...से की। वहीं इसके बाद रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम... की प्रस्तुति दी। अंतिम में उन्होंने भरत नाट्यम की विधा तिल्लाना की प्रस्तुति दी जो आकर्षण का केंद्र रही। रामलला के दरबार में प्रस्तुति देकर हेमामालिनी अभिभूत नजर आईं। उन्होंने कहा कि रामलला के दरबार में उनके सम्मुख नृत्य सेवा करने का अवसर मिला है। यह जीवन का परम सौभाग्य है। मैं राममंदिर के हर एक सेवक का धन्यवाद करती हूं। संयोजक यतींद्र मिश्र को रागोत्सव की परिकल्पना के लिए बधाई भी दी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र की ओर से अभिनंदन किया गया।

देश को जोड़ना ही सच्ची देशभक्ति : राहुल

एजेंसी

वाराणसी : भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे पड़ाव में शनिवार को यहां गोदौलिया चौराहे पर लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह देश मोहब्बत का देश है, नफरत का नहीं। उन्होंने कहा कि भाई-भाई में टकराव से देश कमजोर होगा और देश को जोड़ना ही सच्ची देश भक्ति है।

राहुल गांधी ने कहा कि मैं गंगा जी के सामने अहंकार से नहीं आया हूं, सिर झुकाकर आया हूं। उन्होंने कहा कि देश में दो भारत हैं, एक अमीरों का और एक गरीबों का। मीडिया को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि ये सारे चैनल उद्योगपतियों के हैं। ये देश के किसानों, मजदूरों के मुद्दे को नहीं दिखाएंगे। ये मीडिया मोदी जी को 24 घंटे दिखाएगा, ऐश्वर्या राय को दिखाएगा, लेकिन असल मुद्दे को नहीं दिखाएगा। इस दौरान राहुल गांधी ने भीड़ से राहुल नाम के लड़के को अपने पास बुलाकर पढ़ाई में खर्च रुपयों और बेरोजगारी के बारे में बात की। राहुल गांधी ने पूछा कि नोटबन्दी से किसी को फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि देश में दो ही मुद्दे हैं बेरोजगारी और महंगाई। प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन गोलेगड्डा क्षेत्र से प्रारंभ इस यात्रा में राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ खुली जीप में खड़े होकर काशी विश्वनाथ मंदिर गए और मंदिर के गोदौलिया क्षेत्र में भ्रमण किया। प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार को चंदौली जिले से शुरू हुई। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि वह रायबरेली में इस यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा उत्तर प्रदेश से राजस्थान की ओर रुख करेगी। यह यात्रा पूर्व में मणिपुर से शुरू हुई है और मुंबई में समाप्त होगी। 6,700 किमी लंबी यात्रा 15 राज्यों से गुजरेगी।

राहुल के फोटाग्राफर को मिली अनुमति अंतिम क्षण में रद की

लखनऊ, अमृत विचार : कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के दौरान पार्टी के फोटोग्राफर को पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ जाने की अनुमति अंतिम क्षण में रद कर दी गई। कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज सवेरे करीब 10 .30 बजे राहुल गांधी ने काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और अभिषेक किया। पार्टी ने दावा किया कि अंतिम क्षण में मंदिर में जाने के लिए हमारे फोटोग्राफर को मिली अनुमति निरस्त कर दी गई। पार्टी ने कहा कि साढ़े तीन घंटे तक लगातार प्रयास करने पर भी फोटो उपलब्ध नहीं कराई गई। कांग्रेस ने कहा कि फिर कुछ 7 तस्वीरें भेजी गईं, जिनमें से एक भी दर्शन करने की नहीं हैं - जबकि मंदिर के फोटोग्राफर ने फोटो खींची थीं। पार्टी ने दावा किया कि यह राजनीति और चाटुकारिता नहीं ओछापन है।

वर्ग पहेली-346

बाएं से दाएं

3. अलग-अलग करने की अवस्था या भाव।
4. 1. अतिसार रोग 2. जलोदर।
5. हंस या बत्तख की जाति का एक पक्षी।
6. दादा या बाबा के पिता, परदादा।

ऊपर से नीचे

1. हिमालय, पर्वतराज, नगाधिपति।
2. एक प्रकार की कांटेदार झाड़ी।
4. 1. एक प्राचीन बाजा 2. युद्ध क्षेत्र में बजाया जाने वाला एक प्रकार का ढोल।
5. 1. अरब के मक्का शहर की वह चौकोर इमारत जिसकी नींव इब्राहीम के द्वारा रखी हुई मानी जाती है और उक्त इमारत को मुसलमान ईश्वर का घर मानते हैं; पवित्र तीर्थस्थल 2. उक्त जगह जहाँ मुसलमान लोग हज करने जाते हैं 3. चौकोर चीज़ 4. पासा।



वर्ग पहेली - 345 का हल

1 रू	म	■	2 गे	■	3 लो
■	■	■	र	■	न
4 अ	ति	दु	स	ह	■
■	■	■	र	■	■
5 प	रो	प	का	र	■
प्	■	■	री	■	6 चा
7 पी	ना	■	■	■	रा

सुडोकू -63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

4		3			8		5	
		2						6
					1		4	
	2	6			4		9	
7								8
	3		2			7	1	
6			1			8		
2						4		
	5		6					1

सुडोकू - 62 का हल

9	1	2	4	7	6	3	8	5
7	6	5	9	8	3	4	1	2
3	8	4	2	5	1	6	7	9
2	9	6	8	3	7	5	4	1
1	4	3	5	6	2	7	9	8
5	7	8	1	9	4	2	6	3
6	5	1	7	2	8	9	3	4
8	2	7	3	4	9	1	5	6
4	3	9	6	1	5	8	2	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08 .15 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 09 .23 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

मेष — आज आपको विपरीत लिंगी जातकों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें। आपको अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए।

वृष — आज नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। समाज में आपकी छवि निखरेगी।

मिथुन — आज आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। अपना चरित्र अच्छा रखें।

कर्क — आज नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में आपकी आय में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के लिए परिवार की सहमति मिल सकती है। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं।

सिंह — आज रोग से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। विरोधी आपसे क्षमा मांग सकते हैं। परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा। आप दूसरों की सहायता करने का काफी प्रयास करेंगे। सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे।

कन्या — आज चंचलता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। यदि आप झूठ बोलते हैं तो आपको समस्या होगी।

तुला — आज मुख में छाले आपको परेशान कर सकते हैं। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक बातों में समय बर्बाद न करें। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

वृश्चिक — आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव घटने से आप प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी को आज आप कहीं घुमाने ले जा सकते हैं। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बड़ा व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। पिता का आशीर्वाद और मार्गदर्शन आपको प्राप्त होगा।

धनु — आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। उधार देने से आपको बचना चाहिए। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिये प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

मकर — आज व्यापार में आपको नया प्रयोग करने से पहले ठीक तरह से जांच-पड़ताल कर लेना चाहिए। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है।

कुंभ — आज पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे। महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है।

मीन — आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- दरार — सुबह : 10 .00
- अनाड़ी — रात : 07 .00

SONY MAX
- चक दे इंडिया — सुबह : 08 .37
- तारा वर्सेज बिलाल — रात : 09 .40

SONY PIX
- ए मैन कॉल्ड ओटो — सुबह : 10 .10
- 2012 — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- क्यों! हो गया न — सुबह : 10 .30
- फ्लाइट — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- हम तुम्हारे हैं सनम — सुबह : 11 .36
- यह जवानी है दीवानी — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..!!
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं...
पति- (कमेंटरी के अंदाज में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

सीधे ज्ञापन भेजने पर कर्मचारी को नहीं किया जा सकता बर्खास्त

उच्चतम न्यायालय ने बर्खास्तगी को रद करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी को केवल इसलिए बर्खास्त नहीं किया जा सकता क्योंकि उसने उचित माध्यम को दरकिनार कर सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी थी।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की पीठ ने जिला न्यायपालिका के एक कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। छत्रपाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और मुख्यमंत्री सहित उत्तर प्रदेश सरकार के अन्य अधिकारियों को

सीधे अभ्यावेदन भेजने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। पीठ ने कहा-एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जब आर्थिक तंगी में होता है तो वह सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रख सकता है, लेकिन यह अपने आप में बड़े कदाचार की श्रेणी में नहीं आता है जिसके लिए उसे सेवा से बर्खास्त किए जाने की सजा दी जाए। अपीलकर्ता ने बरेली जिला अदालत के अन्य कर्मचारियों के उदाहरणों का हवाला दिया है जिन्होंने सीधे वरिष्ठ अधिकारियों को अभ्यावेदन भेजा था लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए छत्रपाल को बहाल करने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने 2019 में बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली उनकी रिट याचिका को खारिज कर दिया था। छत्रपाल को बरेली जिला न्यायालय में अर्दली, चतुर्थ श्रेणी के पद पर स्थायी तौर पर नियुक्त किया गया था। बाद में उनका तबादला कर दिया गया और उन्हें बरेली की एक बाहरी अदालत नजारत शाखा में 'प्रोसेस सर्वर' के रूप में तैनात कर दिया गया था।

मोदी की यात्रा से पहले जम्मू में ड्रोन, उपकरणों के परिचालन पर पाबंदी

जम्मू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 20 फरवरी को जम्मू यात्रा से पहले शनिवार को यहां ड्रोन और अन्य हवाई उपकरणों के परिचालन पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के मद्देनजर ड्रोन, पैराग्लाइडर और रिमोट-नियंत्रित अति छोटे विमानों के परिचालन पर अस्थायी रूप से रोक लगाई गई है। अधिकारी ने बताया कि जम्मू के जिलाधिकारी सचिन कुमार वैश्य ने संभावित सुरक्षा खतरों से संबंधित खुफिया रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत यह आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि यह आदेश 20 फरवरी तक प्रभावी रहेगा। इसके तहत जिले के भीतर ड्रोन, रिमोट-नियंत्रित अति छोटे विमान के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा।

जैसलमेर में वायुसेना ने अभ्यास में किया क्षमताओं का प्रदर्शन

जोधपुर/नई दिल्ली। राजस्थान के जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा के करीब पोखरण रेंज में शनिवार को भारतीय वायुसेना ने अभ्यास 'वायु शक्ति-2024' के तहत युद्ध और हमला करने की क्षमताओं का प्रदर्शन किया। राफेल, एसयू-30 एमकेआई, मिग-29, मिराज-2000, तेजस, सी-17 और सी-130जे सहित भारतीय वायुसेना के 120 से अधिक विमानों ने ''आकाश से वज्रपात'' की टैगलाइन को ध्यान में रखते हुए अभ्यास में भाग लिया। लड़ाकू विमानों ने जमीन और हवा में दुश्मन के ठिकानों को निशाना बना नष्ट किया। एक राफेल विमान ने हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल से भी सफलतापूर्वक निशाना साधा।

बिलकीस बानो मामला: दोषी ने पैरोल के लिए न्यायालय का किया रुख

अहमदाबाद। वर्ष 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या से संबंधित मामले के एक दोषी ने अपने परिवार में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने का अनुरोध करते हुए गुजरात उच्च न्यायालय का रुख किया है। रमेशभाई चंदना ने अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने के अनुरोध को लेकर शुक्रवार को उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। चंदना और 10 अन्य को पिछले महीने तब वापस जेल भेज दिया गया था जब उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार द्वारा उन्हें दी गई छूट को रद कर दिया था। इससे पहले, मामले के एक अन्य दोषी प्रदीप मोधिया को उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका सात से 11 फरवरी तक पैरोल पर रिहा किया गया था।

एक नजर

दिल्ली के पास मालगाड़ी पटरी से उतरी

नई दिल्ली। दिल्ली में सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के दस डिब्बे पटरी से उतर गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पटरी पर किसी व्यक्ति के हताहत होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। यह घटना शनिवार को सुबह उस समय हुई जब ट्रेन जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में 10 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं और बचाव अभियान जारी है।

गुरुग्राम में 1.28 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

गुरुग्राम(हरियाणा)। गुरुग्राम में साइबर अपराधियों ने पहले एक व्यक्ति को यह बताया कि उसके द्वारा भेजे गए पार्सल में मादक पदार्थ है और फिर उसे गिरफ्तारी की धमकी देकर उससे एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर 83 निवासी आशीष सरीन ने साइबर अपराध दक्षिण पुलिस थान में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें एक व्यक्ति ने कूरियर कंपनी का कार्यकारी बताकर फोन किया और बताया कि उनके द्वारा भेजे गए पैकेट में मादक पदार्थ मिला है जिससे उसे जमानत करानी पड़ेगी। इसके बाद उसने जमानत के नाम पर उससे 1.28 करोड़ रुपये ऑनलाइन ठगी कर ली।

तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से 10 लोगों की मौत

विरुधुनगर (तमिलनाडु), एजेंसी

- मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया

तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को विस्फोट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने प्रदेश के दो मंत्रियों को बचाव और राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेम्बकोट्टई के कुंडयिरुप्पु गांव में एक पटाखा निर्माण इकाई में अचानक विस्फोट से दस लोगों की मौत हो गई जिनमें छह पुरुष और चार महिलाएं हैं। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक स्टालिन ने राज्य के राजस्व मंत्री केकेएसआर रामचंद्रन और श्रममंत्री सीवी गणेशन को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और बचाव और राहत गतिविधियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना शनिवार अपराह्न 12

बजकर करीब 30 मिनट पर गांव में स्थित पटाखा निर्माण फैक्टरी के रसायनों को मिलाने वाले कमरे में हुई। विरुधुनगर के जिलाधिकारी वी.पी.जयासीलन ने कहा-शुरुआत में धमाके से नौ लोगों की मौत हुई थी और गंभीर रूप से तीन लोगों को इलाज के लिए शिवकाशी के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि रसायन मिश्रण कक्ष में भीड़भाड़ थी और आशंका है कि इसकी वजह से रसायनों को मिलाने के दौरान धमाका हुआ होगा। जिलाधिकारी के मुताबिक फैक्टरी मालिक के पास लाइसेंस था। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट कैसे हुआ जिलाधिकारी ने जवाब दिया कि यह मानवीय गलती से से हो सकता है। हमने एक अंतर-विभागीय टीम को जांच करने का आदेश दिया है।

गुजरात में 5 पुलिसकर्मियों समेत 19 लोगों पर मामला दर्ज

भुज, एजेंसी

गुजरात के कच्छ जिले में एक कंपनी के एक कर्मचारी के अपहरण और जबरन वसूली के संबंध में दो पुलिस अधीक्षक (एसपी) और तीन अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने

अपहरण, जबरन वसूली का मामला

इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा रखी थी। रोक हटने के लगभग एक महीने बाद अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बृहस्पतिवार को दो पुलिस अधीक्षकों, तीन उपाधीक्षकों, एक उप-निरीक्षक और इलेक्ट्रोथर्म लिमिटेड के मालिकों समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। सीआईडी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कच्छ जिले के गांधीधाम के निवासी परमानद सीरवानी ने दिसंबर 2015 में अपहरण और जबरन वसूली के लिए कंपनी के दो मालिकों और 11 अन्य के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

राजद के साथ सत्ता साझा करने के दौरान गड़बड़ियां हुईं, की जा रही जांच : नीतीश

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि जब राज्य में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) सत्ता में थे उस वक्त कई गड़बड़ियां हुईं और अब उनकी जांच की जा रही है। दरअसल बिहार सरकार ने उन विभागों द्वारा लिये गये सभी फैसलों की समीक्षा का आदेश दिया है जिनका प्रभार राज्य की पूर्व 'महागठबंधन' सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव और राजद के दो मंत्रियों ललित यादव व रामानंद यादव पास था। कुमार ने इसी संबंध में मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर यह बात कही।

दिल्ली विस में आप सरकार का विश्वास प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा लाया गया विश्वास प्रस्ताव शनिवार को ध्वनिमत से पारित हो गया। विश्वास प्रस्ताव के दौरान सदन में आम आदमी पार्टी (आप) के 62 में से 54 विधायक मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सदन में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी चुनौती है और यही वजह है कि उस पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। उन्होंने पूर्व में आरोप लगाया था कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के लिए आप विधायकों को तोड़ने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भले ही भाजपा इस साल का लोकसभा चुनाव जीत जाए लेकिन आप 2029 के चुनावों में देश को उससे मुक्त कराएगी।

दरभंगा में मूर्ति विसर्जन के दौरान झड़प, 10 से अधिक घायल

दरभंगा (बिहार), एजेंसी

बिहार में दरभंगा जिले के कुछ हिस्सों में देवी सरस्वती की मूर्ति के विसर्जन के दौरान हुई झड़पों में 10 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिले में दो समुदाय के बीच हुई झड़प और पथराव के चलते लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। वहीं गृह विभाग ने शनिवार को एक परिपत्र जारी कर, दरभंगा जिले में विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइट के जरिए संदेश भेजने और त्वरित संदेश भेजने संबंधी सेवाओं को 19 फरवरी को दोपहर दो बजे तक निलंबित करने का निर्देश दिया।

परिपत्र में कहा गया है, ''कुछ असामाजिक तत्व लोगों के बीच वैमनस्य पैदा करने एवं अफवाहें फैलाने के मकसद से

लोगों में दहशत

- त्वरित संदेश भेजने संबंधी सेवाओं को निलंबित करने का आदेश जारी
- पुलिस का कहना-मामले में 40 लोग गिरफ्तार, दर्ज की गई है प्राथमिकी

आपत्तिजनक सामग्री साझा करने के लिए इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं।

जिला पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि दरभंगा के बहेड़ा इलाके में शुक्रवार को देवी सरस्वती की मूर्ति के विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच झड़प हो गई। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव किया... इस घटना में दोनों पक्षों के लोगों को मामूली चोटें आई हैं। स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया गया।'' बयान में बताया गया है कि पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की है और अब तक 40 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें कहा गया है कि 150 से अधिक नामजद और अज्ञात संदिग्धों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, दरभंगा के बिशनपुर और हायाघाट थाना क्षेत्रों में भी दो समुदायों के बीच शुक्रवार को मामूली झड़प हुई। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को भागलपुर जिले के लोदीपुर इलाके में भी इसी तरह की घटना हुई थी और वहां की स्थिति को तुरंत काबू में कर लिया गया।

सड़क दुर्घटना में आप विधायक समेत पांच घायल

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर जिले के घोगरा गांव में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक करमबीर सिंह घुमन और चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। करमबीर सिंह घुमन होशियारपुर जिले के दसुया से विधायक हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब घुमन कुछ कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कार में तलवाड़ा शहर की ओर जा रहे थे। उनकी कार रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। कार में उनके साथ चार अन्य लोग भी सवार थे। दुर्घटना में घुमन के अलावा, उनके निजी सहायक शुभम, सुरक्षाकर्मी अमृतदीप सिंह, कार चालक जस्सा सिंह और दलजीत सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 रुपये राजमा लाल: 155 रुपये राजमा चित्ता: 145 रुपये लोबिया लाल: 94 रुपये लोबिया सफेद: 98 रुपये।

एक नजर

किसानों को दिया उपज बढ़ाने का प्रशिक्षण

बेंगलुरु/रांची। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर आईसीएआर-भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईआईएचआर) बेंगलुरु में झारखंड के किसानों के लिए एवोकैडो, शरीफा, कटहल, कमलम फल और इमली में बेहतर उत्पादन प्रौद्योगिकियों, कटाई के बाद प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें उपज बढ़ाने की जानकारी दी गई।

वसूली प्रक्रिया के बारे में की गई विस्तृत चर्चा

नई दिल्ली। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव डॉ. विवेक जोशी ने आज यहां वित्तीय सेवा विभाग द्वारा आयोजित ऋण वसूली अपीलीय न्यायाधिकरण (डीआरएटी) के अध्यक्षों और ऋण वसूली के पीठासीन अधिकारियों के एक सम्मेलन की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी कर्मियों को वसूली प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने के बारे में विस्तृत चर्चा की।

सरकार ने एफसीआई की अधिकृत पूंजी बढ़ाई

21,000 करोड़ रुपये की वृद्धि से ब्याज का बोझ होगा कम, सब्सिडी पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की अधिकृत पूंजी 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपये कर दी है। खाद्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एफसीआई केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी है जो किसानों के हितों की रक्षा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्न की खरीद करता है। यह रणनीतिक भंडारण भी बनाए रखता है और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत अनाज वितरित करता है। मंत्रालय ने बयान में कहा-अधिकृत पूंजी में वृद्धि अपने अधिदेश को प्रभावी ढंग से पूरा

करने में एफसीआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें कहा गया कि एफसीआई कोष की जरूरत को पूरा करने के लिए नकद ऋण, अल्पकालिक ऋण, अर्थोपाय आदि का सहारा लेता है। अधिकृत पूंजी में वृद्धि से ब्याज का बोझ कम होगा, आर्थिक लागत कम होगी और अंततः सरकारी सब्सिडी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पूंजी के इस प्रवाह के साथ एफसीआई अपनी भंडारण इकाइयों के आधुनिकीकरण, परिवहन नेटवर्क में सुधार और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर भी काम करेगा। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि ये उपाय फसल के बाद के नुकसान को कम करने और उपभोक्ताओं को खाद्यान्न के कुशल वितरण के लिए जरूरी हैं।

कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ा

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की देख-रेख में भारत से कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात साल दर साल 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह जानकारी एपीडा के 38वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शनिवार को बयान जारी करके की गई है। जानकारी के अनुसार एपीडा की स्थापना 13 फरवरी 1986 को प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी। वर्ष 1987-88 में इन उत्पादों का निर्यात मात्र 60 करोड़ डॉलर के बराबर था, जो 2022-23 में कृषि निर्यात 26.7 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। यह इस क्षेत्र के निर्यात में 12 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से विस्तार दर्शाता है। विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2022-23 में भारत का कुल कृषि निर्यात 53.1 अरब डॉलर रहा जिसमें एपीडा के अंतर्गत आने वाले उत्पादों का योगदान 51 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में एपीडा वर्ग में 23 प्रमुख वस्तुओं में से 18 समूहों की वस्तुओं निर्यात सालाना आधार पर बढ़ा था। इस अवधि में ताजे फलों के निर्यात में 29 प्रतिशत तथा प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बासमती चावल और ताजी सब्जियों के निर्यात का निर्यात भी अच्छा खासा बढ़ा है।

एरिच ग्रुप ने पुणे में नए संयंत्र का किया उद्घाटन

पुणे। एरिच ग्रुप ने शनिवार को पुणे के चाकन औद्योगिक क्षेत्र में नए उत्कृष्ट विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया, यह संयंत्र कंपनी की वैश्विक विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इस संयंत्र में कंपनी देश और विश्वभर के लिये गहन मिश्रक, संबंधित संयंत्र उपकरण और नियंत्रण प्रणालियों का उत्पादन करेगी। पुणे का संयंत्र तीन एकड़ ज़मीन पर फैला हुआ है और यह एरिच इंडिया के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एरिच समूह को धातुकर्म, रेफ्रेक्ट्रीज, सिरेमिक, एग्रोकेमिकल्स, फाउंड्री, बैटरी, कार्बन उत्पाद और कई अन्य उद्योग क्षेत्रों में अपनी अनूठी मिश्रण और प्रसंस्करण तकनीक के लिये दुनिया भर में एक मजबूत बाजार स्थिति प्राप्त की है। चाकन संयंत्र के उत्पादन के साथ, एरिच इंडिया अपनी क्षमता बढ़ाने और इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिये तैयार है।

हिमाचल बजट: सुक्खू ने दूध के लिए एमएसपी बढ़ाने की घोषणा की

शिमला, एजेंसी

- मुख्यमंत्री ने 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार का 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में कृषि क्षेत्र पर खासतौर से जोर देते हुए गाय और भैंस के दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने का ऐलान किया गया।

सुक्खू ने अपना दूसरा बजट पेश करते हुए कहा कि एमएसपी गाय के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। राज्य में वित्त विभाग मुख्यमंत्री के पास है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध के लिए एमएसपी घोषित करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि सभी दुग्ध सहकारी



समितियों की देनदारियों को माफ कर दिया जाएगा और दूध खरीद तथा प्रसंस्करण अवसंरचना को मजबूत करने के लिए 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए कोई नया कर प्रस्तावित नहीं किया है। राजस्व प्राप्तियां और राजस्व व्यय क्रमशः 42,153 करोड़ रुपये और 46,667 करोड़ अनुमानित हैं। इसका अर्थ है कि अनुमानित राजस्व घाटा 4,514 करोड़ है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,550
गिन्नी (प्रति नग)	47,350-47,550
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,950
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,800
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,700
चांदी तैयार	73,800
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,700
सोना जेवरात गिन्नी	62,700
चांदी पक्की	727 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,900
चांदी आभूषण	73,500।

बंधन बैंक पश्चिम बंगाल सरकार के राजस्व संग्रह के लिए अधिकृत

कोलकाता, एजेंसी

- बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक

बंधन बैंक को पश्चिम बंगाल की कर और गैर-कर प्राप्तियों के संग्रह के लिए अधिकृत किया गया है। निजी ऋणदाता ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह अधिदेश बैंक को सरकारी रसीद पोर्टल तंत्र (ग्रिप्स) के माध्यम से राजस्व इकट्ठा करने में सक्षम बनाएगा।

बैंक ने कहा कि इस अधिदेश के आधार पर लोग इस पोर्टल का उपयोग करके संपत्ति कर, मोटर वाहन कर और व्यावसायिक कर जैसे विभिन्न करों का भुगतान कर सकेंगे। भुगतान संग्रह प्रक्रिया को संचालित करने के लिए बैंक जल्द ही पश्चिम बंगाल सरकार के साथ खुद को एकीकृत करेगा। बंधन बैंक के सरकारी मामलों के प्रमुख देबराज साहा ने कहा कि बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक है। राज्य में बैंक की 1,700 से अधिक लेनदेन शाखा हैं। 'ग्रिप्स' पश्चिम बंगाल सरकार को विभिन्न कर और गैर-कर भुगतान करने के लिए एक ऑनलाइन इंटरनेट-आधारित मंच है।

पेरनोड रिकार्ड की भारत में बिक्री 4 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। स्पिरिट बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी पेरनोड रिकार्ड की भारतीय बाजार में बिक्री चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में चार प्रतिशत बढ़ गई है। कंपनी जुलाई से जून के वित्त वर्ष का अनुपालन करती है। पेरनोड रिकार्ड ने घोषणा करते हुए कहा कि भारतीय बाजार में उसकी मांग मजबूत रही है। इसके अलावा, भारत में दूसरी छमाही (जनवरी से 24 जून) में 'मजबूत वृद्धि' की उम्मीद है। भारत पेरनोड रिकार्ड के लिए वैश्विक स्तर पर अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। कहा कि उसके अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड जेम्सन, एब्सोल्यूट और द ग्लेनलिवेट ने मजबूत वृद्धि की।

ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को दी क्लीन चिट

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ट्रांजैक्शंस की जांच में फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला है। द हिंदू की एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) नॉन-कंप्लायंस के कुछ अन्य मामलों के चलते कंपनी के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। ईडी ने इस हफ्ते की शुरुआत में पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की थी।

ईडी ने पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से की थी पूछताछ

ईडी को कंपनी के फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस की जांच करने का काम सौंपा गया था। ईडी फेमा और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत वॉयलेशन या क्राइम की जांच करता है। इससे पहले, ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ आबीआई की कार्रवाई के बाद पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से पूछताछ की थी और उनसे डॉक्यूमेंट्स हासिल किए थे।

- लेनदेन की जांच में फेमा के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला

ईडी की यह कार्रवाई आरबीआई के पेटीएम की सब्सिडियरी कंपनी को 29 फरवरी से नए डिपॉजिट्स स्वीकार करने से रोक लगाने के कुछ दिनों बाद हुई है। हालांकि, अब आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक में डिपॉजिट और अन्य ट्रांजैक्शंस की डेडलाइन को 15 मार्च तक बढ़ा दिया है।

31 जनवरी को जारी सर्कुलर में आरबीआई ने कहा था कि 29 फरवरी के बाद पेटीएम पेमेंट बैंक के अकाउंट में पैसा जमा नहीं किया जा सकेगा। इस बैंक के जरिए वॉलेट, प्रीपेड सर्विसेज, फास्टैग और दूसरी सर्विसेज में पैसा नहीं डाला जा सकेगा।

खेल डायरी

भारतीय पुरुष टीम ने पहले मैच में चिली को रौंदा

विश्व टेटे टीम चैंपियनशिप

बुसान (कोरिया), एजेंसी। भारतीय पुरुष टीम ने शनिवार को चिली को आसानी से 3-0 से हराकर विश्व टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप में अपना अभियान जीत से शुरू किया। स्टार भारतीय पैडलर (टेबल टेनिस खिलाड़ी) शरत कमल (95 रैंकिंग) ने दुनिया के 53वें नंबर के निकोलस बुरगोस पर जीत हासिल की। फिर भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी और मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन हरमीत देसाई ने इसी लय को जारी रखते हुए गुस्तावो गोमेज को हरा दिया। जी साथियान को ओलिवारेस फेलिप के खिलाफ पहले गेम में थोड़ी चुनौती मिली लेकिन उन्होंने जीत हासिल की। इस जीत से भारत दो अंक लेकर ग्रुप तीन में दक्षिण कोरिया (चार अंक) और चिली (तीन अंक) से पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया। अब भारतीय टीम रविवार को पोलैंड से भिड़ेगी, जिसके बाद उसका सामना सोमवार को दक्षिण कोरिया और मंगलवार को न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय महिला टीम रविवार को हंगरी के सामने होगी।

अलकराज अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी। स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज ने इतालवी क्वालीफायर एंड्रिया वावसोरी पर जीत के साथ अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब की आउटडोर क्ले पर एक घंटे 40 मिनट के खेल में जीत हासिल करने के लिए 27 रिटर्न पॉइंट जीते। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अलकराज ने अपने 153वीं रैंक के प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि पहले सेट में वह इतने ऊंचे स्तर पर खेले। उनकी सर्विस वापस करना और हवा के साथ चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में वापसी करना वास्तव में कठिन था। मुझे लगता है कि मैंने दूसरे सेट में बेहतर खेला। उसका स्तर थोड़ा नीचे चला गया, साथ ही उसकी सर्विस खराब हो गई। फाइनल में जगह बनाने के लिए अलकराज का शनिवार को चिली के निकोलस जैरी या अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी से मुकाबला होगा।

ऑस्ट्रेलिया ने द.अफ्रीका को 284 रन से दी मात

पर्थ,एजेंसी। द. अफ्रीका की दूसरी पारी में डेल्मी टकर और क्लो ट्राईटन की जुझारू पारियों के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं ने एक पारी और 284 रनों के अंतर से बड़ी जीत हासिल की। यह ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जीत थी, जिसने 2001 में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी और 140 रनों को पीछे छोड़ दिया था। यह पारी के अंतर से और रनों के अंतर से दूसरी सबसे बड़ी जीत भी थी। वाका में एलिसा हीली ने टॉस जीता और क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। डार्सी ब्राउन ने प्रोटियाज के पांच बल्लेबाजों को आउट कर उन्हे मात्र 76 रन पर रोक दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में द .अफ्रीका की महिलाओं का अब तक का सबसे कम स्कोर था। ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी (78) और एलिसा हीली (99) के अर्द्धशतकों के साथ अपनी बल्लेबाजी पारी पर नियंत्रण कर लिया जबकि एनाबेल सदरलैंड के शानदार दोहरे शतक ने मेजबान टीम को आगे बढ़ने में मदद की।

एफआईएच प्रो लीग: भारत ने आयरलैंड को 1-0 से हराया

भुवनेश्वर, एजेंसी। गुरजंत सिंह के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की बदौलत भारत ने शुक्रवार रात कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयरलैंड पर 1-0 की जीत के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण का समापन किया। गुरजंत सिंह 60वें मिनट में भारत की ओर से एकमात्र गोल करने वाले खिलाड़ी थे। भारत ने मैच में आक्रमण शुरुआत की। उन्हें मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर तीसरे मिनट में मिला, लेकिन हरमनप्रीत की ड्रैग-फ्लिक को आयरिश डिफेंडर ने पोस्ट के पास बचा लिया। आयरलैंड ने हमला किया, हालांकि 11वें मिनट में मैथ्यू नेल्सन का शॉट गोलपोस्ट से बाहर चला गया। दोनों टीमों ने एक-दूसरे की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश की मगर असफल रहे। उन्होंने संभावित गोल करने के मौके बनाए और क्रमश: 20वें और 24वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन आयरिश रक्षा ने गोल से रोक दिया। भारत ने गुरजंत के फील्ड गोल के जरिए गतिरोध तोड़ दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब लीग के अपने रिटर्न मैच खेलने के लिए राउरकेला जाएगी। भारत राउरकेला चरण के अपने पहले मैच में 19 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा।

जायसवाल का शतक, भारत ने इंग्लैंड पर कसा शिकंजा

तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन यशस्वी के 104 और शुभमन के नाबाद 65 रन से भारत को 322 रन की बढ़त

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

राजकोट, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (104 रन रिटायर्ड हर्ट) के तीसरे टेस्ट शतक और शुभमन गिल के नाबाद 65 रन से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 196 रन बनाकर मैच में शिकंजा कस दिया। जायसवाल (133 गेंद, 9 चौके, 5 छक्के) ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और श्रृंखला में दूसरा शतक जड़कर 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं। इससे भारत की कुल बढ़त 322 रन की हो गई है।

दिन का खेल समाप्त होने तक गिल (120 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) के साथ दूसरे छोर पर रात्रि प्रहरी कुलदीप यादव 3 रन बनाकर खेल रहे हैं। जायसवाल के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद रजत पाटीदार क्रीज पर उतरे लेकिन वह खाता भी नहीं खोल सके और रेहान अहमद का शिकार हो गए। जायसवाल ने आक्रामक बल्लेबाजी की शुरूआत जेम्स एंडरसन के ओवर में 2 चौके और 1 छक्का लगाकर 19 रन बनाकर की। अगले ओवर में टॉम हार्टले पर 2 छक्के जड़ दिए। इंग्लैंड ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बदलाव किया लेकिन जायसवाल की आक्रामकता बनी रही। इस बल्लेबाज ने फिर अहमद पर दो रिवर्स स्वीप शॉट लगाए। मार्क वुड की गेंदबाजी पर जायसवाल थोड़े शांत हुए लेकिन तब वह 90 रन के करीब पहुंचे तो एक एक रन लिए। वुड पर चौका लगाकर उन्होंने तीसरा शतक पूरा किया। लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज को पीठ में खिंचाव से रिटायर होना पड़ा। इंग्लैंड को पहली पारी में 319 रन पर समेटने के बाद खेलने उतरी भारतीय टीम ने दूसरे सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (19) का विकेट जल्दी गंवा दिया। रोहित जो रूट की गेंद पर स्लॉग स्वीप शॉट लगाने की कोशिश में पगबाधा आउट हुए। वहीं गिल ने पांचवां अर्धशतक जड़ा। भारत की कोशिश विकेट बचाते हुए बढ़त में इजाफा की थी क्योंकि अभी काफी समय बचा है। रविवार को टीम इस बढ़त को 400 से आगे बढ़ाना चाहेगी। रोहित के जल्दी आउट होने के बाद भारत की चिंता बढ़ सकती थी क्योंकि बढ़त इतनी ज्यादा नहीं थी लेकिन जायसवाल और गिल ने दूसरे विकेट के लिए नाबाद 155 रन की सांझेदारी की। दोपहर के सत्र में मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने रविचंद्रन अश्विन की अनुपस्थिति में अच्छी गेंदबाजी करते हुए भारत को पहली पारी में 126 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 290 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद पूरी टीम 71.1 ओवर में 319 रन पर सिमट गई। इसमें सिराज ने 84 रन देकर 4 विकेट झटके जबकि कुलदीप ने 2 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः 1 और 2 विकेट लिए। अश्विन को शुक्रवार देर रात परिवार में चिकित्सीय आपात स्थिति के कारण टेस्ट से हटना पड़ा। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (41) ने जडेजा (51 रन देकर 2 विकेट) पर हावी होने का प्रयास किया लेकिन उनकी टाइमिंग सही नहीं थी और बुमराह ने डीप मिडविकेट पर कैच लेकर लंच के बाद बड़ा विकेट दिया। अगली गेंद पर बेन फोक्स (13) सिराज की गेंद पर आउट हो गए और उनका कैच रोहित ने मिड ऑन पर लपका। सिराज ने फिर रेहान अहमद और जेम्स एंडरसन के विकेट झटके। वहीं जडेजा ने टॉम हार्टले का विकेट लिया। सुबह बुमराह (54 रन देकर 1 विकेट) और कुलदीप (77 रन देकर 2 विकेट) ने भारत को दबदबा बनाने में मदद की। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने रात की 133 रन की पारी को 153 रन में तब्दील किया। उनकी 151 गेंद की पारी में 23 चौके और 2 छक्के जड़े थे। वह कुलदीप का शिकार हुए। इंग्लैंड ने सुबह 2 विकेट पर 207 रन से खेलना शुरू किया। इंग्लैंड ने जो रूट (18) का विकेट गंवा दिया जो रात के स्कोर में 9 रन ही जोड़ सके। वह जसप्रीत बुमराह की गेंद पर रिवर्स शॉट खेलकर दूसरी स्लिप में खड़े यशस्वी जायसवाल को कैच दे बैठे। यह 21 पारियों में नौवीं दफा है जब बुमराह ने इंग्लैंड के इस बल्लेबाज का विकेट लिया।

भारतीय टीम ने पूर्व कप्तान की याद में बांह पर बांधी पट्टी

भारतीय खिलाड़ियों ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे टेस्ट के तीसरे दिन पूर्व कप्तान दत्ताजीराव गायकवाड़ की याद में बांह में काली पट्टी बांधी। भारत के लिए 1951 से 1962 के बीच 11 टेस्ट खेलने वाले दत्ताजीराव का 13 फरवरी को निधन हो गया था। दत्ताजीराव पूर्व बल्लेबाज और कोच अंशुमन गायकवाड़ के पिता थे। बीसीसीआई ने कहा कि टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर की याद में बांह पर काली पट्टी पहनेगी।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-445) दूसरी पारी 196/2 (51 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल रिटायर्ड हर्ट	104	133	9/5
रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट	19	28	3/0
शुभमन गिल खेल रहे हैं	65	120	6/2
रजत पाटीदार का अहमद बो हार्टले	00	10	0/0
कुलदीप यादव खेल रहे हैं	03	16	0/0

अतिरिक्त: 05, **विकेट पतन:** 1-30, 2-191, **गेंदबाजी:** एंडरसन 6-1-32-0, रूट 14-2-48-1, हार्टले 15-2-42-1, वुड 8-0-38-0, अहमद 8-0-31-0

इंग्लैंड (पहली पारी) 319/10 (71.1 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन	15	28	2/0
बेन डकेट का गिल बो कुलदीप	153	151	23/2
ओली पोप पगबधा बो सिराज	39	55	5/1
जो रूट का जायसवाल बो बुमराह	18	31	2/0
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप	00	04	0/0
बेन स्टोक्स का बुमराह बो जडेजा	41	89	6/0
बेन फोक्स का रोहित बो सिराज	13	37	2/0
रेहान अहमद बो सिराज	06	13	1/0
टॉम हार्टले स्ट जुरेल बो जडेजा	09	17	2/0
मार्क वुड नाबाद	04	03	1/0
जेम्स एंडरसन बो सिराज	01	03	0/0

अतिरिक्त: 20, **विकेट पतन:** 1-89, 2-182, 3-224, 4-225, 5-260, 6-299, 7-299, 8-314, 9-314, 10-319, **गेंदबाजी:** बुमराह 15-1-54-1, सिराज 21.1-2-84-4, कुलदीप 18-2-77-2, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 10-0-51-2

अश्विन ने राजकोट टेस्ट से नाम लिया वापस

राजकोट, एजेंसी। रविचंद्रन अश्विन ने पारिवारिक कारणों के चलते इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच से नाम वापस ले लिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार देर रात इसकी पुष्टि करते हुए बयान जारी किया कि अश्विन पारिवारिक चिकित्सा आपातकाल के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट से हट गए हैं। इस चुनौतीपूर्ण समय में बीसीसीआई और टीम अश्विन का पूरा समर्थन करती है। बीसीसीआई चैंपियन क्रिकेटर और उनके परिवार को अपना हार्दिक समर्थन देता है। खिलाड़ियों और उनके प्रियजनों का स्वास्थ्य और भलाई अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोर्ड अश्विन और उनके परिवार की गोपनीयता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। बयान में कहा गया कि बोर्ड और टीम अश्विन को हर आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी और आवश्यकतानुसार समर्थन देने के लिए संचार के रास्ते खुले रखेगी। टीम इंडिया इस संवेदनशील अवधि के दौरान प्रशंसकों और मीडिया की समझ और सहानुभूति की सराहना करती है। अश्विन ने दूसरे दिन जैक क्रॉली का विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में अपना 500वां विकेट मनाया। वह टेस्ट इतिहास में 500 विकेट का आंकड़ा पार करने वाले नौवें गेंदबाज बन गए और अनिल कुंबले के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं।



दोहरा शतक जड़ने के बाद बल्ले को चूमते संजीत देसाई।

रणजी में दोहरा शतक जड़ संजीत ने रचा इतिहास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: छत्तीसगढ़ के बल्लेबाज संजीत देसाई ने इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को इतिहास रचा। उन्होंने अपने 15वें प्रथम श्रेणी मैच में पहला शतक जड़ा और उन्होंने दोहरे शतक का सफर तय किया। उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेल के दूसरे दिन शनिवार को संजीत देसाई ने 202 और कप्तान अमनदीप खरे ने 114 रन की पारी खेली। इससे छत्तीसगढ़ ने 414 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।

उत्तर प्रदेश की टीम अपनी पहली पारी खेलने के लिए मैदान में पहुंची। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मेजबान उत्तर प्रदेश ने तीन विकेट पर 110 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश 304 रन पीछे है। सौरभ कुमार 55 और कप्तान नितीश राणा 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं।

संजीत ने 113 और अमनदीप 70 रन की अपनी पारी को आज आगे बढ़ाया। पांचवें विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों के बीच 332 गेंदों पर 212 रनों की साझेदारी हुई। अमनदीप ने 151 गेंदों पर 114 रन 15 चौके और एक छक्के की मदद से बनाए। टीम का स्कोर जब 212 रन था तब अमनदीप को आकिब खान ने नितीश राणा के हाथों कैच करा दिया। दूसरे छोर पर टिके संजीत आठवें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें अटल बिहारी ने शोएब सिद्दीकी के हाथों कैच कराया। संजीत ने 356 गेंदों पर 23 चौके और 4 छक्के की मदद से 202 रन बनाए। संजीत का इससे पहले उच्च स्कोर 67 रन था। संजीत की आक्रामक बल्लेबाजी पर उत्तर प्रदेश के गेंदबाज अंकुश लगाने में असफल रहे। उन्हें रोकने को उत्तर प्रदेश ने कई बार रणनीति बदली।

उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार के 300 विकेट

उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 55 रन देकर 5 विकेट चटकाए। सौरभ कुमार प्रथम श्रेणी मैचों में 300 विकेटों का आंकड़ा पार कर गए। उन्होंने अपने 70वें प्रथम श्रेणी मैच में 5 विकेट लेकर अपने विकेटों की संख्या 302 पहुंचा दी है। सौरभ के अलावा आकिब खान ने तीन, अटल बिहारी और यश दयाल ने एक-एक विकेट लिए।

तीन खिलाड़ियों के लौटने पर कप्तान से संभाली पारी

पहली पारी खेलने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत आज अच्छी नहीं रही। 40 रनों के योग पर अभिषेक गोस्वामी (4), प्रियम गर्ग (6), कर्ण शर्मा (6) पवेलियन लौट गए। इसके बाद बल्लेबाज सौरभ कुमार और कप्तान नितीश राणा ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने बड़ी सूझबूझ से बल्लेबाजी की। दोनों उत्तर प्रदेश को 110 रनों तक ले गए। आज का खेल खत्म होने तक सौरभ कुमार 55 और नितीश राणा 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं। छत्तीसगढ़ के रवि किरन ने दो और आशीष चौहान ने एक विकेट लिया।

महिला टीम पहली बार फाइनल में

सेमीफाइनल में पूर्व चैंपियन जापान को 3-2 से हराया

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

भारतीय महिला टीम ने शनिवार को सेमीफाइनल में दो बार की पूर्व चैम्पियन जापान को 3-2 से हराकर पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने पहला युगल, अस्मिता चालिहा ने दूसरा एकल और 17 वर्षीय अनमोल खरब ने निर्णायक एकल जीतकर भारत को खिताबी भिड़ंत तक पहुंचाया। भारतीय महिला टीम रविवार को फाइनल में थाईलैंड के सामने होगी।

भारत ने 2016 और 2020 के चरण में पुरुष टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीते थे। जापान की टीम हालांकि अकाने यामागुची, युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा तथा मायु मातसुमोटो और वाकाना नागाहारा के बिना खेल रही थी। उसने भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की। पीवी सिंधू पहले एकल में अया ओहोरी के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी। तृषा और गायत्री ने पहले युगल ने नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की जोड़ी को हराकर भारत को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अस्मिता ने फिर नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया और क्रास शॉट और स्मैश से उलटफेर भरी जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। तनीषा क्रास्टो को चोट लगी है, जिससे सिंधू ने अश्विनी पोनप्पा के साथ जोड़ी बनाई लेकिन वे रेना मियायूरा और अयाको साकुरामोटो की जोड़ी की बाधा पार नहीं कर सकी और हार गई। अब दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं। अनमोल ने नातसुकी निडायरा को हराकर भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाया।

बॉलीवुड हलचल

कबीर के साथ फिर काम करेंगे सलमान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान एक बार फिर से कबीर खान की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सलमान खान ने निर्देशक कबीर खान के साथ सुपरहिट फिल्म एक था टाइगर में काम किया। इसके बाद सलमान खान और कबीर खान की जोड़ी बजरंगी भाईजान में साथ नजर आयी। लंबे समय के बाद यह जोड़ी एक बार फिर से नजर आ सकती है। कबीर खान इन दिनों साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'चंदू चैंपियन' की शूटिंग में व्यस्त है। सलमान खान दोबारा कबीर खान के साथ काम करने पर विचार कर रहे हैं। सलमान खान ए आर मुरुगदास की फिल्म के बाद कबीर सिंह की फिल्म कर सकते हैं।

वेबसीरीज शोटाइम में सुपरस्टार के किरदार में हैं राजीव

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता राजीव खंडेलवाल वेबसीरीज शो टाइम में सुपरस्टार के किरदार में नजर आएंगे। राजीव इन दिनों वेबसीरीज शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। राजीव ने शो टाइम में सुपरस्टार अरमान सिंह का किरदार निभाया है। राजीव ने बताया, शो टाइम में मेरा किरदार कई सुपरस्टार्स से प्रेरित है। इस सीरीज में कई कलाकार की कहानी को दिखाया जाएगा। मैं उनका नाम नहीं लूंगा, लेकिन मुझे यकीन है कि सीरीज देखकर आपको उनमें से कुछ की याद जरूर आएगी। राजीव ने कहा, शो टाइम में वह कहानियां हैं जो हमने सुपरस्टार्स के बारे में सुनी हैं। मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं। शुरू में शो टाइम करने से मैंने ना कह दिया था। मुझे लगा कि यह कुछ बहुत अलग है। मैं कभी भी अरमान के किरदार से खुद को जोड़ नहीं पाया हूं।

घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री शुभी शर्मा एवं अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 की शूटिंग शुरू हो गई है। इसके निर्माता और निर्देशक अजय श्रीवास्तव हैं। अजय श्रीवास्तव एवं यश कुमार ने कहा कि घरवाली बाहरवाली फिल्म को लोगों ने खूब सराहा था। उसी वक्त हमने इसके सीक्वल का फैसला किया था और हम इसकी शूटिंग शुरू कर चुके हैं। हमारी इस फिल्म की कहानी फैमिली प्रो है और इसमें लोगों को संस्कार, व्यवहार और इमोशन के साथ एक हेल्दी मनोरंजन मिलने वाला है। फिल्म की कहानी पर ज्यादा अभी बात नहीं की जा सकती लेकिन इसके हाइलाइट्स ऐसे होने वाले हैं जो आपको फिल्म के प्रति आकर्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह फिल्म भी पहली फिल्म की अपेक्षा लोगों में ज्यादा पसंद की जाएगी। शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए कई मायनों में खास है। सबसे पहले की इस फिल्म में मेरा किरदार बेहद दमदार है और मैं अपने किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हूं। दूसरी बात यह भी है कि इन दोनों भोजपुरी में कई अच्छी फिल्में बन रही हैं उनमें से जो स्क्रिप्ट मुझे पसंद आती है मैं उसे हां करने में देर नहीं लगती। घरवाली बाहरवाली-3 लोगों को अपनेपन का फील देगी और मैं समझती हूं कि यह फिल्म हर कोई अपने घर परिवार में या फिर दोस्तों के साथ मिलकर देख सकेंगे। गीत संगीत और संवाद बेहद सुग्राही है। मैं अपील करुंगी कि जब यह फिल्म रिलीज हो तो आप सभी जरूर इसे देखें और अपना प्यार एवं आशीर्वाद दें। उल्लेखनीय है कि अजय श्रीवास्तव निर्मित और निर्देशित फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 के लेखक संजय राय हैं, जबकि फिल्म में यश कुमार और शुभी शर्मा के साथ गरिमा दीक्षित, नीलम पांडेय, जयप्रकाश सिंह, धनंजय सिंह और रविकांत यादव भी प्रमुख भूमिका में दिखेंगे।

शुभी शर्मा और देव सिंह की फिल्म 'सास हैं कि डायन' बनकर तैयार

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री शुभी शर्मा और अभिनेता देव सिंह की आने वाली फिल्म सास हैं कि डायन की शूटिंग पूरी हो गई है। निर्माता अंशुमान सिंह और निर्देशक राजकुमार प्रसाद राजू फिल्म सास हैं कि डायन लेकर आ रहे हैं। फिल्म को लेकर देव सिंह ने बताया कि इसमें मेरा किरदार कुछ अलग है, जिसे करके खूब मजा आया उम्मीद करता हूं कि यह दर्शकों को भी पसंद आएगा। मुझे अभिनेता के तौर पर हर तरह के किरदार को निभाने की ललक रही है और जब भी मुझे यह मौका मिलता है तो मैं उसे करता हूं। इस फिल्म में एक से एक दिग्गज कलाकार हैं। उनके साथ काम करके एक अलग ही अनुभूति हुई। वहीं, शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म सीधा-सीधा परिवार के सेंटीमेंट पर आधारित है। जब मुझे इसका ऑफर आया था। तब मैं भी टाइटल सुनकर चौंक गई थी, लेकिन कहानी ने मुझे इस फिल्म से जोड़ लिया और आज यह फिल्म तैयार है। जास मोशन पिक्चर के बैनर से बनी फिल्म के कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म के लेखक सुरेंद्र मिश्रा और विवेक मिश्रा हैं। डीओपी हरीश सावंत और संगीत अमन श्लोक का है। फिल्म में देव सिंह और शुभी शर्मा, ऋचा दिक्षित, रितेश उपाध्याय, रामसूजन सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, विद्या सिंह, रोहित सिंह मटरू, जाफरी, सहिस्ता रॉय और रागिनी दुबे हैं।

कुछ रीत जगत में हेमराज का किरदार चुनौतीपूर्ण : धर्मेश

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता धर्मेश व्यास का कहना है सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के आने वाले शो कुछ रीत जगत की ऐसी है में 'हेमराज' का किरदार निभाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। धर्मेश व्यास और ख़ुशी राजपूत ने नंदिनी के सास-ससुर हेमराज रतनशी और चंचल रतनशी की भूमिका निभाई हैं। धर्मेश व्यास ने बताया, कुछ किरदार यह बताने के लिए बनाए जाते हैं कि समाज में क्या नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा ही हेमराज का किरदार है। हालांकि मैं इसके खिलाफ हूं जो परंपरा के नाम पर छिपा हुआ है, इसलिए हेमराज का किरदार निभाना एक चुनौती है और साथ ही मेरे लिए ऐसी प्रथाओं के खिलाफ जागरूकता पैदा करने और बातचीत शुरू करने का एक मौका भी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

एक नजर

मुंबई में 31.6 लाख के मादक पदार्थों के साथ तीन गिरफ्तार

ठाणे। नवी मुंबई में 31.6 लाख रुपये मूल्य की मेथिलीन डाइऑक्सी-मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) और ब्राउन शुगर रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम कोपरखैरने इलाके से संदिग्ध रूप से घूम रहे आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 63 ग्राम एमडीएमए और 253 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की, जिसकी कीमत 31.6 लाख रुपये है। आरोपी मोहम्मद शमीम इस्माइल अंसारी उर्फ सैम, खालिदा खातून मोहम्मद अजीम अंसारी और आफिया खातून हयात मोहम्मद अंसारी को गिरफ्तार किया गया जबकि उनकी साथी रुकसाना अंसारी फरार है।

ईरानः सिरफिरे ने अपने ही 12 रिश्तेदारों को मारी गोली, मौत

तेहरान। ईरान के दूरदराज ग्रामीण इलाके में 30 वर्षीय एक सिरफिरे शख्स ने शनिवार को अपने 12 रिश्तेदारों की गोली मारकर हत्या कर दी। यह गोलीबारी दशकों में हुई सबसे घातक घटना है। करमान प्रांत के न्याय विभाग के प्रमुख इब्राहिम हामिदी ने बताया कि बंदूकधारी ने पारिवारिक विवादों के कारण एक गांव में सुबह-सुबह अपने पिता, भाई और अन्य रिश्तेदारों पर गोलियां चला दीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलावर की अभी पहचान नहीं हुई है और उसने कलाश्निकोव असॉल्ट राइफल का इस्तेमाल किया। ईरान में किसी भी हिंसक घटना में मरने वालों की संख्या ये सबसे अधिक है।

गुजरात में तटवर्ती गांव से पुलिस ने शेरनी का शव बरामद किया

अमरेली। गुजरात के अमरेली जिले के एक तटीय गांव में शेरनी का शव बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि, शेरनी की मौत अरब सागर में डूबने से हुई है। उन्होंने कहा-शेर का समुद्र में डूबना कोई बहुत सामान्य घटना नहीं है। बता दें, पुलिस ने मामले में किसी भी तरह की साजिश की आशंका से इनकार कर दिया है। जूनागढ़ के प्रभारी मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) के .रमेश ने शनिवार को बताया कि वन क्षेत्र में धारा बंदर गांव के तट पर पांच से नौ साल की उम्र की शेरनी मृत मिली थी। पीएम रिपोर्ट में पता चला कि शेरनी की मौत पानी में डूबने से हुई।

ब्रिटेनः हत्या के आरोप में भारतीय मूल के युवक को उम्रकैद की सजा

लंदन। लंदन की एक अदालत ने महिला की हत्या के 30 साल पुराने मामले में भारतीय मूल के एक युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। संदीप पटेल को 1994 में लंदन के वेस्टमिंस्टर इलाके में मरीना कोप्पेल नामक महिला के फ्लैट पर चाकू मारकर उनकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोषी मानते हुए कोर्ट ने शुक्रवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस ने कहा-मजबूत साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई गई है।

तेलंगाना में बदमाशों ने 20 कुत्तों को मारी गोली, 5 जख्मी जांच में जुटी पुलिस टीम

हैदराबाद, एजेंसी। तेलंगाना के महबूबनगर जिले में गुरुवार रात कुछ अज्ञात बदमाशों ने 20 आवारा कुत्तों की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी। गोलीबारी में पांच कुत्ते बुरी तरह जख्मी भी हैं। पुलिस को घटना के बारे में शुक्रवार को पता चला। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस गांव में गोलीबारी के बाद लोग काफी डरे हुए हैं।

स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ता अदुलापुरम गौतम ने कहा, 'स्थानीय लोगों ने बताया कि आधी रात के बाद कार में कुछ नकाबपोश आए और कुत्तों पर बंदूक से गोलियां चला दीं। इस घटना में लगभग 20-25 कुत्ते मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। हमने इस घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अज्ञात बदमाशों की पहचान की जा रही है। शुरुआती जांच में एक प्रत्यक्षदर्शी ने दावा किया है कि कार में आए एक व्यक्ति ने ही अपराध को अंजाम दिया है। पंचायत अधिकारी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शस्त्र अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत इस मामले में एफआईआर दर्ज की है।

हैदराबाद में आकार ले रही गूगल की भव्य इमारत

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक भव्य इमारत आकार ले रही है। ये है, सर्च इंजन गूगल का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस। जो शहर के वित्तीय इलाके गच्छीबावली क्षेत्र में बन रहा है। करीब 1500 लोग दिन-रात इसे बनाने में जुटे हैं, फिर भी इसके 2026 तक पूरा होने की संभावना कम है। यहां काम कर रहे प्रोजेक्ट इंजीनियरों ने बताया कि ऑफिस 30 लाख वर्ग फीट में बन रहा है, जिसका अभी करीब 20% ही काम हुआ है। इसे पूरा बनने में अभी 7 साल और लगेंगे।

1000 करोड़ रु. की लागत से तैयार हो रहे ऑफिस में 18 हजार कर्मचारी कर सकेंगे काम

30 लाख वर्ग फीट में हैदराबाद में बन रहा है गूगल का दूसरा सबसे बड़ा कार्यालय

सबसे बड़ा ऑफिस माउंटेन व्यू



गूगल का ऑफिस 35 लाख वर्ग फीट में बना अभी हैदराबाद के कोंडापुर में गूगल का जो दफ्तर है, उसमें 7 हजार कर्मचारी है। जबकि गूगल का सबसे बड़ा ऑफिस अमेरिका के कैलिफोर्निया के माउंटेन व्यू में है, जो करीब 35 लाख वर्ग फीट में फैला हुआ है।

अंडाकार में बनेगी इमारत

अभी नींव का बेस बन चुका है। उसके ऊपर चार बड़े त्रिकोणीय स्तंभ बन रहे हैं। इनके ऊपर 23 मंजिला ऑफिस की अंडाकार इमारत खड़ी होगी, जिसमें एक साथ 18 हजार कर्मचारी काम कर सकेंगे। प्रोजेक्ट की लागत 1000 करोड़ रुपये है।

हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम्स हॉल

ब्रिटिश फर्म ऑलफोर्ड हॉल मोनाघन मॉरिस ने इसे डिजाइन किया है। ये भारत में कंपनी का पहला निर्माण है। इस ऑफिस को हरेक मंजिल पर सूरज की रोशनी और ताजी हवा रहेगी। छत ऐसे डिजाइन की गई है कि उसे कभी भी खोला या बंद किया जा सके। इसमें 7 कैफेटेरिया होंगे। हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम हॉल भी डिजाइन किए जाएंगे।

अभी भारत का सबसे बड़ा ऑफिस सूरत डायमंड बुर्स

भारत में सबसे बड़ा ऑफिस कॉम्प्लेक्स सूरत डायमंड बुर्स है, जो 71 लाख वर्ग फोट में बना है। यदि कैंपस की बात करें तो इंफोसिस का मैसूर कैंपस है, जो 350 एकड़ यानी डेढ़ करोड़ वर्ग फीट में है। सूरत डायमंड बोर्स को 3,500 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन फरवरी 2015 में शुरू हुआ था। अप्रैल 2022 में इसका काम पूरा हुआ। एसडीबी को सूरत की डायमंड इंडस्ट्री ने मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग दोनों के लिए वन-स्टॉप हब के रूप में स्थापित किया है। सूरत दुनिया के 92 फीसदी नेचुरल डायमंड की मैन्युफैक्चरिंग करता है।

पाकिस्तानः चुनाव में धांधली की जिम्मेदारी लेते हुए नौकरशाह ने दिया इस्तीफा, सीईसी पर लगाया आरोप

ईसी-मुख्य जज चुनाव धांधली में शामिल

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद एक हफ्ते का समय गुजर चुका है। लेकिन नई सरकार का गठन नहीं हो पाया है। इस बीच, एक वरिष्ठ नौकरशाह ने चुनाव में सभी धांधलियों की जिम्मेदारी लेते हुए शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजे) हालिया चुनाव में हुई गड़बड़ियों में शामिल थे।

रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को हुए चुनावों को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। पीटीआई आम चुनाव में धांधली और जनादेश की चोरी का आरोप लगा रही है।

चट्ठा ने रावपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार चुनाव हा रहे थे, उन्हें जीत दिलाई गई थी। डॉन अखबार ने उनके हवाले से कहा, मैं इन सभी गलत कामों की जिम्मेदारी ले रहा हूं।

मैं आपको बता दूं कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) भी पूरी तरह से धांधली में शामिल थे। चट्ठा ने चुनाव परिणामों में हेराफेरी की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि देश की पीठ में छुरा घोंपा गया है, जिस वजह से उन्हें नींद नहीं आती है। उन्होंने कहा, मैंने जो अन्याय किया है, उसके लिए मुझे सजा मिलनी चाहिए।

चुनाव में धांधली के विरोध में सड़कों पर पाकिस्तानी अवाम

कराची पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए चुनावों में धांधली को लेकर विपक्ष खुलकर सड़कों पर आ गया है। सिंध प्रांत में भुट्टो-जरदारी परिवार की पार्टी पीपीपी के खिलाफ बने ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के हजारों प्रदर्शनकारियों ने जामशोरो में हाइवे को जाम कर दिया। जीडीए का आरोप है कि सिंध में पीपीपी को जीताने के लिए सेना और प्रशासन ने जमकर गड़बड़ियां की है। लोगों को संबोधित करते हुए जीडीए प्रमुख पीर पागरा ने कहा कि आम चुनाव में पीटीआई के निर्दलीय प्रत्याशियों को परेशान किया गया, लेकिन चुनाव आयोग सोता रहा।

पीएमएलएन ने पीटीआई की मांग की आलोचना की

पाकिस्तान मुस्लिम-लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की आम चुनाव में कथित धांधली में अमेरिकी दखल की जांच की मांग की आलोचना की और कहा कि यह पाकिस्तान पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी है। इमरान खान ने गुरुवार को अमेरिका को संदेश दिया था कि उसे पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली पर चिंता जतानी चाहिए। इसके बाद पीएमएल-एन की नेता मरियम औरंगजेब ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, हम गुलाम नहीं हैं। यह पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन ने चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ अमेरिका से मदद मांगने को लेकर पीटीआई की आलोचना और उसे याद दिलाया कि आपके अनुसार अमेरिका ने आपकी सरकार गिराने के लिए साजिश रची थी।

थोड़ा मतभेद न्यायपालिका कार्यपालिका में जरूरीः कौल

नई दिल्ली, एजेंसी

- संसद रत्न कार्यक्रम में उन्होंने कहा टकराव लोकतंत्र में संतुलन के लिए जरूरी

न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत टकराव लोकतंत्र में नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए अच्छा है। यह बात सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने शनिवार को कही। वह सांसदों को 'संसद रत्न' पुरस्कार प्रदान करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, संविधान में लोकतंत्र के नियंत्रण और संतुलन का जिक्र है, जो एक प्रशासन, एक विधायिका और अदालत का प्रावधान करता है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, हमारे यहां पहले 'पहले आओ-पहले पाओ' की आवधारणा पर आधारित लोकतंत्र है। इसलिए, सरकार के पास पचास फीसदी से कम मत होंगे, वहां कोर्ट व्यवस्था पर नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। कौल ने आगे एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश का हवाला दिया और कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत तनाव अच्छा है। लेकिन अगर दोनों के बीच बहुत सी चीजें स्पष्ट नहीं हैं, तो समस्या है।

इन सांसदों को मिला संसद रत्न पुरस्कार

यह सम्मान भाजपा के सांसद सुधीर गुप्ता, शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे, भाजपा के सुकांत मजूमदार, कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अमोल कोल्हे को दिया गया। सत्रहवीं लोकसभा में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, भाजपा के बिद्युत बरन महतो औ भाजपा की हीना गावित को संसद महारत्न' से सम्मानित किया गया। वहीं, राकांपा की सुप्रिया सुले, शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बारने, बीजद के भर्तृहरि महताब को 'सांसद उत्कृष्ट महारत्न' से सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करना इजराइल का दायित्व

नई दिल्ली, एजेंसी

- जर्मनी के म्यूनिख में चल रहे सुरक्षा सम्मेलन में गाजा के हालात पर बोले विदेश मंत्री जयशंकर

इजराइल-हमास युद्ध को लेकर दुनियाभर के कई राजनेता इसकी आलोचना कर रहे हैं। वहीं, इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर फिलिस्तीन मुद्दे के दो राष्ट्र समाधान का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देश अब न सिर्फ इसका समर्थन कर रहे हैं। बल्कि, इसे पहले कहीं ज्यादा जरूरी मान रहे हैं।

जयशंकर ने जर्मनी के म्यूनिख में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जर्मनी की विदेश मंत्री अन्नालेना बेयरबॉक की मौजूदगी में एक सुरक्षा सम्मेलन में चर्चा के दौरान यह टिप्पणी की। विदेश मंत्री ने पिछले साल अक्टूबर में इजराइल पर हुए हमलों को आतंकवाद करार दिया। लेकिन, इजराइल की कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मानवीय कानून का पालन करना

सुरक्षा सम्मेलन में पीएम शेख हसीना से मुलाकात करते जयशंकर।

तेल अवीव की अंतर्राष्ट्रीय दायित्व है। जयशंकर ने कहा कि यह जरूरी है कि इजराइल को नागरिकों के हताहत होने को लेकर सावधान रहना चाहिए। भारत के स्टैंड को विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि कई पहलू हैं और मोटे तौर उन्हें चार बिंदुओं में बांटा जा सकता है। उन्होंने कहा, हमें स्पष्ट होना चाहिए इजराइल में जो हुआ वह आतंकवाद था।

हिमस्खलन की चेतावनी...

श्रीनगर : शनिवार को जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों में भारी बर्फबारी के चलते हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। जेकेडीएमए ने बताया कि कश्मीर के बांदीपोरा, बारामूला, कुपवाड़ा, गांदरबल और जम्मू क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ तथा रामबन जिलों में 2,200 मीटर से ऊपर कम खतरे के स्तर के साथ हिमस्खलन होने के आसार हैं। स्थानीय लोगों को हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। आपदा के समय हेल्पलाइन नंबर 112 जारी किया है। ● एजेंसी

भारत आ रहे तेल टैंकर पर हूती आतंकियों ने दागी मिसाइल

काहिरा। लाल सागर में हाउती आतंकियों के हमले नहीं रुक रहे हैं। हाउती आतंकियों ने भारत आ रहे ब्रिटिश तेल टैंकर को निशाना बनाकर मिसाइल दागी। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि मिसाइल ने तेल टैंकर एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह यमन से दागी गई थी। हमले में तेल टैंकर को मामूली क्षति पहुंची है। इस पर मौजूद क्रू सदस्य सुरक्षित हैं।

पोलक्स रूस के काला सागर स्थित बंदरगाह शहर नोवोरोसिस्क से 24 जनवरी को रवाना हुआ था। यह भारत के पारादीप के पास 28 फरवरी को पहुंचने वाला है। पारादीप में इंडियन ऑयल कंपनी की तीन लाख बैरल प्रतिदिन क्षमता की रिफाइनरी है। ओसियनफ्रंट मेरीटाइम को एसए के स्वामित्व वाले जहाज का संचालन सी ट्रेड मेरीन एसएस की ओर से किया जाता है।

यूएनएससी में कब तक दवाई जाएगी 188 देशों की आवाज

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- यूएनएससी में बदलावों को लेकर कंबोज बोलीं -सुधारों के माध्यम से दूर की जाएं असमानताएं

भारत समेत दुनिया के कई देशों की लंबी समय से चल रही मांग के बाद भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद(यूएनएससी) के सुधारों पर कोई भी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है। बदली हुई परिस्थितियों के बाद भी भारत की मांग को दशकों से अनसुना किया जा रहा है। एक बार फिर से भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच से ही सभी स्थायी देशों को जमकर खरी-खोटी सुनाई। भारत ने कहा कि 5 स्थायी देश कब तक 188 देशों की सामूहिक इच्छा की अवहेलना करते रहेंगे।

संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों की मांग करते हुए अपने एक बयान में कहा कि कितने लंबे समय तक 5 सदस्य देशों की इच्छा 188 देशों की सामूहिक इच्छा की अवहेलना करती रहेगी। इसे निश्चित रूप से बदलना होगा।

भारत ने कहा कि सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र में समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों के साथ ऐतिहासिक रूप से अन्याय किया गया है और इसे तत्काल सही करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार करके स्थायी और अस्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए और उसमें एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देशों को शामिल किया जाए।

चुनाव आयोग-विस अध्यक्ष का फैसला अन्यायपूर्णः शरद

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक रहे शरद पवार ने शनिवार को कहा कि चुनाव आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का एनसीपी मामले पर दिया गया फैसला पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। शरद पवार ने कहा कि मामला को लेकर सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। दरअसल चुनाव आयोग ने बीते दिनों अपने फैसले में अजित पवार गुट को असली राकांपा (एनसीपी) माना था और पार्टी का चुनाव चिह्न भी अजित पवार गुट को देने का फैसला दिया था। शरद पवार ने कहा कि हमें ऐसे ही फैसले की उम्मीद थी। स्पीकर अपने पद की शुचिता को बरकरार रखने में असफल रहे। चुनाव आयोग और स्पीकर का फैसला अन्यायपूर्ण है।

धोखाधड़ी मामलाः ट्रंप पर लगा 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- न्यूयॉर्क कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर की कार्रवाई, कंपनी के निदेशक के रूप में काम पर भी लगाई रोक

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नागरिक धोखाधड़ी मामले में न्यूयॉर्क के एक कोर्ट ने शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप और ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया। कोर्ट ने ट्रंप को न्यूयॉर्क में कंपनी के निदेशक के रूप में काम करने से तीन साल के लिए रोक लगा दिया।

वहीं, अदालत ने उनके दोनों बेटों डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप को भी 4-4 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। कोर्ट ने दोनों को दो साल के लिए निदेशक के रूप में काम करने से रोक दिया है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और उनके बेटों पर बैंकों, बीमा कंपनियों व अन्य लोगों

से धोखाधड़ी कर रियल एस्टेट का साम्राज्य खड़ा करने का आरोप है। सभी पर आरोप है कि उन्होंने लाभ लेने के लिए अपनी संपत्ति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। हालांकि, ट्रम्प और उनके बेटों ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। वहीं, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले को अपने साथ धोखाधड़ी करार दिया है।

विज्ञान लंबे समय से वैज्ञानिक पृथ्वी के नजदीकी ग्रह में तलाश रहे थे जीवन की संभावना

शनि के उपग्रह टाइटन में खत्म हुई जीवन की संभावना

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचारः किसी दूसरे ग्रह पर जीवन बसाने को लेकर शनि के उपग्रह टाइटन में लगी उम्मीद में पानी फिर गया है। अकूत जल खुद में समेटे टाइटन पर लंबे समय से जीवन की तलाश की जा रही थी। अत्यधिक ठंडा व जल के विशाल महासगरों से भरा होने के कारण टाइटन को बियाबान निर्जीव बना दिया है।

टाइटन शनि का महासागरीय चंद्रमा है। जिसके भीतर पृथ्वी से भी अधिक जल भरा हुआ है। जिसे लेकर इस उपग्रह पर जीवन की संभावना थी। इस पर अध्ययन इसलिए भी तेज हुए, क्योंकि यह पृथ्वी का नजदीकी ग्रह है। जिस पर पहुचना आसान था। वर्तमान में वैज्ञानिक हमारे सौर परिवार से बाहर दूर दराज के तारों के चक्कर काट रहे ग्रहों में जीवन की तलाश कर रहे हैं। मगर टाइटन में नजदीक होने के कारण यह हमारी आकांक्षा की पूर्ति कर सकता था। इसलिए नासा कई दशकों से इसकी जांच पड़ताल में जुटा हुआ था। जिसे लेकर अंतरीक्ष यान कैसिनी को विशेषतौर पर इस उपग्रह पर भेजा गया था। टाइटन ने इस उपग्रह पर हैरान करने वाली अनेक जानकारियां जुटाई थी। वैज्ञानिकों के अनुसार टाइटन के महासागर का आयतन पृथ्वी के सभी महासागरों से 12 गुना अधिक है। मगर इतना अधिक जल जीवन के लिए बंजर हो सकता है। नए अनुसंधान के अनुसार टाइटन के भूमिगत महासागर और बाहरी सौर मंडल में अन्य बर्फीले चंद्रमाओं के अंदर के समान महासागरों में जीवन के लिए आवश्यक कार्बनिक रसायन की कमी हो सकती है। टाइटन शनि का सबसे बड़ा चंद्रमा है , जो सौर मंडल में दूसरा सबसे बड़ा चंद्रमा है। यह पेट्रोकेमिकल के धुएं में घिरा होने और इसकी सतह पर कार्बनिक अणुओं के साथ कार्बन है । मगर यह अत्यधिक ठंडा है। इसकी सतह का तापमान -179 डिग्री सेल्सियस है। इतनी ठंडी स्थितियों में, जीवन के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएँ बहुत धीमी गति से आगे बढ़ती हैं।

शनि ग्रह के साथ उपग्रह टाइटन।

कैथरीन नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम ने किया शोध

कनाडा के ओंटारियो स्थित वेस्टर्न यूनिवर्सिटी की कैथरीन नीश कहती हैं कि जहां तरल पानी है, वहां जीवन हो सकता है। जिस कारण इस उपग्रह पर लंबे समय से अध्ययन किये जा रहे हैं और भविष्य में भी जारी रहेंगे। नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम द्वारा शोध किया गया था।

विपक्षी नेता नवलनी की मौत के जिम्मेदार पुतिनः बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मुखर आलोचक कहे जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई। नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे, इसी दौरान उनकी मौत हो गई। लेकिन नवलनी की मौत को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा कि नवलनी के साथ जो हुआ वह पुतिन की क्रूरता का सबूत है और अब किसी को मूर्ख ना बनाया जाए। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि अगर उनकी मौत की खबरें सच हैं और मेरे पास यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि वे सच नहीं हैं, क्योंकि हम पुतिन की क्रूरता को जानते हैं और यूक्रेन इसका उदाहरण है।

कौन थे एलेक्सी नवलनी

नवलनी को पुतिन का घोर विरोधी माना जाता है और उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास किए थे। 1976 में जन्मे नवलनी ने कानून की पढ़ाई की और एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान स्थापित की, लेकिन साल 2008 में उन्होंने एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। इसी एक ब्लॉग की बदौलत उनकी लोकप्रियता में दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से इजाफा हुआ। साथ ही सरकार में शामिल कई नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों को इस्तीफा भी देना पड़ा था।